सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-19 अंक-60 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, मंगलवार, 19 अगस्त 2025
24 सफर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# प्रधानमंत्री ने की अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक

**■ आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक में मोदी ने अहम मुद्दों पर मंथन किया**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की ओर से भारत के निर्यात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ के बीच सोमवार को आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी) की बैठक की। सूत्रों के हवाले से सामने आई जानकारी के अनुसार इस बैठक के दौरान अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित सात केंद्रीय मंत्री शाम 6.30 बजे पीएम मोदी के आधिकारिक आवास सात, लोक कल्याण मार्ग पहुंचे। बैठक में कई वरिष्ठ आर्थिक मामलों के जानकारों और अर्थशास्त्रियों ने भी भाग लिया। फिलहाल इस संबंध में आधिकारिक एलान नहीं हुआ है, लेकिन ईएसी यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दूसरी ओर, चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भी आज से दो दिवसीय भारत यात्रा शुरू हुई है। यह यात्रा विदेश मंत्री एस जयशंकर की रूस यात्रा से कुछ दिन पहले हो रही है। भारत और अमेरिका के बच व्यापारिक संबंधों में अनिश्चितता बढ़ने के बाद नई दिल्ली बीजिंग और मॉस्को के साथ संबंधों को नए आयाम देने की कोशिश में है।

ईएसी की बैठक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत के निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने और रूस से तेल खरीदने के कारण 27 अगस्त से इस टैरिफ को दोगुना करके 50 प्रतिशत करने की की धमकी के बीच हो रही है। अमेरिकी टैरिफ के कारण रत्न व आभूषण और वस्त्र व जूते जैसे 40 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-छूट वाले भारतीय निर्यात प्रभावित होने की आशंका है।

## ट्रंप के टैरिफ से 7.38 प्रतिशत निर्यात होगा प्रभावित

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है। इसके दायरे में भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले 70 फीसदी सामान आते हैं। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (आईसीआरआईईआर) के विश्लेषण से पता चलता है कि ये आंकड़े भारत के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 1.56 प्रतिशत और उसके कुल निर्यात का 7.38 प्रतिशत हैं तथा 3.9 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए कोई संकट नहीं है। यह भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद ने अपनी रिपोर्ट में कहा है। इसे अशोक गुलाटी, सुलक्षणा राव और तनय सुंतवाल ने नेविगेटिंग ट्रंप्स टैरिफ ब्लो शीर्षक से तैयार की है। इनके मुताबिक टैरिफ का प्रभाव श्रम प्रधान और उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों जैसे-कपड़ा और परिधान, रत्न और आभूषण, ऑटो पार्ट्स और कृषि उत्पादों पर पड़ेगा। जिससे एक प्रमुख निर्यात बाजार में इसकी प्रतिस्पर्धी स्थिति खतरे में पड़ रही है। 11.9 अरब अमेरिकी डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात को तुर्की, वियतनाम और थाईलैंड जैसे आपूर्तिकर्ताओं के सामने भी ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका को भारत के निर्यात का 3 प्रतिशत हिस्सा ऑटो पार्ट्स सेक्टर से जाता है। यह सेक्टर भी असुरक्षित है।

# शुभांशु शुक्ला ने पीएम से की मुलाकात

**■ अंतरिक्ष यात्रा के बारे में दी जानकारी**



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में जाकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार शाम को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया। साथ ही उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा और उनके अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पीएम मोदी को अपने प्रयोगों से भी अवगत कराया।

पीएम मोदी ने शुभांशु शुक्ला का गर्मजोशी से स्वागत किया। वे उनके कंधे पर हाथ रखकर उनके साथ चले। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री को एक्सिओम-4 मिशन का मिशन पैच और वह भारतीय तिरंगा भेंट किया जो वे अपने साथ आईएसएस ले गए थे। शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी को टैबलेट पर आईएसएस से ली गई तस्वीरें भी दिखाई। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि शुभांशु शुक्ला के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने अंतरिक्ष में उनके अनुभवों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ-साथ भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित कई विषयों पर चर्चा की। भारत को उनकी उपलब्धि पर गर्व है।

शुभांशु रविवार सुबह भारत लौटे थे। वतन वापसी पर उनका दिल्ली एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और इसरो प्रमुख वी नारायणन समेत बड़ी संख्या में लोग स्वागत करने पहुंचे थे। शुभांशु की पत्नी कामना और बेटा कियाश भी उनका स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थे।

# लखनऊ में लगेगा रोजगार महाकुंभ, मिलेगी नौकरी

**लखनऊ।** राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 26 से 28 अगस्त तक रोजगार महाकुंभ का आयोजन होगा। इसके प्रचार-प्रसार के लिए श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को विधान सभा से रोजगार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के तहत युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य है।





आप सभी को स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ
बुंदेलखंड डाइग्नोस्टिक सेंटर, बाँदा
आपके स्वास्थ्य की सटीक जाँच, हमारी जिम्मेदारी
हमारी सुविधाएँ :
अल्ट्रासाउंड
अत्याधुनिक पैथोलॉजी
सीटी स्कैन
सभी प्रकार की जाँचें उचित दर पर विशेषज्ञों द्वारा
विश्वसनीयता और गुणवत्ता - हमारी पहचान
पता : महाराणा प्रताप चौक, बाँदा

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ
बालाजी डाइग्नोस्टिक सेंटर
ए-ब्लॉक, आवास विकास, बाँदा
संचालक : प्रो. धीरेंद्र सिंह
यहाँ उपलब्ध सुविधाएँ :
सटीक एवं आधुनिक जाँचें
अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण
विश्वसनीयता और गुणवत्तापूर्ण सेवा
आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता
पता : ए-ब्लॉक, आवास विकास, बाँदा













स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
स्वास्थ्य ही सच्ची आज़ादी है
शिवकृष्ण मल्टीसिटी हॉस्पिटल, बाँदा
आप सभी जनपदवासियों को
15 अगस्त - स्वतंत्रता दिवस, की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता है
हमारे संकल्प :
स्वस्थ समाज का निर्माण
नवीन चिकित्सा सुविधाएँ
मरीजों की सेवा ही हमारी प्राथमिकता
आपका विश्वास, हमारी ताकत
पताः शिवकृष्ण मल्टीसिटी हॉस्पिटल, नरैनी रोड, बाँदा

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ. नीलम सिंह
वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ
अवनी परिधी हॉस्पिटल, बाँदा
हमारा प्रयास – नार्मल डिलीवरी, हमारी प्राथमिकता
सुरक्षित मातृत्व – स्वस्थ शिशु
पताः अवनी परिधी हॉस्पिटल, महाराणा प्रताप चौक , आवास विकास बाँदा





















# समाधान दिवस में कुल 53 शिकायती आयी मात्र 08 का मौके पर निस्तारण किया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पलिया के सभागार में डीएम



दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और मृदा कार्ड सौंपे जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी इस समाधान दिवस में कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 28, पुलिस विभाग की 11, विद्युत विभाग की चार, विकास विभाग की 03, नगर निकाय और आपूर्ति की 02-02, अन्य की 03 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान डीडी दुधवा, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, सीओ यादवेंद्र यादव, पीडी एसएन चौरसिया, तहसीलदार ज्योति वर्मा सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर शाखा में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय तिरंगे का ध्वजारोहण लखनऊ पब्लिक स्कूल के जनरल मैनेजर हर्षित सिंह द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत %यह जो देश है तेरा ..., झुकना पाऊं भले मिट जाऊंगा मैं..., आजादी के लिए नस-नस में बहे तू वतन.... आदि की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने सभी को रोमांचित कर दिया। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल के जनरल मैनेजर हर्षित सिंह ने राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वो और कर्तव्यों को उत्कृष्टता के साथ निर्वाहन करने का आवाहन किया। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने सभी को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी। समारोह के अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गौ पूजन, मुख्य विकास अधिकारी ने बांटे रेनकोट

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शनिवार को पूरे जनपद में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण रहा। इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने रजागंज घुंघची स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल पहुंचकर गौ पूजन किया सीडीओ ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गौ माताओं को गुड़, चना और फल खिलाए। उन्होंने कहा कि गौवंश हमारी संस्कृति और जीवन परंपरा का अभिन्न अंग हैं। गौ सेवा न केवल धर्म है बल्कि समाज का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आश्रय स्थलों पर गौवंश की देखभाल, आहार और चिकित्सा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए इस दौरान उन्होंने आश्रय स्थल में कार्यरत केयर टैंकरों (गौसेवकों) को वर्षा ऋतु को देखते हुए रेनकोट भी वितरित किए, ताकि वे प्रतिकूल मौसम में भी सेवा कार्य को सहजता से कर सकें सीडीओ की पहल से प्रेरित होकर जिले के सभी गौशालाओं में भी जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष गौ पूजन कार्यक्रम आयोजित किए



गए। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गौ माताओं को गुड़, चना एवं फल अर्पित किए। पूरे जनपद में दिनभर धार्मिक उत्साह बना रहा। मंदिरों में राधा-कृष्ण की झांकियों, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना के साथ पर्व हर्षोल्लास के माहौल में सम्पन्न हुआ।

## वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 316/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी0 एक्ट से संबंधित अभि0 शोभित वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर अपनी पत्नी को जहर पीला देने जिससे उसकी पत्नी की मृत्यु हो जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत था तथा अभियुक्त मुकदमा उपरोक्त में वांछित था। अतः अभि0 को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर न्या0 के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

## असामाजिक तत्वों ने पुलिस को सीधी चुनौती देते हुए की तीन राउंड हवाई फायरिंग

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में रविवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने पुलिस को सीधी चुनौती देते हुए पुलिस चौकी सेठघाट से महज कुछ कदमों की दूरी पर तीन राउंड हवाई फायरिंग कर दी। गोलियों की गूंज सुनकर आसपास के मोहल्लों में दहशत फैल गई। लोग घरों से बाहर नहीं निकले और किसी अनहोनी की आशंका से सहमे रहे। मौके पर यूपी 112 के साथ पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने युवकों की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस अब आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है घटना रात करीब 12 बजे की है। सेठघाट रोड पर मोहल्ला दुर्गापुरवा के निकट पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर धोबीघाट के पास कुछ युवकों ने हवाई फायरिंग की। मोहल्ले के लोगों के मुताबिक फायरिंग तीन राउंड हुई। फायरिंग की आवाज सुनकर लोग सहम गए। उनमें दहशत व्याप्त हो गई। किसी अनहोनी की आशंका के चलते उन्होंने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। इससे पुलिस में हड़कंप मच गया। शहर कोतवाल , मिश्राना चौकी इंचार्ज , सेठघाट चौकी इंचार्ज भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायरिंग करने वालों की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने आसपास और रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

### श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया चेहल्लुम

**लखीमपुर-खीरी।** कुकरा कस्बे में चेहल्लुम का त्योहार इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ताजियों का आगमन 20 अगस्त को चौक पर होगा। इसके बाद 21 अगस्त को ताजिए रखे रहेंगे तथा 22 अगस्त को सुपुर्दे-ख़ाक किए जाएंगे। इसी दिन परंपरागत जुलूस भी निकाला जाएगा। त्योहार को लेकर कस्बे में रौनक बढ़ गई है। जगह-जगह बच्चों के झूले लग चुके हैं, जिन पर बच्चे मस्ती करते नज़र आ रहे हैं। बाजारों में तरह-तरह की दुकानें सजने लगीं हैं। जिस दिन ताजिया चौक पर आता है, उस दिन चौक को विशेष रूप से सजाकर पार्कनुमा स्वरूप दिया जाता है रोशनी और सजावट से पूरा इलाका जगमगा उठता है।

## पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है भारतङ्कनेपाल सीमा क्षेत्र में घटित एक लूटकांड

**लखीमपुर-खीरी।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में घटित एक लूटकांड अब पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। निघासन क्षेत्र के गांव मुझहा में ग्रामीणों ने आर्मी लिखी बाइक सवार एक युवक को दो नेपाली नागरिकों से सात हजार रुपए लूटने के आरोप में पकड़कर पुलिस को सौंपा। इतना ही नहीं उसे पेड़ से बांधकर जमकर पीटा। पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, लेकिन आश्चर्य की बात यह रही कि पुलिस ने मामले में न तो गहन जांच की, न ही लूट की रिपोर्ट दर्ज की। उल्टे आरोपी को केवल शांति भंग की धारा में चालान करने का ताना बाना बुन दिया।ग्रामीणों के अनुसार युवक ने खुलेआम नेपालियों से रुपए छीने और भागने की कोशिश की। गुस्साए ग्रामीणों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। आरोप है कि युवक की बाइक पर आर्मी लिखा था, जिससे उसके इरादों पर और भी शक गहरा गया। बताते हैं कि पकड़ा गया इसी कोतवाली के गांव बरसोला निवासी वसीम के साथ दो अन्य युवक भी थे। तीनों युवक काफी समय से खुद को आर्मी का जवान बताकर नेपाल सीमा पर सक्रिय थे और नेपालियों को निशाना बनाते थे। लुटा पिटा नेपाली नागरिक कानूनी झंझट में न पड़ने के कारण पुलिस को तहरीर नहीं देता है। बताते हैं कि इसी बात का लाभ आरोपी उठाते थे। पकड़े गए युवक की पिटाई से लगी चोटों का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण तो कराया, लेकिन लूट की तहरीर न मिलने का बहाना बनाकर गंभीर आरोप को नजरअंदाज कर दिया ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर मौजूद नेपालियों ने यूपी 112 पुलिस से रुपए छीने जाने की शिकायत की थी, बावजूद इसके पुलिस ने उनके बयान दर्ज नहीं किए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने जानबूझकर मामला दबा दिया और आरोपी को बचाने का काम किया। लोगों का कहना है कि सीमा क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं आए दिन हो रही हैं, लेकिन पुलिस उन पर सख्ती से कार्रवाई करने के बजाय लीपापोती कर देती है।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मनीषा कुमारी को सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने बजाज चीनी मिल की नीलाम होने वाली संपत्ति पर सरकार का कब्जा सुनिश्चित कराने और किसानों को नीलामी में शामिल करने की मांग उठाई है। इस संबंध में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मनीषा कुमारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2021-22 में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड पर 37,131.60 लाख रुपये व ब्याज की वसूली प्रमाण पत्र जारी किया गया था। इसके बाद तत्कालीन एसडीएम व तहसीलदार द्वारा नीलामी का गजट प्रकाशित भी कराया गया, जिसमें मिल की चल व अचल संपत्ति को कुर्क करने का उल्लेख था। लेकिन तहसील और गन्ना विभाग की मिलीभगत के कारण अब तक संपत्ति कुर्क नहीं की गई, जबकि उस पर करोड़ों रुपये की फसल खड़ी है। किसानों की मांग है कि कुर्क संपत्ति और उस पर खड़ी फसल को तत्काल सरकारी कब्जे में लिया जाए। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि खम्भारखेड़ा स्थित चीनी मिल की भूमि की 18 अगस्त को प्रस्तावित नीलामी मनमाने ढंग से तय की गई है। न तो इसके लिए गजट प्रकाशित किया गया, न ही नीलामी स्थल, समय, अग्रिम धनराशि जमा करने की प्रक्रिया तथा भूमि की वास्तविक स्थिति (गाटा संख्या व रकबा) की जानकारी सार्वजनिक की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, जयपाल सिंह यादव, शिवदयाल वर्मा, संतोष सिंह भदौरिया, अनिल वर्मा, लालू राम वर्मा, जय सिंह यादव, रामसागर वर्मा, थान सिंह, इंद्रजीत वर्मा, कामनाथ वर्मा, महेंद्र सिंह सहित कई किसान शामिल थे।

# पत्रकारों का धरना रंग लाया, कलमकारों की हुई जीत

## लाइफलाइन अस्पताल के डॉक्टर चाहल ने मांगी माफी ।पत्रकारों ने दिखाई दरियादिली

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** लाइफ लाइन हॉस्पिटल में चिकित्सकों व पत्रकारों के बीच हुए विवाद का आज तहसील प्रांगण में आपसी समझौता हो गया। तहसील परिसर में आज सुबह 10 बजे से मीडिया कर्मियों ने देर शाम तक धरना-प्रदर्शन किया, जिसमें काफी संख्या में मीडिया कर्मी मौजूद रहे। वहीं, किसान यूनियन के फुरकान खान, किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन तोमर, इफ्तेखार पहलवान, चौधरी सहित उत्तराखंड से आए पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलशाद अली, मुख्तार मालिक, समाजसेवी सनाउल्लाह मंसूरी सहित कई संगठनों के लोगों ने आकर पत्रकारों के धरना-प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। धरना-प्रदर्शन के बाद, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह की मौजूदगी में पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में अस्पताल पक्ष व मीडिया कर्मियों के बीच वार्ता हुई। इसके बाद



दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दी गई तहरीर को वापस ले लिया। इस मौके पर, लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डॉक्टर अशोक चाहल ने 13 तारीख को अस्पताल में हुई कहा-सुनी/विवाद पर खेद व्यक्त किया तथा भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने का भरोसा दिलाया। पत्रकारों की ओर से पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, थाना अध्यक्ष मंडावली राम प्रताप सिंह की मौजूदगी में मीडियाकर्मी नौशाद मुल्तानी, नरेंद्र सिंह, नासिर कुरैशी, नईम सिद्दीकी, जीशान नजीबाबादी एवं लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डॉक्टर अशोक चाहल, हर्ष चौधरी, प्रियक अमित कुमार, निशांत राठी के बीच हुई वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी ओर से मंडावली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र को वापस लेने पर सहमति बनाई, तथा जो दोनों पक्षों की ओर से मेडिकल परीक्षण कराया गया था, उसको भी निरस्त करने की लिखित तहरीर मंडावली थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह को दी गई। लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डॉक्टर अशोक चाहल ने सीओ कार्यालय के बाहर मौजूद पत्रकारों के बीच पहुंचकर चार दिन पूर्व हुई घटना पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार भी हमारे समाज का अंग हैं और हमारे भाई-बंधु हैं। आगे ऐसी कोई पुनरावृत्ति नहीं होगी। इस मौके पर इरफान अंसारी, जितेंद्र जैन, अवधेश शर्मा, टी एस मालिक, डॉक्टर आफताब नोमानी, अफजाल अहमद, शहजाद नोमानी, शाही अराफात, जकी मालिक, विपिन ठाकुर, अशरफ अली, जीशान नजीबाबादी, रामोद कुमार, अंकित शर्मा, विकास चौधरी, राजवीर सिंह, संजीव ठाकुर, शाकिर कुरैशी, मुस्तकीम अहमद, अक्की चांद, मोहम्मद हाशिम, चेतना गुप्ता, सपना वर्मा, नरेंद्र सिंह, सतीश वर्मा, अर्पित वर्मा, सोमपाल सिंह, शेर अली, इकबाल अहमद, सूरज सिंह, सरफराज अब्बासी, इकराम अहमद, अनुकूल शर्मा, नवाब अली, राजपाल चौहान, शहजाद मालिक, अनिल सक्सेना, महमूद रज़ा, पवन कुमार, संतराम शर्मा, आफताब अहमद, शाहनवाज अहमद, प्रशांत अहलावत, साकिब जैदी, हिमांशु जोशी, सुनील कुमार, जीशान अहमद, लोकेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

# भारती किसान यूनियन टिकैत ने तहसील परिसर में की पंचायत

## स्मार्ट मीटर लगाना बंद करे अन्यथा होगा बड़ा आंदोलनः दिनेश कुमार





*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान टिकैत ने तहसील परिसर में अपनी अपनी मांगों को लेकर मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने एक-एक कर पंचायत के सामने अपनी समस्या रख और संबंधित अधिकारियों से समस्याओं का समाधान मांगा। पंचायत के दौरान संगठन के विस्तार के बारे में जोर दिया गया। सुनील कुमार ने कहा कि एकता में ही जीत होती है इसलिए सभी किसानों को मिलजुल कर अपने हक की लड़ाई लड़नी चाहिए एकता में ही जान है। विरेश राणा ने भी संगठन पर जोर डालते हुए कहा कि अगर अधिकारियों से लड़ना है और जितना है तो हमें एकजुट होना चाहिए अगर हम एकजुट होंगे तो हम अपनी लड़ाई जीतेंगे। अगर हमारी समस्याओं का समाधान हमारे इस पंचायत में नहीं हुआ तो हम धरना करने के लिए बाध्य होंगे। अन्य किसान वक्ताओं ने अपनी अपनी वाणी में अपनी समस्याओं को जैसे गन्ने की घटतोली, बिजली समस्या, सड़कों की खस्ता हालत, जंगली जानवरों का भय बाढ़ से प्रभावित हुई फैसलों का मुआवजा आदि की मांगों को लेकर हल्ला बोला। किसानो ने एक आवाज होकर कहा कि जब तक भ्रष्ट अधिकारियों का सही तरीके से इलाज नहीं होगा तब तक किसान चैन से नहीं बैठेंगे। किसानों का हल्ला बोल देख अधिकारियों को मौके पर आना पड़ा जिसमे बिजली एक्शन राम परमार नजीबाबाद, रेंजर राहुल कुमार, गन्ना सचिव आदि मौके पर आकर पल्ले पर बैठे। बिजली विभाग को हड़काते हुए दिनेश कुमार प्रदेश महासचिव ने कहा कि स्मार्ट मीटर कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे उन्होंने सभी किसानों से कहा की अगर कोई भी बिजली विभाग का कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने आता है तो उसे बंधक बना ले। उन्होंने आगे कहा कि जो भी किसानों की समस्याएं हैं उनका निस्तारण अभी मौके पर करेंगे अन्यथा आपको किसानो के बीच से जाने नहीं दिया जाएगा। वहीं जिला महासचिव नरदेव ने कहा कि कोई भी अधिकारी तहसील का हो नजीबाबाद का हो या फिर बिजनौर शासन प्रशासन का हो हमें धमकाने और डंडे दिखाने का काम न करें अगर कोई भी हमें डंडे दिखाएगा तो हम उसका स्वागत दिल खोलकर करेंगे।

## 2027 के चुनावों के लिए खुर्शीद मंसूरी को मिला उलेमाओं का समर्थन



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद क्षेत्र में उलेमा-ए-कराम और इमाम हज़रात का एक ऐतिहासिक प्रोग्राम सम्पन्न हुआ। प्रोग्राम में भारी तादाद में उलेमा, बुजुर्ग और नौजवानों ने शिरकत की। प्रोग्राम का मौज़ू मौलाना हज़रत सियासत से दूर क्यों हैं और उन्हें सियासत में लाना क्यों ज़रूरी है। वक्ताओं ने हज़रत मुहम्मद की मदीना की हुकूमत, हज़रत उमर फ़ारूक़ रज़ि. और हज़रत अली रज़ि. की इंसाफ़ पसंद सियासत को मिसाल बताते हुए कहा कि दीन और सियासत को अलग नहीं किया जा सकता। उलेमा हज़रात ने अपने खिताब में कहा कि आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद नगीना भाई चंद्रशेखर आज़ाद मुस्लिमों के हर मुद्दे पर बुलंद आवाज़ उठाते हैं चाहे वह वक्फ बोर्ड का मामला हो, हिजाब का मसला, UCC/NRC का मुद्दा, आज़म खान की लड़ाई या मोब लिंचिंग की घटनाएँ।

उन्होंने कहा कि अब वक़्त आ गया है कि 2027 में नजीबाबाद से आज़ाद समाज पार्टी का विधायक बनाया जाए। उलेमा ने अफ़सोस जताया कि वर्तमान विधायक तस्लीम आज तक मुस्लिम समाज का एक भी मुद्दा विधानसभा में नहीं उठा सके।

# उर्स-ए-रज़वी 2025ॅ बरेली में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम, शहर चार सुपर जोन और 29 सेक्टरों में बांटा गया

*अवधनामा संवाददाता*

दो हजार पुलिसकर्मी तैनात, ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी

**बरेली।** 107वें उर्स-ए-रज़वी के मौके पर बरेली में लाखों जायरीन (श्रद्धालुओं) के पहुंचने की उम्मीद है। प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। शहर को चार सुपर जोन, आठ जोन और 29 सेक्टरों में बांटा गया है। इसके लिए बरेली समेत पूरे जोन के जिलों से करीब दो हजार अतिरिक्त पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं। उर्स के साथ ही 19 अगस्त को निकलने वाली गंगा महारानी शोभायात्रा को देखते हुए भी प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि उर्स-ए-रज़वी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में चार एएसपी, 12 सीओ, 60 इंस्पेक्टर, 250 दरोगा, 1350 आरक्षी और मुख्य आरक्षी, 150 महिला आरक्षी, 25 ट्रैफिक इंस्पेक्टर व टीएसआई और 150 ट्रैफिक सिपाही ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा कुछ पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों में भी तैनात किया गया है, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई हो सके। पुलिस ने सभी अधिकारियों और जवानों को ब्रीफिंग देकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जायरीन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसके लिए भीड़ नियंत्रण, महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती और रिज़र्व बल की व्यवस्था की गई है।

उर्स और शोभायात्रा के दौरान ड्रोन कैमरों से छतों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर नजर रखी जाएगी। वहीं, सार्वजनिक स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी लगातार मॉनिटरिंग होगी। सोशल मीडिया पर भी खास निगरानी रखी जाएगी। किसी ने अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की है। उन्होंने बताया कि 16 जोनल, 56 सेक्टर और 28 मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। सौ मजिस्ट्रेट उर्स और शोभायात्रा पर नज़र रखेंगे।

डीएम ने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने और दो पालियों में ड्यूटी करने के निर्देश दिए। मजिस्ट्रेट को तब तक ड्यूटी छोड़ने की अनुमति नहीं होगी, जब तक दूसरा अधिकारी मौके पर तैनात न हो जाए। किसी भी समस्या पर तुरंत कंट्रोल रूम नंबर 5812428183 और 5812422202 पर जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं, एंबुलेंस और इमरजेंसी रिस्पांस टीम की पर्याप्त व्यवस्था की है। उर्स कमेटी के पदाधिकारियों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा देने की तैयारी की गई है।

## उर्स-ए-रज़वी पर आला हजरत वेलफेयर सोसाइटी की जानिब से सालाना लंगर का आगाज़

**बरेली।** 107वें उर्स-ए-रज़वी के मौके पर आला हजरत वेलफेयर सोसाइटी की जानिब से इस साल भी सालाना लंगर का इंतज़ाम किया गया है। यह सिलसिला लगातार पिछले 23 सालों से जारी है और समाजसेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश करता आ रहा है।सोसाइटी के ज़िम्मेदारान ने जानकारी दी कि लंगर चार दिन तक इस्लामिया स्कूल के अंदर जारी रहेगा, जिसमें दूर-दराज़ से आने वाले उर्स के मेहमानों की खिदमत की जाएगी। हर साल की तरह इस बार भी कमेटी के तमाम सदस्य तन-मन से मेहमाननवाज़ी में जुटे हुए हैं।

आला हजरत वेलफेयर सोसाइटी के सदर हसीन अहमद रिज़्वी ने बताया कि यह लंगर महज़ खाने का इंतज़ाम नहीं बल्कि इंसानियत और मोहब्बत का पैग़ाम है। उन्होंने कहा कि आला हजरत की तालीमात हमें इंसानियत की सेवा का सबक देती हैं और इसी लंगर को आगे बढ़ाते हुए यह सिलसिला जारी रखा गया है।

कमेटी का कहना है कि उर्स-ए-रज़वी न सिर्फ़ आध्यात्मिक महफ़िल है बल्कि एकता, भाईचारे और इंसानियत की तालीम का ज़रिया भी है। इसी मक़सद से लंगर का यह आयोजन हर साल बड़े पैमाने पर किया जाता है ताकि कोई भी मेहमान भूखा न लौटे और आला हजरत के पैग़ाम-ए-मोहब्बत को अमली जामा पहनाया जा सके।

कमेटी के संस्थापक रियासत बैग, मौलाना मुजीबुर रहमान, कैसर अली, सफीकुल अहमद, समसुल राजा खान, इमरान राजा खान, जहीरूद्दीन, अरशद अली, मोहम्मद मदनी, रिज़्वान, अरशद खान, हाफिज राशिद अली, गुलाम-ए-मुस्तफा, तालिब और यासीन समेत तमाम लोग मेहमानों की खिदमत में दिन-रात लगे हुए हैं।

# संपूर्ण समाधान का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। डीएम साहिबा ने तहसील नजीबाबाद के भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने




जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और ज़िम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 19 शिकायतें दर्ज की गयीं।

# सबके जीवन में खुशहाली सरकार का संकल्प, जनता दर्शन में सीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- निस्तारण के लिए अफसरों को दिए निर्देश
- कब्जामुक्त कराएं गरीब की जमीन, दबंगों पर हो कानून सम्मत कड़ा एक्शन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान कई जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सबके जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जनता दर्शन में सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी गरीब की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए।

सोमवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंग द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। गरीब की जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की तरह कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उसकी मदद की जाए।

## फर्जी आईडी बनाकर विधायक पूजा पाल को दी धमकी

**प्रयागराज।** सपा की निष्कासित विधायक पूजा पाल पर अभद्र टिप्पणी करने, सोशल मीडिया पर ट्रोल करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नाराज पूजा पाल ने कर्नलगंज थाने में उमेश यादव नामक शख्स के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले में जांच तेजी से आगे बढ़ा रही है।

हालांकि अब तक की जांच से जो कहानी सामने आ रही वह अजीब है। पूजा पाल ने जिस उमेश यादव पर केस दर्ज कराया है, वह फेसबुक आईडी के मुताबिक है। जबकि जांच में कहा जा रहा है कि उमेश यादव की आईडी फर्जी बनाई गई। विवेक सिंह ने यह कारनामा किया। विवेक ने उमेश यादव की फर्जी आईडी तैयार कर पूजा पाल पर अभद्र, अश्लील कमेंट्स किए ताकि जाति विशेष को लेकर हंगामा खड़ा हो। हालांकि अब तक साफ नहीं है कि पूजा पाल को धमकी, अभद्र टिप्पणी करने वाला कौन है। अभी तक आईडी की जांच हो रही है, इसी में कहानी कुछ और नजर आ रही है। पुलिस इस मामले पर बोलने को तैयार नहीं लेकिन सपा नेता इसे लेकर सोशल मीडिया पर सक्रिय है।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 22 शिकायतों में 04 का मौके पर निस्तारण, फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

कार्यालय संवाददाता



**महोबा।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील महोबा में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 44 में से 04 तथा तहसील चरखारी में उपजिलाधिकारी राम प्रकाश की अध्यक्षता में 11 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शनिवार को अवकाश का दिन होने के कारण सोमवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों की भारी भीड़ जुटी।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर.उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें।

# एएमयू की राजभाषा (हिन्दी) कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता

- विश्वविद्यालय में हिन्दी में मूल पत्राचार टिप्पण, टंकण का कार्य हो रहा

**अलीगढ़।** राजभाषा (हिन्दी) कार्यान्वयन समिति अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की तिमाही बैठक आज सहकुलपति प्रोफेसर एम मोहसिन खान की अध्यक्षता में प्रशासनिक खंड के चयन समिति कक्ष में संपन्न हुई। जिसमें विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्रसार विकास की गति को बढ़ाने और उसकी प्रगति पर चर्चा की गई।

सहकुलपति प्रो. एम मोहसिन खान ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग न केवल संविधानिक दायित्व है बल्कि प्रशासनिक कार्यों को सरल और जनसामान्य के लिए सुलभ बनाने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में हिन्दी में मूल पत्राचार टिप्पण, टंकण आदि का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यथा संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

हिन्दी विभाग की अध्यक्ष एवं राजभाषा (हिन्दी) कार्यान्वयन समिति की सचिव प्रो. तसनीम सुहैल ने स्वागत भाषण में कार्यालयों में हिन्दी को और अधिक प्रभावी रूप से कार्यान्वत करने के लिए कुछ सुझाव भी दिये। एएमयू के हिन्दी अधिकारी डा. असदुल्ला खान ने तिमाही बैठक की कार्य सूची पेश की और विश्वविद्यालय के कार्यालयों में प्रयोग की जा रही हिन्दी की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में कला संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर टीएम सथीसन, डिप्टी डीएस डब्लू प्रो. शमशाद हुसैन, वित अधिकारी नूरउस सलाम, सहायक कंट्रोलर फैसल फरीद व जनसंपर्क कार्यालय से जीशान अहमद भी मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध टुबेको सेल की समीक्षा बैठक संपन्न

अल्ताफ उल्लाह खान

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में एनकोर्ड, एक युद्द नशे के विरुद्ध व एन्टी टैबको सेल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कही भी निकोटिन युक्त दवाओं की बिक्री न हो, रेंडमली 100 दुकानों की जाँच की जाए, सारे विद्यालयों में चिल्ड्रेन क्लब प्रहरी बनाये जाये, सभी मेडिकल स्टोरों पर सी0 सी0टी0वी0 कैमरे लगाए जाये, सभी भाँग की दुकानों पर भी सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाए जाए, खुली बीड़ी सिगरेट बेचने बालो पर जुर्माना लगाया जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक, व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषकों को दी वैज्ञानिक ढंग से फलों एवं पुष्प की खेती की जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाने में उद्यानिकी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज में उद्यान विभाग द्वारा ''पर ब्लाक वन क्राप'' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय अधीक्षक राजकीय उद्यान परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर कृषकों को उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं वैज्ञानिक ढंग से फलों एवं पुष्प की खेती के विषय में जानकारी दी गयी।

राजकीय आलू बीज उत्पादन प्रक्षेत्र सैदाबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ कृषकों को हाईटेक नर्सरी के विजिट के साथ ही हाईटेक नर्सरी में उत्पादित रोग मुक्त एवं गुणवत्तायुक्त पौधों की उपलब्धता एवं तकनीकी ढंग से सब्जियों की अगेती खेती करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में विकास खण्ड- करछना, कौधियारा, शंकरगढ़, सहसों, फूलपुर, बहरिया, प्रतापपुर चाका, कौडिहार, सोरांव, भगवतपुर, सैदाबाद, बहादुरपुर, एवं हण्डिया के कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर विभागवार निर्देश, निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- जनता की समस्याओं का संतोषजनक समाधान ही हमारी प्राथमिकता : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** शासन की मंशा के अनुरूप सोमवार को तहसील कोल के सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कृष्णांजलि में किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि शासन की मंशा जनता की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं है, बल्कि यह जनता और शासन-प्रशासन के बीच विश्वास की कड़ी है। संपूर्ण समाधान दिवस में छर्रा विधायक ठा0 रवेंद्र पाल सिंह द्वारा भी शिकायतों व समस्याओं को सुना गया।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता पर निस्तारित करें और आवेदक को समाधान की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि निस्तारण केवल कागज़ों में न होकर व्यवहारिक और संतोषजनक होना चाहिए।

उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, नामांतरण, खतौनी, बंटवारे जैसी शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। कस्बा, गांव-देहात में साफ-सफाई, नाली, सड़कों की मरम्मत और जलभराव से संबंधित समस्याओं को तत्काल प्रभाव से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि चिकित्सालय आए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं, दवाओं की उपलब्धता और अस्पतालों में पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मिड-डे मील की पारदर्शिता और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लेने के भी निर्देश दिए।

# दर्दनाक मंज़रकशी से आँखें अश्कबार

अवधनामा संवाददाता

- प्रयागराज की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बहत्तर ताबूत जुलूस सम्पन्न

**प्रयागराज।** अन्जुमन खुद्दामे मोजिज़नुमा रजिस्टर्ड के तत्वावधान में आज प्रातः 8.00 बजे दरियाबाद स्थित इमामबाड़ा जद्दन मीर साहब से करबला के 72 शहीदों की याद में बहत्तर ताबूत जुलूस पूरी अकीदत व एहतेराम के साथ निकाला गया। मंज़र अल हिन्दी ने सोज़खानी की। 29 वर्षीय ज़रखेज़ नजीब आत्मज नजीब इलाहाबादी ने हजारों सोगवारों को खिताब किया। फिर एक एक करके 72 ताबूत निकाले गये।

प्रत्येक शहीद की वीरता तथा जंग के हुनर जौनपुर से आये मौलाना सैयद इन्तेज़ार आब्दी ने बड़े मार्मिक अन्दाज़ में पेश किया जिससे अकीदतमन्दों की आँखे डबडबा आयीं। श्रृद्धालुओं ने इन ताबूतों पर फूल-माला व सूती कपड़े की चादरें चढ़ाकर मन्नत व दुआएँ मांगी।

प्रयागराज के साथ ही पड़ोसी कौशाम्बी से लगभग पन्द्रह हजार ज़ायरीन अपने साधन से आये और देर शाम तक वापस जाते रहे। मेरठ से आये अली हैदर रिज़्वी व तारिक नकवी ने बताया कि वह इस जुलूस की ज़ियारत के लिए दो दिनों से नगर में रूके थे। देश के अन्य भागों से भी सैकड़ों अकीदतमन्द आए जिसका एहसास उनकी वेश भूषा और बोली से आसानी से हुआ। कार्यक्रम के उपाध्यक्ष एवं मीडिया निदेशक हाजी सैयद अज़ादार हुसैन ने बताया कि 67 दिवसीय अज़ादारी के इस विशालतम जुलूस का असर, पुराने शहर में, व्यापक तौर पर महसूस किया गया और हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के शैदाई गम में डूबे रहे। आज प्रातः हर रास्ता दरियाबाद की ओर आता हुआ दिखाई दिया।

आयोजक संस्था अंजुमन खुद्दामे मोजिज़नुमा द्वारा बहत्तर अलम एक साथ और एक जगह पर नसब किया गया जिस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए अकीदतमंद टूट पड़े। शहंशाहे मुनाजात सैयद शबीहुल हसन जौनपुरी ने बेहतरीन अन्दाज़ में मुल्क व कौम के लिए विशेष दुआएं पढ़कर सबका दिल जीत लिया। एक लाख अकीदतमंद बिना धार्मिक एवं जातिगत भेद-भाव के शरीक हुए। बड़ा ताज़िया, बुडढ़ा ताजिया, ऐतिहासिक मुहर्रम कमेटी, झूला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे। आफताबे निज़ामत नजीब इलाहाबाद ने अपने आठ घंटे के धारा प्रवाह संचालन द्वारा अकीदमतमंदों को बांधे रखा।

नागरिक सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी प्रिन्सिपल जफर अब्बास, ज़ायर हुसैन कुंवर जी, जाफर अब्बास नकवी, एजाज मुस्तफा एडवोकेट, जैन अब्बास, मो0 आलम चांद, इशरत खाँ, जब्बार आब्दी, हैदर कमाल रिज़्वी, अब्यास जंग, जफर कौनेन एडवोकेट आदि आये हुए मेहमानों व अकीदतमंदों की सहायता करते देखे गये। ऐतिहासिक मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष असरार अहमद नियाज़ी की उपस्थिति व योगदान सराहनीय रहा। अंजुमन खुद्दामे मोजिज़नुमा रजिस्टर्ड के अध्यक्ष मौलाना व मुतवल्ली रज़ा हसनैन एडवोकेट, उपाध्यक्ष एवं मीडिया निदेशक हाजी सैयद अज़ादार हुसैन, महामंत्री नजीब रज़ा आदि ने जिला प्रशासन के सहयोग के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा किया है।

## चक्काजाम करने वाले 133 पर एफआईआर

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सोनार अमन सोनी की हत्या के बाद सड़क जाम में शामिल 13 नामजद और 120 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रेम पटेल समेत तीन लोगों ने पैसा देने के बहाने अमन सोनी को हरखपुर नहर पर बुलाया। आरोपियों ने चाकू से उनकी हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया।

मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों ने इस घटना के विरोध में प्रयागराज-फैजाबाद मार्ग पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें तीन एंबुलेंस भी फंस गईं। राहगीरों की मदद से एक हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, वे शांत नहीं बैठेंगे। पुलिस के अनुसार हत्या का कारण रुपयों का लेन-देन है। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। दोपहर 3 बजे तक प्रदर्शनकारी हाईवे पर डटे रहे, जबकि पुलिस उन्हें समझाने का प्रयास करती रही।

# डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनी गई




समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 33, पुलिस की 04, विकास विभाग की 01, विद्युत विभाग की 02 व अन्य विभागों की 12 शिकायते कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संवंधित अधिकारियो को दिये।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी व संवंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गरीब की भूमि हड़पने वाले मनबढ़ के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन




**गोरखपुर ।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा भरसाड टोला गोपालपुर के ग्रामीणों ने गरीब की भूमि हड़पने वाले मनबढ़ के खिलाफ करीब दो दर्जन की संख्या मे ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नन्दन तिवारी को ज्ञापन सौप कर मनबढ के खिलाफ कारवाई करने की मांग किया है।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संजय यादव ने कहा कि गाटा संख्या 140 सह संक्रिणीय भूमि है। उसी का फ़ायदा उठाकर मनबढ़ भूमि हड़पना कोछा रहे है। घारा 24 के आदेश के बाद मनबढ़ राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को गुमराह कर रहा है। जब भूमि सीमांकन करने के लिए राजस्व टीम जाती है तो मनबढ़ मारपीट फौजदारी पर आमादा हो जा रहा है। प्रशासन से मांग है की भूमि को सीमांकन कराकर गरीबो को न्याय दिलाया जाय। प्रदर्शन करने वालो मे प्रहलाद, बासमती, जवाहिर, परमहंस, शोभा देवी, गुड्डी, कर्मदानी, रामनयन, गौरी , शनकर, गुडू यादव, संदीप यादव, सहित अनेक ग्रामीणों मौजूद थे।

## निर्माण कार्य का विरोध करने पहुची महिला को पीटा सात पर के दर्ज

**गोरखपुर ।** गीडा थाना क्षेत्र के नौसड मे जबरन भूमि का कब्जा कर रहे विपक्षी को महिला ने निर्माण कार्य रोकने को कहा तो आधा दर्जन से अधिक संख्या मे विपक्षी उस मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के नौसड निवासी विंदु पत्नी रामप्यारे के खेत मे 29 जून को मनबढ़ जबरन निर्माण कार्य करा रहे थे। जिसका महिला ने विरोध किया तो आरोपी उस गाली गुप्ता देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

## सम्पूर्ण संगम दिवस पर 55 मामले आये, 5 का हुआ निस्तारण

**गोरखपुर ।** सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सहजनवा मे अध्यक्षता एडीएम राजस्व एवं वित्त विनीत कुमार सिंह ने किया। इस दौरान 55 मामले आये थे। जिसमे 5 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 38, पुलिस 10, अन्य 2 मामले आये थे। राजस्व सम्बन्धित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। पुलिस के मामले की जाँच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी केशरी नंदन तिवारी, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, बीडीओ बृजेश यादव सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## सत्यवीर सिंह राजपूत ने बाढ़ पीड़ितों को राशन सामग्री वितरित की



**अता उल्लाह खान संवाददाता, फर्रुखाबाद।** विकासखंड कायमगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचरौली महादेवपुर प्रधान पद के उम्मीदवार सत्यवीर सिंह राजपूत ने अपने समर्थकों के साथ बाढ़ पीड़ितों को राशन वितरण किया। इस मौके पर विनोद कुमार नन्हें लाल अखिलेश ओमबीर मन्जू शिवकुमार नीतेश पवन वेदराम राजपूत छोटेलाल राजपूत रामनाथ यादराम सौरभ राजपूत लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री द्वारा जन चौपाल को संबोधित किया गया

जया उल्लाह खान संवाददाता




**फरुखाबाद।** कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी द्वारा संचालित पीडीए अभियान के तहत आज एक भव्य पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर पंचायत नवाबगंज के नहरोसा स्थित वीरा कृषि सेवा केंद्र पर समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने मुख्य अतिथि आदरणीय सर्वेश अंबेडकर प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी, पूर्व मंत्री एवं कायमगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी का पदाधिकारियों और ग्रामवासियों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया।

सभा स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समाजवादी समर्थक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सर्वेश अंबेडकर ने अपने विचार रखते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र को कमजोर किया है और संविधान की मूल भावना पर आघात किया है।

यह सरकार पूरी तरह तानाशाही और जनविरोधी रवैया अपना रही है। किसानों, नौजवानों और गरीबों के हितों की उपेक्षा की जा रही है, प्रदेश और देश को बचाने के लिए समाजवादी विचारधारा को गांव-गांव तक पहुँचाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी साथी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करें और प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाने के लिए जी-जान से जुट जाएँ। डॉ. नवरंग सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष सपा, ने लोकतंत्र को बचाने और संविधान की रक्षा का आह्वान किया।

दूसरी जन पंचायत चंदनी में अरविंद कुमार यादव शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष द्वारा आयोजित हुई जिसमें उन्होंने शिक्षा व्यवस्था और युवाओं की समस्याओं पर चर्चा की।

राजीव यादव प्रधान संघ अध्यक्ष के द्वारा तीसरी जन पंचायत ग्राम पंचायत कुतुबुद्दीनपुर में जाटव समाज में लगाई गई जिसमें राजीव यादव प्रधान ने किसानों की बदहाली को मुद्दा बनाया। दूसरी ग्राम पंचायत मई रसीदपुर के पूर्व प्रधान अजय राज यादव की भी मौजूदगी रही।

चौथी और आखिरी पीडीए जन पंचायत वीरपुर के कछपुरा में बूथ अध्यक्ष चंद्रभान शाक्य के आवास पर देर रात आयोजित हुई जिसमें प्रमुख रूप से शामिल हुए शाक्य, जाटव समाज ने आगामी चुनावों में भाजपा को उखाड़ फेंकने की बात कही, वहां उपस्थिति में प्रमुख रूप से पूर्व नगर अध्यक्ष नवाबगंज मनोज शाक्य, आरपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनूप कुमार शाक्य, सत्यम शाक्य, रामसेवक सिंह शाक्य, दिनेश शाक्य के साथ साथ पाल समाज के भाइयों ने भी सहभागिता की। राष्ट्रीय सचिव सलोवा बंटी यादव ने पीडीए आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया।

समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक आंबेडकर, मुन्नालाल कठेरिया विधानसभा अध्यक्ष, ज्ञानचंद्र राजपूत नगर अध्यक्ष शमशाबाद, आकाश गौतम जिला सचिव, अर्पित यादव ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज, कार्यकारिणी सदस्य दीपांशु खटीक समेत अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। सभाओं में मौजूद सभी समाजवादी साथियों ने सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संघर्ष करेंगे।

# संयम एवं विवेक से कार्य करें राजनीतिक दल : स्वामी नरेंद्रानंद

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** काशी सुमेरू पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा एवं विश्वसनीयता के प्रति सभी राजनीतिक दलों को संयम एवं विवेक से कार्य करना चाहिए। चुनाव आयोग एक स्वायत्त शासी संस्था है।

भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में चुनाव आयोग की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यकम के मुद्दे पर चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करना उचित नहीं है। शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती काशी स्थित शंकराचार्य आश्रम में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के मुद्दे को लेकर उठे विवाद पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

शंकराचार्य ने कहा कि हर चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यकम एक नियमित प्रकिया है। इसमें घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी मतदाताओं का पुनरीक्षण करते हैं। इसमें मतदाता सूची में यदि विसंगति पायी जाती है तो उसे संशोधित करते हैं। यदि इसमें जाने या अनजाने कोई गलती होती है तो राजनीतिक दलों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं को भी चाहिए कि वे इसमें स्थानीय स्तर पर ही सुधार करवायें। इसे वोट चोरी का नाम देकर किसी राजनीतिक पार्टी को टारगेट करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता तो आती-जाती रहती है। जो दल आज सत्ता में है वह कल विपक्ष में जा सकता है लेकिन चुनाव आयोग तो स्थायी रहेगा।

# रामनगरी से उठेगा खेलों का परचम, अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकेंगे खिलाड़ी

## डॉ. भीमराव राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 48.54 करोड़ की परियोजना लगभग पूरी

अवधनामा संवाददाता
जयप्रकाश गुप्ता

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या अब आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ खेलों का नया केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के विकास और खेल अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इसी क्रम में डॉ. भीमराव राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल का निर्माण तेजी से पूर्णता की ओर है, जो आने वाले समय में रामनगरी के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम बनेगा। अयोध्या में अब खेलों का नया इतिहास लिखा जाएगा। आने वाले समय में यह नगरी खेलों की धरती से भी जानी जाएगी।



करीब 4854.26 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस क्रीड़ा संकुल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त क्रिकेट स्टेडियम, वीआईपी पैवेलियन स्टैंड, फुट ओवर ब्रिज, हैंडबॉल कोर्ट, सिटिंग स्टेप्स और ओवरहेड टैंक जैसे कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। स्टेडियम की फिनिशिंग का कार्य अंतिम चरण में है। इसके बाद खिलाड़ियों को ऐसी खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनसे उनकी प्रतिभा और निखरेगी।

**2006 से अटका सपना अब होगा साकार**

खेल विभाग की यह परियोजना 2006 में शुरू हुई थी, लेकिन लंबे समय तक अधर में लटकी रही। 2023 में सीएनडीएस (ष्ट्हष्ठस्) ने कार्य को गति दी और आज यह संकुल हस्तांतरण की प्रक्रिया में पहुंच चुका है। इसके पूर्ण होते ही अयोध्या के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए किसी अन्य शहर पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

**खिलाड़ियों और युवाओं में उत्साह**

खिलाड़ी और खेल प्रेमी इस परियोजना को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका मानना है कि इस संकुल से अयोध्या खेल मानचित्र पर एक नई पहचान हासिल करेगा। यहां से निकले युवा खिलाड़ी अब सीधे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

**योगी सरकार का विज़न यूपी को खेल महाशक्ति बनाना**

योगी सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए खेल अवसंरचना, प्रशिक्षण केंद्र, प्रतियोगिताओं और योजनाओं का लगातार विस्तार कर रही है। अयोध्या का यह क्रीड़ा संकुल न केवल प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को खेल महाशक्ति बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार ने बताया कि पहले फुट ओवर ब्रिज और पैवेलियन न होने से खिलाड़ियों को भारी दिक्कत होती थी। अब ये कार्य पूरे हो चुके हैं और हस्तांतरण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

## बाइक लदी कंटेनर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**अयोध्या।** थाना पूरा कलंदर क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर सोमवार सुबह करीब 11 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब बाइक लदी एक कंटेनर में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कंटेनर हाईटेंशन लाइन से टच हो गया, जिससे उसमें आग लग गई।सूचना मिलते ही थाना पूरा कलंदर के प्रभारी देवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।गनीमत यह रही कि कंटेनर का ड्राइवर हादसे से कुछ पल पहले ही वाहन से नीचे उतर चुका था, जिससे वह बाल-बाल बच गया।ड्राइवर ने बताया कि वह कर्नाटक से बाइकें लादकर अयोध्या आ रहा था। सुबह भरतकुंड टोल के पास गाड़ी खड़ी करने की कोशिश में स्थानीय दुकानदारों ने उसे वहां से हटा दिया। इसके बाद वह मूरतगंज के पास साइड में गाड़ी खड़ी कर ब्रश करने लगा। इसी दौरान अचानक बिजली आई और हाईटेंशन लाइन से कंटेनर टच हो गया।

# सफल आयोजन के लिए सभासद ने समाजसेवी को भेट की स्मृति चिन्ह

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** स्वतंत्रता दिवस के दिन रामघाट चौराहा समीप तुलसी भवन में आयोजित सर्व वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन की सफलता ने यह साबित कर दिया कि आने वाले समय मे सर्व वैश्य समाज की एकता-अखंडता और मजबूत होगी।जाति बंधन को पीछे छोड़कर सर्व वैश्य समाज के सभी युवक- युवतियों की शादी इस समाज के अंदर आने-वाली सभी स्वजातीय बिरादरी में एक दूसरे के साथ बड़े ही धूमधाम से आयोजित की जाएगी।उक्त बाते रविवार को फैजाबाद शहर स्थित गणपति गेस्ट हाउस पर आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवी भागीरथ पचेरीवाला तथा कार्यक्रम में मुख्य संयोजक की भूमिका निभाने वाले अयोध्या जनपद के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो0 के महामंत्री आनंद अग्रहरि तथा संपादक स्मारिका महेश जयसवाल को मोमेंटो भेट करने के बाद गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति (रजि0) की अध्यक्ष श्रीमती आरती जयसवाल ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही।



अपने संबोधन में सभासद श्रीमती जायसवाल ने सर्व वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन में बनिया बिरादरी जैसे साहू, अग्रवाल, जायसवाल, सोनी, कसौधन, चौरसिया, अंगियार, अग्रहरि आदि को एक मंच पर इकट्ठा करने के लिए समाजसेवी 80 वर्षीय भागीरथ पचेरीवाला की टीम में जुड़े सभी पदाधिकारियों की सराहना भी की।कार्यक्रम मे श्री पचेरीवाला ने गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति (रजि0) की अध्यक्ष श्री मती आरती जयसवाल, दिनेश कुमार जायसवाल पत्रकार,बजरंग समिति के अध्यक्ष अशोक मोदनवाल, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो0 अयोध्या के महामंत्री आनंद अग्रहरि, साहू समाज के जिलाध्यक्ष इं0 कुल भूषण साहू, शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव राम जानकी मंदिर फतेहगंज के अध्यक्ष नील कमल अग्रवाल, सोनी समाज के जिलाध्यक्ष प्रमोद सोनी, केसरवानी समाज के जिलाध्यक्ष ज्ञान केसरवानी, मोदनवाल समाज के जिलाध्यक्ष अरविंद मोदनवाल, अग्रवाल समाज अयोध्या के कोषाध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल,चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष रमेश चौरसिया, संपादक स्मारिका-महेश जयसवाल,डॉ राम कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता,कौशल समाज के महामंत्री सुनील कुमार, अरविंद कुमार कसौधन, राम सूरत चौरसिया, परवीन रस्तोगी को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया।

## स्कूलों के पास भटकने वाले छिछोरों पर पुलिस करेगी कड़ी कार्यवाही: हलीम बाबू

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लेकर दरोगा हलीम बाबू व महिला पुलिस थाना चौराहा व अन्य जगहों पर जमे रहे। जानकारी के अनुसार आज दरोगा हलीम बाबू महिला कांस्टेबल सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने जैदपुर थाना चौराहा, व स्कूलों के आसपास खड़े संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने संदिग्धों को चेतावनी दी कि दोबारा फर्जी तरीके से यहां खड़े मिलने पर जेल भेजा जा सकता है।अभियान के दौरान महिला कांस्टेबल ने छात्रों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न टोल फ्री नंबरों के बारे में लगातार जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने छात्राओं को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत 112 पर सूचना दें। पुलिस ने छात्राओं से कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है, पुलिस प्रशासन हमेशा उनके साथ है। स्कूलों व कालेजों के आस पास भटकने वाले छिछोरों पर हर हाल में जैदपुर पुलिस कार्यवाही करेगी, जबकि कस्बा इंचार्ज विनय कुमार द्वारा भी लगातार अभियान चलाकर पूछ तांच कर पैनी नजर रखी जा रही है।

## बंकी में जश्न-ए-आज़ादी, जामिया दारुलरशाद में ध्वजारोहण

**बंकी बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** कस्बा बनकी स्थित जामिया दारुलरशाद में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जामिया के मोहतमिम मौलाना सैयद अब्दुल हमीद क़ासमी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम की शुरुआत इजाज़ अहमद, मतलूब अज़हर और अबू हुरैरा द्वारा प्रस्तुत आज़ादी के तराने से हुई। जामिया के नाज़िम-ए-तालीमात मौलाना सैयद अज़हर क़ासमी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की आज़ादी में उलेमा और मुसलमानों की कुर्बानियां किसी से छिपी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ सौ वर्षों तक आज़ादी की लड़ाई में विशेष रूप से उलेमा ने नेतृत्व किया। 1857 की क्रांति से लेकर आगे तक, मुसलमानों और हमवतन भाइयों की कुर्बानियों के नतीजे में देश औपनिवेशिक ताक़तों से आज़ाद हुआ। इस मौके पर जामिया के शिक्षकों और गणमान्य लोगों में हाफ़िज़ मोहम्मद नसीम, मौलाना अब्दुल क़ुदूस क़ासमी, मौलाना ग़यासुद्दीन क़ासमी, क़ारी मोहम्मद वसीम, मौलाना इफ्तिखार, मौलाना नूर मोहम्मद, मास्टर आसिम, हाजी इक़बाल उस्मानी, हाजी सलाहुद्दीन किदवई, अशोक कुमार यादव, अजय कश्यप, राम गोपाल यादव, गया प्रसाद गौतम, शिवकुमार यादव, सतनाम रावत, मोहम्मद आलम, रिज़वान अंसारी, मौलाना सैयद मसऊद क़ासमी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम भाइयों की संयुक्त भागीदारी ने गंगा-जमुनी तहज़ीब की झलक पेश की।

## शिकायत के बाद भी नही होती सफाई, ग्रामीणों में आक्रोश

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** सफाई के नाम खानापूरी करने से ग्रामीण में फैला आक्रोश, जिसकी शिकायत कई बार ग्राम पंचायत के प्रधान से करने पर आज भी जगह जगह बजबजाती नालियां, कुढे का ढेर लगा होने से बिमारी फैलने से भयभीत ग्रामवासियों की सुनवाई नहीं होती है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मूर्लीगंज का है जहां आज भी शिक्षा के मंदिर के सामने कुडे का ढेर देखा जा सकता है, इसके अलावा ग्राम पंचायत में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुय हैं, ग्रामीणों का कहना है कि कभी कभी सफाई के नाम खानापूरी होती है जबकि नाले नालियों की सफाई कई महीनों तक नहीं होती है। कूडा उठाने वाला वाहन तो है मगर उठाया नहीं जाता है, बात की जाये विकास की तो गांव में बने समुदायिक शौचालय में एक भी टोटी न लगी होना,प्रधान की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। अब देखना यह है कि ग्राम पंचायत मूर्लीगंज में सफाई व्यवस्था में सुधार होगा,या ग्रामीणों को इसी तरह गुजारा करना पड़ेगा।

## चालीसवां के मेला में लोगों ने देखा ताजिया



**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत चौक में सोमवार को पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ चालीसवाँ का मेला आयोजित किया गया। सुबह से ही कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग मेले में पहुँचने लगे। दिनभर मेले में श्रद्धालुओं और खरीददारों की भारी भीड़ रही। मेले में झूले, मिठाई की दुकानें, खिलौने और घरेलू सामान की बिक्री के स्टॉल सजाए गए। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने मेले का आनंद लिया। इस दौरान लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। पुलिस प्रशासन की ओर से मेले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया। चालीसवाँ का यह मेला न सिर्फ धार्मिक महत्व रखता है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मेलजोल का भी प्रतीक बन चुका है। स्थानीय लोगों मनौवर, मुबारक, गोलू, लड्डन, पप्पू छोटू, मुन्ना आदि ने बताया कि यह मेला वर्षों से उनकी आस्था और परंपरा से जुड़ा हुआ है और हर साल इसकी भव्यता बढ़ती जा रही है।

## पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी, लूट की घटना का खुलासा

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** स्वाट/सर्विलांस व जैदपुर पुलिस टीम द्वारा लूट करने वाले तीन शातिर लूटेरो को किया गिरफ्तार। उनके कब्जे से 15.100 किग्रा कॉपर तार, एक बण्डल हैवैल्स तार, लूट के मोबाइल सहित कुल 5 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल व रूपये नगद बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक जैदपुर कस्बे में आये दिन हो रही लूट की घटना को देखते हुवे एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने स्वाट/सर्विलांस व जैदपुर पुलिस को जल्द से जल्द लूट की घटना को खुलासा करने के आदेश दिये। जिसके बाद टीम ने तेजी दिखाते हुवे सुभाष चौहान पुत्र गंगाराम निवासी तिलपुरा मजरे नहामऊ थाना मसौली, रानू सिंह पुत्र रामशरन निवासी रसूलपुर थाना कोतवाली नगर व अनवर अली पुत्र अदालत निवासी धौरहरा उर्फ धरमपुर बढ़नी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर, हाल पता अनवार कला थाना बीबीडी जनपद लखनऊ (कबाड़ी) को कस्बे से गिरफ्तार कर लिया पुलिस टीम ने उसके निशानदेही पर भारी मात्रा में लूट का सामान व बाइक यूपी 41 बीकियू 6857 एवं नगदी बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ पर लुटेरों ने बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर दिन में विभिन्न स्थानों पर जाकर मोटरसाइकिल से घूम-घूम कर रेकी करते है और रात्रि में मौका पाकर चोरी व लूट की घटना को अंजाम देते हैं तथा चोरी व लूट के सामान को जनपद लखनऊ में जाकर अभियुक्त/कबाड़ी अनवर अली को बेच देते थे। दिनांक 14 अगस्त 2025 को थाना जैदपुर क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन आटामील मीरा एण्ड रज्जू, इंटरप्राइज साई इण्टर कालेज से अभियुक्तों द्वारा 2 अदद जनरेटर के अल्टीनेटर से कापर तार, 1 अदद हैवेल्स तार का बण्डल, कब्जे से लूट का 1 अदद लावा कीपैड मोबाइल फोन व नकदी को लूट लिया था तथा दिनांक 4 मई 2025 को थाना रामसनेहीघाट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दिलौना में एक घर से जनरेटर का सामान, इंवर्टर, बैटरा, एलसीडी टीवी आदि सामान चोरी किया गया था। जबकि लूट में शामिल एक वांछित अभियुक्त रौनक वर्मा पुत्र अनुराग वर्मा निवासी गदिया थाना कोतवाली नगर की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।



## दुष्यन्त कुमार की परंपरा के शायर हैं याराजी बेदार: स्वप्निल श्रीवास्तव

**अयोध्या।** जनवादी लेखक संघ फैजाबाद और अवध साहित्य संगम के संयुक्त तत्वावधान में शायर रामजीत यादव 'बेदार' (याराजी बेदार) के ग़ज़ल संग्रह 'जलते सवालों तक' का लोकार्पण आभा होटल, मोतीबाग के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद के कई वरिष्ठ साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि बेदार जी की ग़ज़लें व्यवस्था विरोधी स्वर के कारण दुष्यन्त कुमार की परंपरा से जुड़ती हैं। उन्होंने कविता को प्रतिरोध का माध्यम बताते हुए संग्रह को संग्रहणीय और पठनीय बताया।

प्रख्यात आलोचक रघुवंशमणि ने बेदार जी की शैली, अनुभव और काव्य-कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने ग़ज़ल की परंपरा में नई परतें जोड़ी हैं।

## राजस्व निरीक्षक संघ अयोध्या की जिला कार्यकारिणी का गठन



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** तहसील सदर के सभागार में रविवार 17 अगस्त 2025 को राजस्व निरीक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित तिथि पर जिला अयोध्या की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संघ के सदस्य मौजूद रहे।कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया पूर्णतः लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध किया गया, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और संगठन की मजबूती पर भरोसा जताया।नई कार्यकारिणी में जय नारायण तिवारी जिला अध्यक्ष, राम सुरेश शर्मा उपाध्यक्ष, शोभाराम यादव कनिष्ठ उपाध्यक्ष, बृजनाथ द्विवेदी जिला मंत्री, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा उप मंत्री, अब्दुल हक अंसारी कोषाध्यक्ष तथा जिलेदार यादव ऑडिटर चुने गए।

चुनाव उपरांत नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष जय नारायण तिवारी ने कहा कि संगठन की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। सभी पदाधिकारी मिलकर राजस्व निरीक्षक संघ के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।वहीं, उपस्थित प्रांतीय पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी संघ की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाएगी और राजस्व निरीक्षकों की समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभाएगी।

## धार्मिक त्यौहारो को सकुशल सम्पन करने पर हिन्दू संगठनों ने थानाध्यक्ष को सम्मानित किया



अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** कावड़ यात्रा, श्री कृष्णा जन्माष्टमी व चेहुल्लुम त्यौहार को सकुशल सम्पन कराने पर सोमवार को हिन्दु सुरक्षा सेवा संघ के जिला प्रभारी मोहित कुमार वर्मा ने प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह को माला पहना कर एव अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। बताते चले कि पूरे सावन माह तक क्षेत्र मे चलने वाली कावड़ यात्रा मे शामिल होने वाले शिवभक्तो पर फूल वर्षा एव खाने पीने की सुचारु रुप से व्यवस्था करने पर क्षेत्रीय जनता मे पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच बनी। त्यौहारो के सम्पन होने पर हिन्दु सुरक्षा सेवा संघ सिद्धपीठ अयोध्या के राष्ट्रीय अध्यक्ष महन्त राजू दास के आदेश पर सोमवार को जिला प्रभारी योगी सेवक मोहित वर्मा ने अपने तमाम साथियो के साथ थाने पर पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह को अंगवस्त्र एव माला पहनाकर स्वागत किया। योगी सेवक मोहित वर्मा ने कहा कि कावड़ यात्रा, जो भगवान शिव के भक्तों द्वारा हर साल आयोजित की जाती है, इस वर्ष भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस यात्रा के दौरान, प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके क्रम मे पुलिस का सम्मान करना हम सभी का दायित्व बनता है। इस मौके पर जितेंद्र वर्मा, मन्नू रावत, पप्पू नौबस्ता, आकाश वर्मा, अरुण कुमार सिंह, पवन विश्वकर्मा ने प्रभारी निरीक्षक का स्वागत किया।

## चैनपुर ग्रामसभा में विराट दंगल का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** चैनपुर ग्रामसभा में रविवार को विराट दंगल का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजय कुमार मौर्या की उपस्थिति रही। दंगल में नेपाल, बिहार, गोरखपुर, जौनपुर सहित कई क्षेत्रों के नामी पहलवानों ने भाग लिया और अपने दमखम का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिनाथ मौर्या, भाजपा नेता रहे। उनके साथ क्षेत्र के कई सम्मानित लोग व ग्रामप्रधान पुजारी यादव, मिथिलेश,अरुण सिंह ,मुबारक अली ,पवन प्रजापति ,रविन्द्र चौधरी ,बहुत से गणमान्य लोग मौजूद रहे। दंगल देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुकाबलों के दौरान दर्शकों ने पहलवानों का हौसला बढ़ाया और अखाड़े में पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेंच से लोगों का मन मोह लिया।

# पीटीएम में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर हुई चर्चा

## सेंट जोसेफ्स स्कूल में अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** स्थानीय सेंट जोसेफ्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर शिक्षक एवं अभिभावकों ने एक दूसरे से संवाद स्थापित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन ओए जोसेफ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चे दो महत्वपूर्ण स्तंभों घर और विद्यालय से संस्कार पाते हैं। यदि अभिभावक और अध्यापक मिलकर समान सहयोग से कार्य करें, तो बच्चे का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि समय-समय पर होने वाले ऐसे सम्मेलनों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर बच्चों के विकास यात्रा का हिस्सा बनें।



विद्यालय की प्रबंधक बिन्सी जोसेफ ने कहा कि संवाद ही सफलता की कुंजी है। जब शिक्षक और अभिभावक समय-समय पर विचार साझा करते हैं, तभी बच्चों की शैक्षणिक और चारित्रिक उन्नति संभव हो पाती है। प्रधानाचार्य बैजू चेरियन ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों को जीवन के हर पहलू के लिए तैयार करना चाहिए।

विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता फणींद्र कुमार मिश्र ने कहा कि बच्चों की शिक्षा तभी सार्थक होगी, जब हम उन्हें ज्ञान के साथ-साथ संस्कार भी देंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का लक्ष्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को समाज का आदर्श नागरिक बनाना ही वास्तविक शिक्षा है। इस अवसर पर अनेक अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा किए और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय के प्रयासों की सराहना किया। कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य शिवेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, अनिल पांडेय, अवनीश मिश्र, फणींद्र मिश्र, प्रेम सागर चौबे, धनंजय मिश्र, मुन्ना पांडेय, पीयूष त्रिपाठी, पुंडरीक गुप्ता, संतोष वर्मा, प्रदीप रौनियार, सतीश त्रिपाठी, अजीत बारीक, गंगा दुबे, अमृता पाठक, रवीना, मनीष श्रीवास्तव, तमजिद अली, राधेश्याम, प्रह्लाद प्रसाद, विशाल जायसवाल, भुवाल गुप्ता, मंशा गुप्ता, मनोरमा जायसवाल, अनूप रौनियार, वर्षा जायसवाल, रंजना त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 10 परिषदीय विद्यालयों को मिला आरओ प्लांट

## तविन फाउंडेशन ने शुद्ध जल संकल्प के तहत विद्यालयों और बीआरसी में कराई स्थापना

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में पहली बार शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की पहल पर तविन फाउंडेशन ने 10 विद्यालयों और बीआरसी फरेंदा में आरओ प्लांट स्थापित किए।

मुख्य कार्यक्रम ग्राम पंचायत छीतही बुजुर्ग के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित हुआ, जहाँ जिलाधिकारी ने फीता काटकर तथा आरओ का पानी पीकर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने शिक्षकों को नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को लगातार स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की पहल अन्य संस्थाओं और समाज के लोगों को भी समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने तविन फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित किया।



तविन फाउंडेशन के अध्यक्ष तत्सत मणि ने जिलाधिकारी का आभार जताते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य शुद्ध जल संकल्प मुहिम के माध्यम से बच्चों और समाज को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। आगे भी विद्यालयों में आरओ प्लांट लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर बीएसए, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, बीडीओ फरेंदा अतुल कुमार, ग्राम प्रधान, शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में छात्रङ्कछात्राएं मौजूद रहीं।

संस्था द्वारा जिन विद्यालयों में आरओ प्लांट लगाए गए उनमें–कंपोजिट विद्यालय छीतही बुजुर्ग, पोखरभिंडा, निरनाम पश्चिमी, फरेंदा बुजुर्ग, जंगल जोगियाबारी, हरपुर, बरातगाड़ा, कवलदह, करमहवां बुजुर्ग तथा बीआरसी फरेंदा शामिल हैं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पासपोर्ट संख्या ह 7761119 पर नाम अली ज़हीर पुत्र गुलाम अली है जो अब अली ज़हीर ज़ैदी पुत्र सय्यद गुलाम अली के नाम से जाना व पहचाना जाए।

प्रार्थी
अली ज़हीर ज़ैदी पुत्र
सय्यद गुलाम अली
देवा रोड अस्करी हाल
दुर्गापुरी नवाबगंज
बाराबंकी (उ प्र)

# कृषि मंत्री ने किया लोटन खाद दुकान का निरीक्षण

**किसानों से फोन पर बात कर मंत्री दिखे नाराज**



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन कस्बे में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को एक खाद की दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर व वितरण रजिस्टर को चेक किया। वितरण रजिस्टर में किसानों का फर्जी मोबाइल नंबर अंकित पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई ,जहां यूरिया की किल्लत से जूझ रहे किसानों की समस्याओं को सुना।

इस दौरान उन्होंने पाया कि किसानों का मोबाइल वितरण रजिस्टर पर सही तरीके से अंकित नहीं किया गया था, जिस पर उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई।कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने खाद को लेकर सीमावर्ती जिलों का दौरा करने के दौरान लोटन कस्बा के खाद विक्रेता घनश्याम ट्रेडर्स के वहां अचानक पहुंच कर किसानों के समस्याओ को सुना व दुकान से किसानों के नाम से खारिज यूरिया के लोगों के फोन से बात किये।जिस पर कुछ किसानों का फोन नम्बर गलत पाया गया। महराजगंज जिले के राजमंदिर के राजकुमार से फोन पर मंत्री जी ने बात किए तो बताया कि मैं सुपर फास्फेट तीन बोरी लिया हूं।जब कि राजकुमार के नाम से पांच बोरी यूरिया गलत तरीके से बिना किसान के जानकारी के खारिज किया गया।ठोठरी के मैनुद्दीन से बात किया उन्होंने कहा मै कृषि मंत्री बोल रहा हूं तुम घनश्याम के यहां से खाद ले गये हो किसान ने बताया की तीन बोरी युरिया लीया हू कितने मे वह कहा एक बोरी 280मे उसके साथ एक 60रुपये का जिनक लोगों तभी खाद मिलेगा मजबुरन लेना पड़ा।वितरण रजिस्टर में दर्ज तमाम किसानों का फोन नम्बर गलत पाये जाने पर दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश देते हुए कृषि अधिकारी पर नाराज़ दिखे। थोक विक्रेता द्वारा यूरिया का अधिक पैसा लेने के शिकायत पर घनश्याम जायसवाल से पूछा कि कितने में थोक खाद लाते हो तो दुकानदार ने बताया कि सुलेमान ट्रेडर्स के वहां से 248 रुपये में लेने के साथ अलग से 22 रुपया किराया लेता है। मंत्री जी ने अधिक पैसा लेने के बात पर नाराज़ हो गये और थोक विक्रेता सुलेमान ट्रेडर्स से फोन पर बात करते हुए फटकार लगाते कहां कि किराया सहित 248 रुपये खाद देना था तो 22 रुपया किराया क्यों लिए।जिसका सही जबाब न मिलने पर थोक विक्रेता को भी फटकार लगाई थोक और फुटकर को जेल जाने की बातें सुनाई।

## मतगणना हेतु बीएलओ की बैठक संपन्न

**बांसी सिद्धार्थनगर।** आगामी चुनावों को देखते हुए बांसी ब्लाक क्षेत्र में बनाए गए बूथ स्तर अधिकारियों की बैठक बांसी ब्लाक परिसर में स्थित आजाद सभागार में संपन्न हुआ। उपजिलाधिकारी शशांक शेखर के नेतृत्व में चले बैठक में बूथ लेवल अधिकारियों को कार्य पद्धति व दायित्व के बारे में दिशा निर्देश दिया गया। 19 अगस्त से मतगणना प्रारंभ होकर 01 महीने चलेगा।

20 सितंबर से बढ़ोतरी व नाम काटने की प्रक्रिया जारी होगा। इस दौरान सामग्री वितरित न होने की बात कही गई। शिक्षा मित्र, रोजगार सेवक व पंचायत मित्रों को लेकर बनाई गई बीएलओ टीम में शिक्षा विभाग के तरफ से ब्लाक गुणवत्ता समन्वयक पद पर रहकर स्वतंत्र कुमार द्वारा टीम का नेतृत्व किया जाएगा। कार्यक्रम में धनंजय मिश्रा,पल्टू राम, संजय कुमार सिंह, ऋषि कपूर,रेखा देवी, भागीरथी, सुभाष, रंजना चौधरी, रेखा रानी, विंदू देवी, मनोरमा द्विवेदी के अलावा एडीओ पंचायत अजय कुमार राय की विशेष उपस्थिति रही।

# प्राथमिक विद्यालय घरुआर के प्रधानाचार्य की लापरवाही से शिक्षा व्यवस्था हुई बदहाल

**हाजिरी लगाकर अक्सर रहते ड्यूटी से नदारद, बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़**

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत घरुआर अंतर्गत एन एच 730 के बगल संचालित प्राथमिक विद्यालय घरुआर के प्रधानाचार्य की लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें कक्षा एक से लेकर पांच तक कुल करीब 105 बच्चों का नामांकन के सापेक्ष करीब 37 बच्चों उपस्थिति बेहद कम व चिंताजनक रही है।

सोमवार की दोपहर करीब 12¬30 बजे पहुंची मीडिया टीम को जानकारी देते हुए विद्यालय पर उपस्थित शिक्षा मित्र शैल यादव ने बताया कि प्रधानाचार्य शैलेश कुमार सुबह करीब आठ बजे के बाद कहीं किसी काम से बाहर गये हुए हैं। बाद में शिक्षा मित्र ने अपाने मोबाइल से प्रधानाचार्य के मोबाइल पर फोन लगाकर बात करवाई तो प्रधानाचार्य ने कहा कि वह जिले पर बैंक से संबंधित किसी कार्य से बाहर गये हुए है। जिसकी जानकारी विभाग के किसी उच्चाधिकरी को नहीं दी गई है। वहीं विद्यालय पर उपस्थित शिक्षा मित्र रीता आर्य व प्रीति निषाद बच्चों को पढ़ा रही थी। जिन्होंने बताया कि कुल लगभग 105 बच्चों का नाम रजिस्टर में दर्ज है। आज कुल लगभग 37 बच्चे उपस्थित हैं। वही मौके पर मौजूद रसोइया अंजना देवी व पूजा देवी,बंगलाही ने बताया कि आज रोटी बनाना था लेकिन आटा नही होने के कारण चावल सब्जी बनाया गया था। प्रधानाचार्य किसी काम से बीआरसी परसा स्टेशन गये हुए हैं। जबकि सूत्रों की मानें तो प्रधानाचार्य अक्सर इसी तरह से विद्यालय में हाजिरी लगाकर गायब रहते हैं। जिससे शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है।और बच्चों की उपस्थिति बेहद कम व चिंताजनक स्थिति में है।

उक्त संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार का कहना है कि सुबह आठ बजे से दो बजे तक किसी अध्यापक को विद्यालय छोड़कर कहीं आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई है।मामला संज्ञान में आया है।

# मरहूम डा.फरीद अहमद सल्फी 18कब्बडी प्रतियोगिता

**प्रथम द्वितीय तृतीय टीम को नकद रुपए राशि के साथ मेडल कप सील्ड देकर किया गया सम्मानित**



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत हाजी करम हुसैन सल्फिया पब्लिक स्कूल खखरा बुजुर्ग में मरहूम डाश्फरीद अहमद सल्फी 18वा कबड्डी प्रतियोगिता तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 अगस्त के दिन हुआ ।इस दौरान 40 टीमों ने भाग लिया और रोमांचक आपसी मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता को देखने के लिए दर्शकों की काफी भीड़ रही।

खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को पटखनी देते हुए अपनी-अपनी टीम का परचम लहराने में कामयाब रहे। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हाजी करम हुसैन सल्फिया पब्लिक स्कूल खखरा बुजुर्ग में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही व पूर्व ब्लाक प्रमुख जमीर अहमद उर्फ बडको बाबू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण विकास में हर खेल का अपना महत्व है खेल खेल की भावनाओं से खेलना चाही और अनुशासित रहकर गेम खेले इस पिछड़े जिले में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन निश्चय ही सराहनीय कदम है । इस दौरान सिद्धार्थनगर,सोनवल हरियाणा, बिजनौर, टीम ने सफलता हासिल की प्रथम टीम को सील्ड मेडल कप व बीस हजार पांच सौ रुपए व दुसरे स्थान पर रहे उच हरिया सिद्धार्थनगर को दस हजार पांच सौ रुपए सील्ड मेडल कप और तीसरे स्थान पर रहे बिजनौर टीम को पांच हजार पांच सौ रुपए सील्ड मेडल कप देकर सम्मानित किया । इसके पहले पूर्व मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों का कार्यक्रम आयोजक और पूर्व ब्लाक प्रमुख जमीर अहमद ,हलीम शाह, इरशाद अहमद ने बैच लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर लोटन ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह ने कहा कि डाश्फरीद अहमद सल्फी ने इस पिछड़े क्षेत्र में स्कूल खोल कर बडा काम किया है उनके न रहने पर भी उन्हें याद किया जायेगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 57 मामले आए 7 का हुआ निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** जलालपुर तहसील सभागार में अवकाश के बाद सोमवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 57 फरियादियों ने अपनी समस्याएँ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं।

नमें से 7 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रार्थनापत्र संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किए गए इस दौरान कमलेश कुमार निवासी अजमलपुर ने शिकायत किया कि उस की पट्टे की जमीन औद्योगिक गलियारे में आयी है जमीन का दो वर्षो से नहीं हुआ। नेवादा निवासी रामभरत ने घरौंदी की जमीन पर जबरन खड़ंजा लगाए जाने की शिकायत की।वहीं ग्राम पंचायत रामपुर दुबे में अवरुद्ध मार्ग को बहाल करवाने की मांग ग्राम प्रधान समेत अन्य ग्रामीणों ने किया।

उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार गरिमा भार्गव, सीओ अनूप कुमार सिंह, कोतवला संतोष कुमार सिंह, एसओ कटका प्रेमचंद,एसओ जैतपुर राजेश कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## तीन गुना हाउस टैक्स से नगर पालिका की मनमानी से भड़की जनता

**अंबेडकरनगर।** नगर पालिका क्षेत्र की गलियां टूटी, नालियां जाम, कचरे के ढेर जस के तसज लेकिन हिम्मत देखिए कि नगर पालिका ने जनता पर तीन गुना हाउस टैक्स का बोझ लाद दिया। विकास की जगह बढ़ा हुआ टैक्स ! यही है जनमानस के गुस्से की असली वजह।

लोग कह रहे हैं कि जब तक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं दी जा सकीं, तब तक नगर पालिका को टैक्स बढ़ाने का अधिकार किसने दे दिया? सड़कें गड्ढों में, सफाई अधूरी और स्ट्रीट लाइटें गुल–फिर जनता से तीन गुना पैसा किस विकास के नाम पर वसूला जा रहा है? सबसे बड़ा सवाल रसीदों को लेकर खड़ा हो गया है। हाउस टैक्स की जो पर्चियां जनता को दी जा रही हैं, उन पर नगर पालिका का अधिकृत स्टैंप ही नहीं है। ऐसे में जनता का कहना है कि अगर इसको न्यायालय में चुनौती दी जाए तो किस आधार पर की जाएगी? पर्चियों पर स्टैंप न होना अपने आप में रहस्य और शक को गहरा कर रहा है।

# सहकारी समितियों पर यूरिया की उपलब्धता और वितरण की स्थित में भारी असमानता



**हजपरा, अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर सहायक आयुक्त सहकारिता ने अगस्त माह तक अंबेडकर नगर जिले में 41253 मेट्रिक टन यूरिया वितरण का लक्ष्य रखा था। जिसमें 41512 मेट्रिक टन यूरिया अब तक उपलब्ध कराया जा चुका है। लेकिन सहकारी समितियां का हाल देखने मात्र से ही किसानों के माथे पे पसीना आ रहा है।

क्षेत्र के किसान सुबह से ही चाय नाश्ता करके समितियों पर जाकर लाइन लगाते हैं, नसीब अच्छा रहा तो शाम तक एक दो बोरी मिल जाता है नहीं तो दिन भर लाइन लगाने के बाद शाम को कल आना बोल के हटा दिया जाता है। 15 अगस्त से 3 दिन लगातार छुट्टी पड़ जाने के कारण सोमवार सुबह से ही सभी सहकारी समितियां पर किसानो की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। जिसमें जीवत ,बरियावन मसाड़ा आदि सहकारी समितियां पर सुबह से ही किसानों का ताता लगा रहा जिससे किसानों में भारी आक्रोश दिखाई पड़ रहा है।

जिले के हरैया एग्रो पर सुबह से ही सैकड़ों किसानों ने बिना खाए पिए अपने बारी के इंतजार में लाइन में खड़े दिखे। क्षेत्रीय किसान अंकित पाण्डेय,राहुल गोंड,सोनू गुप्ता,लालमन वर्मा,श्याम पाण्डेय आदि ने बताया कि समय पे खाद न मिल पाने के कारण फसलों पर पिला पन आने लगा है, जिससे हमारी धान की उपज काफी प्रभावित होगी।

# विधायक ने लगाया चौपाल सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत दहियाड़ गांव में रविवार को आयोजित चौपाल कार्यक्रम में शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उसके निराकरण का आश्वासन दिया। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा व आयें हुए अतिथियों को समाजसेवी हरिशंकर सिंह ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया

इस दौरान ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क से गांव के पोखरे तक सड़क और गांव में हाई मास्क लाइट की मांग किया। दहियाड़ गांव के हरिशंकर सिंह ने गांव के लिए सार्वजनिक स्थान पर हाईमास्ट लाइट लगाने व मुख्य सड़क से राम प्रताप सिंह के घर तक एक किलोमीटर,दो हाई मास्क लाइट, की मागं किया। इस दौरान विधायक विनय वर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वह हमेशा लगे रहते रहते हैं। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में खेल के लिए स्टेडियम, बढ़नी में 50 बेड का अस्पताल बढ़नी में बनने जा रहा है। इसके अलावा खेल स्टेडियम, अग्निशमन केंद्र,शादी घर भी विधानसभा क्षेत्र में बनेगा। क्षेत्र में सड़कें बन रही है।गांवों में हाईमास्ट व मिनी हाईमास्ट लाइटें लग रही हैं। उन्होंने कहा कि अभी बढ़नी व शोहरतगढ़ में बनने वाले बस अड्डे के लिए वित्तीय स्वीकृति हो चुकी हैं। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित गांवों को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए स्थाई उपाय करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा हूं।

चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिशंकर सिंह ने किया। इस दौरान विनय वर्मा, हरिशंकर सिंह, प्रदीप कमलापुरी, रामदास मौर्या, हरीश वर्मा, विपिन सोनी, विष्णु सिंह, राम आसरे सिंह, विरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सावित्री, सूर्य मती, गुड़िया, गायत्री, शुशीला, उर्षा, प्रभावती, पानवासी, रघुनंदन सिंह, गंगाराम, जोखन, उदयभान सिंह, अजय कुमार आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुलिस द्वारा युवकों से मारपीट व अभद्रता का लगाया आरोप, चेयरमैन ने एसपी से की शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी बाजार में शनिवार रात जन्माष्टमी की आरती के बाद पुलिस रवैये को लेकर माहौल गरमा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वार्ड नं0-05 के दो युवक पानी पीने के लिए बस स्टॉप तिराहे पर रुके थे, तभी ड्यूटी पर तैनात सिपाही मनीष, विशाल और रामकुमार ने बिना किसी पूछताछ के उन्हें रोक लिया और कॉलर पकड़कर अभद्रता करने लगे। आरोप है कि सिपाहियों ने युवकों को स्मैकर और मोबाइल चोर कहते हुए थाने ले जाने की धमकी दी। वहीं स्थानीय निवासी विवेक ने जब पुलिसकर्मियों के इस व्यवहार का विरोध किया, तो उसे भी किनारे ले जाकर बेरहमी से पीटा गया। मार-पीट की घटना की जानकारी होते ही आस-पास के लोग मौके पर जुट गये और पुलिसकर्मियों के रवैये का विरोध करने लगे। देखते ही देखते घटना तूल पकड़ लीं। मामले की गम्भीरता को देखते हुए नगर पंचायत बढ़नी के अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने तत्काल पुलिस अधीक्षक को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। चेयरमैन ने आरोप लगाया कि पुलिस असली तस्करों और चोरों पर कार्रवाई करने के बजाय निर्दोष युवकों को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि करीब एक माह पहले उन्होंने नगर क्षेत्र में बढ़ रही चोरी और स्मैक तस्करी को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई।

चेयरमैन ने कहा कि कुछ दिन पहले एक स्मैकर और उसकी मां ने दो सिपाहियों के साथ हाथापाई की थी, मगर आज तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके उलट जन्माष्टमी जैसे शुभ दिन पर हिन्दू परिवार के युवकों को परेशान किया गया। वहीं स्थानीय कुछ नागरिकों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में बढ़नी बाजार में कई चोरी की घटनाएं हुई हैं। अधिकतर मामलों को या तो दबा दिया गया या गम्भीरता से जांच नहीं की गई। ऐसे में लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और पुलिस की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं। चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने इंटरनेट पर पोस्ट करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार की कठोर छवि के बावजूद स्थानीय स्तर पर पुलिस बेलगाम होकर निर्दोष हिन्दू परिवारों को प्रताड़ित कर रही है।

# हजारों बहनों ने विधायक को बांधी राखी



**अवधनामा संवाददाता, शोहरतगढ़।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के वार्ड नंबर 3 संत रविदास नगर टीचर कालोनी में स्थित विधायक आवास पर रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक विनय वर्मा पत्नी बबीता वर्मा के साथ अपने आवास पर हजारों बहनों से राखी बंधवाकर इस परंपरा को सम्मानित किया। सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर बहनों का आना-जाना जारी रहा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने तिलक, आरती और मिठाई के साथ राखी बांधी। उन्होंने विधायक विनय वर्मा के दीर्घायु और सफलता की कामना की। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी का त्योहार नहीं है। यह सुरक्षा, सम्मान, भरोसा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बहनों को भरोसा दिलाया कि वे उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।इस दौरान विधायक विनय वर्मा, पत्नी बबीता वर्मा , रमेश शुक्ला, शम्भू त्रिपाठी, प्रदीप कमलापुरी, रामदास मौर्या, हरीश वर्मा, विपिन सोनी, विष्णु सिंह, रत्नेश आदि लोग मौजूद रहें।

## आज आयोजित होगा दिव्यांगता चिकित्सा कैंप

**अवधनामा संवाददाता, डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में 19 अगस्त को दिव्यांगता चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिव्यांग बच्चों की जांच कर प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विशेष शिक्षक गणेश गौड़ ने बताया कि कैंप का आयोजन परिसर में दिन में 11 बजे आयोजित होगा। दिव्यांग बच्चों के अभिभावक कैंप से पूर्व आधार कार्ड व फ़ोटो के साथ संपर्क करें।

## उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत मज़बूत हैं




**अंबेडकरनगर।** भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका जीता-जागता उदाहरण उप संभागीय परिवहन कार्यालय है। यहाँ का नज़ारा देख कोई भी कह देगा ङ्क ÷काम नहीं, दलाल का नाम ही पहचान है।÷भले ही सरकार ने तमाम सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया हो, लेकिन हकीकत यह है कि इस दफ्तर में बिना चढ़ावा दिए पत्ता तक नहीं हिलता। जो आम आदमी सीधे लाइन में लगकर काम कराना चाहता है, उसका दिन तो जाता है ङ्क लेकिन काम नहीं होता। वहीं दलाल के साथ खड़ा आदमी मुस्कुराता हुआ फाइल लेकर बाहर निकलता है।लोगों का कहना है कि यह दफ्तर ÷डिजिटल इंडिया÷ नहीं बल्कि ÷दलाल इंडिया÷ का जीता-जागता नमूना है। यहाँ फाइलें रुपये देखकर उड़ती हैं, नियम सिर्फ कागज़ पर लिखे हैं और ईमानदारी ताले में बंद है।विडंबना यह कि अधिकारी हर शिकायत पर कहते हैं। ऑनलाइन कीजिए, सब पारदर्शी है। लेकिन असलियत यह है कि पारदर्शिता सिर्फ दलालों की जेब में दिखती है। जनता पूछ रही ह। जब सबकुछ ऑनलाइन है, तो ये दलाल किसके आशीर्वाद से फल-फूल रहे हैं?फिलहाल जवाब किसी के पास नहीं, लेकिन सच यही है। यहाँ लाइसेंस से लेकर गाड़ी तक सब मिलता है, बस दाम सही होने चाहिए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भाटपाररानी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में तहसील भाटपाररानी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें और प्रत्येक शिकायत का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से करें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी प्राप्त शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग करें और सुनिश्चित करें कि किसी भी फरियादी को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन मामलों का समाधान तत्काल नहीं हो सका है, उन्हें समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित किया जाए।

इस दौरान दो पात्र आवेदकों को मौके पर अन्त्योदय कार्ड तथा एक आवेदक को पात्र गृहस्थी कार्ड उपलब्ध कराते हुए त्वरित राहत प्रदान की गई।

पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की और अधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त प्रकरणों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 61 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 39 राजस्व विभाग, 14 पुलिस विभाग, 3 विकास विभाग तथा 5 अन्य विभागों से संबंधित थे। इनमें से 8 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 53 मामलों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु सौंपा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## वार्षिक जुलूस ए अमारी का 19 अगस्त को होगा आयोजन

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मालीपुर थाना अंतर्गत रसूलपुर बाकरगंज में 19 अगस्त को प्रातः 5 बजे 28 वें दौर का वार्षिक अमारी का जुलूस शान शौकत के साथ निकलेगा। अंजुमन इमामिया के तत्वावधान में निकलने वाले जुलूस का आगाज मौलाना सैयद अली मनसब रिजवी की मजलिस के साथ होगा।

जुलूस में ऊंटों पर सजी अमारियां 18 बनी हाशिम के शबीह व ताबूत, जुलजनाह ,अलम की जियारत कराई जाएगी। जुलूस में मौलाना सैयद नूरुल हसन, मौलाना सैयद हैदर मेंहदी बस्ती, मौलाना स्ैयद ग़ालिब अब्बास रिजवी तकरीर करेंगे। निकाबत मौलाना सैयद शारिब करेंगे। जुलूस के संयोजक डॉ इमरान हैदर ने बताया कि अंजुमन अजादार ए हुसैनी मुबारकपुर, अंजुमन जाफरिया रजिस्टर मुस्तफाबाद, अंजुमन हुसैनिया जाफराबाद, अंजुमन गुलशन - ए-इस्लाम भौंरा, अंजुमन रौनक- ए - अजा जाफराबाद, अंजुमन रौनक- ए - इस्लाम मुस्तफाबाद अंजुमन मोईनुल अजा दाऊदपुर नौहा मातम करेगी।

# सपा के जिला उपाध्यक्ष मो. इदरीश की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी नगर कार्यालय पर सोमवार को सपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष नपा मो इदरीश पटवारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में किसानो की खाद की समस्या, ध्वस्त कानून व्यवस्था, महिला उत्पीड़न, महंगाई सहित तमाम जन समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर बीस अगस्त को होने वाले धरना प्रदर्शन की सफलता को लेकर रणनीति बनाया गया। इस अवसर पर मो इदरीश पटवारी ने कहा कि भाजपा की सरकार में आम आदमी काफी परेशान है। किसान खाद के लिए लाठी खा रहे हैं, कालाबाजारी जोरो पर हो रही है, मंहगाई आसमान पर है, गरीब और गरीब तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है। अब समय आ गया है इस सरकार को उखाड़ फेंकने का। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से कहा कि बीस अगस्त को होने वाले धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और आंदोलन को सफल बनाए। इस दौरान बसपा छोड़कर आए जगदीश गौतम ,बीरसेन ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

इस बैठक में जिला सचिव सैयद कुतुब, नगर अध्यक्ष कपिल देव, सभासद बुद्धिराम प्रजापति, ध्रुवचंद्र, पूर्व सभासद जहूर राईनी, महताब इदरीश, कैफ़ ख़ान, इरफ़ान शेख, महताब आलम, मैनुद्दीन, ध्रुव राव, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

## आपदा की वजह

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद स्थित धराली में आई आपदा ने देश-दुनिया को गहरे तक आहत किया है। मलबे और बाढ़ के पानी के सैलाब ने जिस तरह घरों, होटलों व बगीचों तथा खेत-खलिहानों को तबाह किया, उसने आम लोगों को भयभीत किया। पहाड़ की भौगोलिक जटिलताओं व बचाव के संसाधन पहुंचाने में देरी से राहत कार्य बाधित हुआ है। निस्संदेह, हादसे से जुड़ा पहलू यह भी है कि तंत्र की अनदेखी व खीरगंगा के विस्तार क्षेत्र की आशंकाओं को नजरअंदाज करके जो निर्माण किया गया, वह सैलाब की जद में आया। सवाल यह है कि वे कौन से कारण थे कि बेहद तीव्र वेग से आये सैलाब ने लोगों को भागने तक का मौका नहीं दिया। हालांकि, मरने वालों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आयी है, लेकिन सैलाब की भयावहता को देखकर अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि जनधन की बड़ी हानि हुई होगी। असली सवाल यह है कि ये आपदा कैसे आयी। आजकल ऐसे हादसों की साधारण व्याख्या होती है कि हादसा बादल फटने से हुआ। लेकिन धराली में आपदा की वजह बादल फटना मानने को वैज्ञानिक तैयार नहीं हैं। वैज्ञानिक इस वजह से बादल फटने के तर्क को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार 4-5 अगस्त को उस क्षेत्र में महज आठ से दस मिमी बारिश ही हुई थी। वैज्ञानिक मानक के अनुसार बादल फटने की घटना तब होती है जब उस इलाके में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई हो। दरअसल, धराली गांव के पीछे डेढ़-दो किलोमीटर लंबा और बेहद घना जंगल है। दोनों तरफ ऊंचे व तीव्र ढलान वाले पहाड़ हैं। जिस खीरगंगा में फ्लैश फ्लड आया है, वो उन्हीं घने जंगलों से होकर गुजरती है। वैज्ञानिक एक तर्क पर विचार कर रहे हैं कि कहीं घने जंगलों वाले इलाके में भूस्खलन की वजह से पानी का प्रवाह रुक गया होगा, जिसके बाद अस्थाई झील टूटने से आपदा आई होगी।

दरअसल, इस जल प्रलय की जद में आने वाला क्षेत्र फ्लड प्लेन इलाके में बसा है। उसके ऊपर के इलाके में बर्फीले पर्वत बताए जाते हैं। यह हकीकत है कि धराली और उसके आस-पास बेहद संकरी घाटी और ऊंचे पहाड़ हैं। वैज्ञानिकों का तर्क है कि बादल फटने के बाद आने वाला जल प्रवाह इतना तेज नहीं होता। पहले इसकी गति धीमी होती है, कालांतर में गति तेज हो जाती है। इसी वजह से वैज्ञानिक तूफानी गति से पानी-मलबा आने की वजह अस्थायी झील का टूटना बता रहे हैं। भूस्खलन या ग्लेशियर टूटने से झील का पानी सैलाब में बदल गया। इस आशंका को मानने की एक वजह यह भी है कि आपदा वाले दिन जो पानी नीचे आया वह काले रंग का था। साथ मलबा स्लेटी रंग का था। तर्क है कि ऐसा काला पानी व स्लेटी रंग का मलबा पहले से जमा हुए स्थान के टूटने के बाद ही आता है। ऐसी ही स्थिति वर्ष 2021 में चमोली जनपद के ऋषिगंगा हादसे के दौरान एक अस्थायी झील टूटने के बाद जमा मलबे के बहकर आने के वक्त देखी गई थी। दरअसल, वैज्ञानिक पहले भी आशंका जताते रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पिघली बर्फ के पानी से बनी झीलें कालांतर भूस्खलन या बादल फटने के बाद टूट जाती हैं और सैलाब तेज ढलान पर उतरकर तबाही लाता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 की केदार घाटी में आई आपदा भी चोराबारी झील के टूटने से निकले सैलाब की वजह से हुई थी। दूसरी विडंबना यह भी है कि ग्लोबल वार्मिंग व बढ़ते तापमान की वजह से ऊंचे पहाड़ों में बारिश की प्रकृति में कुछ वर्षों से बदलाव आया है। सामान्यतः तीन चार हजार मीटर की ऊंचाई पर पहले बर्फबारी होती थी, बारिश नहीं। लेकिन अब लगातार होती बारिश से ग्लेशियर टूट रहे हैं। जो कालांतर अस्थायी झील पर गिरते हैं तो झील का पानी पहाड़ों के तीव्र ढलान पर तेजी से बहता है। जब उसके साथ मलबा, पत्थर व मिट्टी मिल जाती है तो उसकी धार मारक हो जाती है।

## जनांदोलन से ही परमाणु हथियार मुक्त विश्व संभव

बीते दिनों जापान के दो शहर, हिरोशिमा और नागासाकी पर, क्रमशः 6 और 9 अगस्त, 1945 को हुए परमाणु बम हमले की 80वीं बरसी मनाई गई। इन बम विस्फोटों से जितनी भीषण मानवीय हानि हुई, वह हमलावरों द्वारा बमों को दिए गए मासूम नाम - लिटिल बॉय और फैट मैन - की क्रूर विडंबना से ही कम हो गयी थी। जिस विमान से बम गिराया गया था, उसके पायलट के लिए मानो 'यमराज के वाहन' को चलाना उसके जीवन का एक गौरवशाली क्षण था, तभी तो उसका नामकरण अपनी मां एनोला गे के नाम पर कर रखा था। जो दुष्टता की चरम सीमा थी।

जैसे-जैसे साल बीतते गए, उन भयावह घटनाओं की यादें- वे पिघलते मानव शरीर और वाष्पीकृत हुए बदन, धमाके के चलते घड़ी की थम गई सुइयां, और मशरूम रूपी बादल का भयानक आतंक जो सर्वनाश का प्रतीक बन गया -वक्त के साथ धुंधली होती गई। ऐसा होना नहीं चाहिए था। इतने विशाल स्तर और तीव्रता वाले सर्वनाश का खतरा एक व्यापक आत्मसंतुष्टि के तले दबता जा रहा है। युवा पीढ़ियां इस दुखद इतिहास से बहुत कम परिचित हैं, हालांकि यह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें ही काम करना होगा कि यह प्रलयंकारी घटना फिर कभी न घटने पाए।

यह सत्य है कि हिरोशिमा और नागासाकी के बाद से ही परमाणु हथियारों के इस्तेमाल करने को संयम बना रहा। परंतु इन परमाणु धमाकों के बाद की गई अनेकानेक आशावादी भविष्यवाणियों के विपरीत, परमाणु हथियार संपन्न देशों की संख्या मूल पांच (अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और चीन) से बढ़कर आज 9 हो गई है (इस्राइल, भारत, पाकिस्तान और उत्तर कोरिया के जुड़ने से)। यह भी तथ्य है कि परमाणु हथियारों का वैश्विक भंडार मुख्यतः अमेरिका और रूस के शस्त्रागारों में है, जिनकी गिनती शीत युद्ध के दौरान रही अधिकतम 40,000 से घटकर आज लगभग 14,000 रह गई है, आज भी अमेरिका और रूस के भंडार सबसे बड़े हैं। यह आशा की किरण कही जा सकती है, लेकिन जब तक परमाणु हथियार मौजूद रहेंगे, परमाणु सर्वनाश का खतरा मंडराता रहेगा।

चिंता की बात यह है कि परमाणु हथियार-मुक्त विश्व के आह्वान में नागरिक समाज की लामबंदी और सक्रियता का अभाव है। साल 1980 के दशक में, जब लेखक जिनेवा स्थित निरस्त्रीकरण समिति में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा था, तब यूरोप में परमाणु निरस्त्रीकरण को लेकर सबसे मुखर अभियान चला हुआ था। यहां तक कि महाबोधि सोसायटी अपने प्रमुख, फुजी गुरु के नेतृत्व में, परिषद कक्ष के बाहर खड़ी होकर शांति-मंत्र जपती रही, जो कि केवल एक जापानी कार्यकर्ता ही कर सकता था, दुनिया को यह याद दिलाने के लिए कि हिरोशिमा और नागासाकी परमाणु हथियार-मुक्त विश्व प्राप्ति में एक आवश्यक कारण बने रहें।

बाद में, सदी के अंत में, मैं 'ग्लोबल ज़ीरो' नामक आंदोलन का हिस्सा था, जिसने परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया के लिए जुनून और दृढ़ता के साथ अभियान चलाया। इसका नेतृत्व ब्रूस जी ब्लेयर ने किया था, जो कभी अमेरिकी परमाणु कमान और नियंत्रण केंद्र का हिस्सा रहे थे और परमाणु शांति की नाजुकता को अच्छी तरह समझते थे। ब्लेयर का 2020 में निधन हो गया और इस आंदोलन ने अपनी गति और ऊर्जा खो दी। मेरा मानना है कि वैश्विक स्तर पर नागरिक समाज आंदोलन के बगैर, परमाणु हथियार-मुक्त विश्व की कल्पना महज मरीचिका ही रहेगी। वैश्विक परमाणु नियंत्रण व्यवस्था की स्थिरता पर संदेह करने के कई कारण हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# राहुल गांधी की यात्रा, वोट चोरी और बिहार में एसआईआर

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान यह है कि यहां हर नागरिक को समान रूप से वोट देने का अधिकार प्राप्त है। ''एक व्यक्ति, एक वोट'' का सिद्धांत इस व्यवस्था की नींव है, और यही सिद्धांत देश को ''विविधता में एकता'' और जनशक्ति का वास्तविक स्वरूप बनाता है। लेकिन जब इसी मूलभूत अधिकार पर सवाल उठने लगें, और जब लोगों को यह महसूस होने लगे कि उनका वोट सुरक्षित नहीं है या किसी छिपी प्रक्रिया के जरिए उसे निष्प्रभावी बनाया जा रहा है, तो यह न सिर्फ एक व्यक्ति की बेबसी है, बल्कि लोकतांत्रिक ढांचे के डगमगाने का संकेत भी है।



शम्स आग़ाज़

इन्हीं चिंताओं के मद्देनज़र सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपनी हालिया यात्रा की शुरुआत बिहार से की है, जिसे ''वोट अधिकार यात्रा'' नाम दिया गया है। यह यात्रा केवल एक राजनीतिक दौरा नहीं है, बल्कि जनता के बीच जाकर इस बुनियादी सवाल को फिर से जीवित करने की कोशिश है कि क्या हमारा वोट वास्तव में उतना ही महत्वपूर्ण है जितना हमारे संविधान ने उसे माना है? यह यात्रा लोकतांत्रिक चेतना को जगाने की एक गंभीर पहल है जो आम नागरिकों को यह याद दिलाती है कि उनका वोट सिर्फ एक पर्ची नहीं, बल्कि एक ताकत है। यदि वोटिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल उठने लगेंगे, तो पूरे चुनावी तंत्र पर जनता का भरोसा डगमगा जाएगा। इसलिए ज़रूरी है कि हर संस्था, हर नागरिक और हर राजनीतिक दल इस अधिकार की रक्षा के लिए सजग और सतर्क रहे। एक जीवंत लोकतंत्र की नींव जनता के विश्वास पर टिकी होती है, और जब यह विश्वास कमजोर पड़ता है, तो पूरा तंत्र खतरे में पड़ जाता है।

यह यात्रा बिहार की धरती पर ऐसे समय में शुरू हुई है जब राज्य में मतदाता सूची को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। बिहार में चुनाव आयोग ने ''स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन'' यानी एसआईआर के नाम पर एक ऐसी प्रक्रिया शुरू की जिसका उद्देश्य यह बताया गया कि मतदाता सूची की सफाई और उसे दुरुस्त किया जाए। लेकिन आंकड़ों ने जनता को चौंका दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस प्रक्रिया के दौरान लगभग 65 लाख वोटरों के नाम सूची से हटाने की बात सामने आई। चुनाव आयोग के अनुसार इनमें से अधिकांश या मृत हैं, लेकिन राजनीतिक दलों और जन प्रतिनिधियों ने इसे बड़े पैमाने पर वोट चोरी और खास तबकों को मताधिकार से वंचित करने की कोशिश करार दिया। बिहार जैसे राज्य में, जहां गरीब, मजदूर, पिछड़े वर्ग और प्रवासी बड़ी संख्या में रहते हैं, वहां यह कदम सीधे-सीधे इन तबकों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर करने के समान समझा जा रहा है। विपक्ष ने चुनाव आयोग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह दरअसल सत्ता में बैठी सरकार के इशारे पर किया गया ताकि कमजोर वर्ग के वोट दबाए जा सकें।

इसी पृष्ठभूमि में राहुल गांधी ने बिहार में कदम रखा और जनता को यह समझाने की कोशिश की कि यह केवल सूची की सफाई नहीं बल्कि एक संगठित ''मताधिकार से वंचित



करने'' की साजिश है। उनका कहना है कि बिहार में 65 लाख वोटरों के नामों का सूची से गायब होना सिर्फ एक तकनीकी गलती नहीं बल्कि लोकतांत्रिक अधिकार पर डाका डालने के समान है। वह जनता को संबोधित करते हुए बार-बार यह नारा दोहराते हैं कि ''यह लड़ाई कांग्रेस या किसी एक पार्टी की नहीं, यह आप सभी की लड़ाई है, यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है।''

राहुल गांधी के इस बयान को और बल तब मिला जब उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आंकड़े पेश किए और कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में कई सीटों पर वोट चोरी की गई। उनका दावा है कि इन सीटों पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की हार केवल कुछ हजार वोटों के अंतर से हुई और ये वही जगहें हैं जहां सुनियोजित तरीके से वोटों में हेराफेरी की गई। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कुछ क्षेत्रों में एक ही व्यक्ति के नाम पर डुप्लीकेट वोट डाले गए, कहीं हजारों वोटरों को एक ही पते पर रजिस्टर कर दिया गया, कहीं फॉर्म 6 के गलत इस्तेमाल से हजारों फर्जी वोटर सूची में शामिल किए गए, और कई जगह मृत लोगों के नाम भी बनाए रखे गए ताकि फर्जी वोट डाले जा सकें। उनके अनुसार एक विस्तृत विश्लेषण में सामने आया कि 11,965 डुप्लीकेट वोटर, 40,009 फर्जी पते, 10,452 एक ही पते पर रजिस्टर वोटर, 4,132 गलत फोटो और 33,692 फॉर्म 6 के तहत झूठे नाम पाए गए। भले ही ये आंकड़े देश के विभिन्न हिस्सों से थे, लेकिन इसका उद्देश्य जनता को यह अहसास कराना था कि यह समस्या सिर्फ बिहार या किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारतीय लोकतंत्र पर हमला है।

अब सवाल यह है कि यदि सचमुच लाखों वोटरों के नाम मतदाता सूची से गायब हो जाएं या उन्हें किसी भी तरीके से वोट डालने से रोका जाए, तो इसके राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव क्या होंगे? सबसे पहला और तत्काल प्रभाव यह होगा कि जनता का लोकतांत्रिक प्रणाली पर विश्वास डगमगाने लगेगा। एक आम नागरिक, जिसने वर्षों तक यह यकीन रखा कि उसका वोट बदलाव ला सकता है, जब उसे पता चलेगा कि उसका नाम ही सूची में मौजूद नहीं है, तो वह खुद को न केवल बेबस बल्कि लोकतंत्र से कटा हुआ महसूस करेगा। दूसरा बड़ा असर उन सामाजिक वर्गों पर पड़ेगा जो पहले से ही हाशिए पर हैं । जैसे कि गरीब, दलित, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और प्रवासी मजदूर जो लगातार सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यदि इन तबकों को वोटिंग प्रक्रिया से वंचित कर दिया गया, तो उनकी आवाज़ राजनीतिक परिदृश्य से ग़ायब हो जाएगी। इसका मतलब सिर्फ चुनावी चुप्पी नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिनिधित्व का अभाव होगा।

इस स्थिति का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि लोकतंत्र एक प्रतिनिधि व्यवस्था होने के बजाय कुछ खास वर्गों तक सीमित हो जाएगा, जहां शक्तिशाली की आवाज़ तो सुनी जाएगी लेकिन कमजोर वर्ग हमेशा दबाया जाएगा। यह सिर्फ चुनावी प्रक्रिया का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे की आत्मा को चोट पहुँचाने जैसा होगा।

बिहार में राहुल गांधी की यात्रा का उद्देश्य केवल यह नहीं कि वे रैलियां और सभाएं करें, बल्कि वे एक पूरा नक्शा बनाकर राज्य के 20 से अधिक जिलों में जनता से सीधे संपर्क कर रहे हैं। सासाराम से शुरू होकर यह कारवां गया, नवादा, शेखपुरा, मुंगेर, भागलपुर, पूर्णिया, अररिया, सहरसा, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, सिवान, सारण, भोजपुर होते हुए पटना में समाप्त होगा। इस यात्रा की कुल दूरी 1300 किलोमीटर से अधिक है और इसे 16 दिनों में पूरा किया जा रहा है।

यह यात्रा एक प्रतीकात्मक संदेश है कि राहुल गांधी जनता के बीच जाकर उनसे सीधा संवाद करना चाहते हैं और उन्हें बताना चाहते हैं कि यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। राहुल गांधी ने अपनी सभाओं में बार-बार यह मुद्दा उठाया कि ''अगर वोट ही सुरक्षित नहीं है तो लोकतंत्र का क्या मतलब है?'' उनका कहना है कि सरकारें जनता के वोट से बननी चाहिए, न कि ताकत और सरकारी मशीनरी के खेल से। वे जनता को यह याद दिला रहे हैं कि यह देश अनगिनत कुर्बानियों के बाद हासिल हुआ है, और इसके संविधान ने हमें यह अधिकार दिया है कि हम स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद की सरकार चुन सकें।

# अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है विपक्ष

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल संख्याओं और मतों का खेल नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रक्रिया है जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सत्ता पक्ष जहां शासन संचालन और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है, वहीं विपक्ष लोकतंत्र का प्रहरी बनकर उसके हर कदम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, असंतोष को स्वर देता है और जनभावनाओं को दिशा देता है। लेकिन वर्तमान विपक्ष इन भूमिकाओं में नकारा साबित हो रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है, जिस तरह से विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण पर बेतूके एवं आधारहीन आरोप लगाये हैं, उससे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा तो आहत हुई ही है, लेकिन विपक्ष की भूमिका भी कठघरे में दिख रही है। यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेस कर वोट चोरी सहित ऐसे ही बेहूदा, आधारहीन एवं गुमराह करने वाले राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिन्दुबार जबाव दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के सन्दर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के भीतर देश से माफी मांगें। निश्चित ही राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक हो गया था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को धुंधलाने की सारी हदें पार चुके हैं।



ललित गर्ग

हाल के दिनों में जिस तरह चुनाव आयोग, मतदाता सूची और वोट चोरी के आरोपों को लेकर बहस छिड़ी है, उसने इस प्रश्न को फिर से गहराई से सोचने को बाध्य किया है कि क्या लोकतंत्र में विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अपनी भूमिका को प्रश्नों के घेरे में कब तक डालता रहेगा? विपक्ष बिना ठोस प्रमाण के बड़े आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर देता है। क्या जनहित के नाम पर जनता के व्यापक हित से जुड़े सुधारों का विरोध करना विपक्ष का शगल बन गया है? पिछले एक दशक से विपक्ष लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपनी भूमिका की बजाय उसे कमजोर एवं जर्जर करने में जुटा है। उसने सत्ता-पक्ष को घेरने के लिये जरूरी मुद्दों को सकारात्मक तरीकों से उठाने की बजाय विध्वंसात्मक तरीकों से विकास के जनहितकारी मुद्दों को भी विवाद का मुद्दा बनाते हुए सारी हदें पार कर पार दी है। आधार को बैंक अकाउंट से जोड़ने का मामला हो या अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो। सीएए-एनआरसी का मामला हो या हाल में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण अभियान हो। विपक्ष मोदी सरकार के इन विकासमूलक सुधारों को जनहित के खिलाफ बताते हुए मुखर विरोध कर रहा हैं, जो लोकतंत्र को धुंधलाने की एक



बड़ी साजिश प्रतीत होती है। निश्चित ही विपक्ष की इस खींचतान में सबसे बड़ी क्षति जनता की आस्था की होती है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता संदिग्ध बनाई जाती है, तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है। लोकतंत्र में हार-जीत से भी बड़ा मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता होता है। विपक्ष केवल सत्ता की आलोचना करने के लिए नहीं है। उसका दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी की अतिश्योक्तिपूर्ण वसूली, पर्यावरण, सफाई, नारी की असुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों को उजागर करे, ठोस विकल्प प्रस्तुत करे और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में योगदान दे। केवल आरोप-प्रत्यारोप में उलझकर यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा खर्च कर देता है तो वह जनता का विश्वास खो देता है। यही कारण है कि आज विपक्ष की स्थिति कमजोर मानी जा रही है, क्योंकि वह केवल आरोप लगाता हुआ दिखता है, समाधान प्रस्तुत करने में पिछड़ जाता है। सत्ता पक्ष को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि सहमति और पारदर्शिता से भी चलता है। यदि विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है तो सत्ता पक्ष का कर्तव्य है कि वह धैर्यपूर्वक उत्तर दे, जाँच के रास्ते खोले और हर आरोप को तथ्यों से परखे। विपक्ष को नकार देना लोकतंत्र को कमजोर करना है। जब सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ता है, तब न्यायपालिका अंतिम सहारा बनती है। यही कारण है कि आज बार-बार सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की माँग उठती है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है कि जनता और राजनीतिक दल चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं कर पा रहे। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका भी अब केवल विवाद सुलझाने की नहीं रह गई है, बल्कि लोकतंत्र के विश्वास को पुनः स्थापित करने की हो गई है, जबकि यह कार्य राजनीतिक दलों एवं चुनी हुई सरकारों का होता है। लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हों, शत्रु नहीं। विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ से ही विपक्ष को महत्व दिया है, उन्होंने संवेदनशील सरकार के साथ सृजनात्मक नेतृत्व का परिचय दिया है लेकिन विपक्ष जब आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से घिरा हो तो सकारात्मक दिशाएं कैसे उद्घाटित हो सकती है? आज की राजनीति में लोकतंत्र और विपक्ष के बीच खींचतान तेज़ है। यह टकराव लोकतंत्र को कमजोर करने वाला नहीं बल्कि उसे और परिपक्व बनाने वाला होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए और सत्ता पक्ष उसकी आलोचना को स्वीकार कर उत्तरदायित्वपूर्ण जवाब दे। तभी लोकतंत्र की असली शक्ति और जनता के विश्वास को बनाए रखा जा सकता है।

लोकतंत्र की शक्ति केवल सरकार में नहीं बल्कि एक सशक्त और रचनात्मक विपक्ष में भी निहित होती है। विपक्ष लोकतांत्रिक ढांचे का आवश्यक स्तंभ है, जो सत्ता पर निगरानी रखता है, नीतियों में कमियों को उजागर करता है और जनता की आवाज़ को सदन तक पहुँचाता है। लेकिन जब विपक्ष अपनी इस जिम्मेदारी को भूलकर केवल नकारात्मक राजनीति पर उतर आए, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होने लगती है और देश की छवि तथा स्थिरता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो जाता है। आज भारत का विपक्ष जिस तरह संसद को ठप करने, व्यक्तिगत हमलों, दुष्प्रचार और असंवेदनशील आचरण पर आमादा है, उसने लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। संसद सत्र, जहाँ जनता की समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए, वहाँ विपक्ष का रवैया अवरोध पैदा करने वाला अधिक दिखता है। महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा के बजाय नारेबाज़ी और वॉकआउट आम बात हो गई है। यह स्थिति केवल सरकार ही नहीं, पूरे राष्ट्र के लिए घातक है। इतिहास गवाह है कि जब-जब विपक्ष ने रचनात्मक भूमिका निभाई है तो लोकतंत्र और मजबूत हुआ है।

# तकनीक के साथ ही आगे बढ़ना होगा

**तकनीकी प्रगति के इस युग में चाहे आप शिक्षक हों, डॉक्टर हों, इंजीनियर हों, वकील हों या फिर किसान ही क्यों न हों, अगर पेशेवर कामयाबी चाहते हैं तो इस इंटरनेट तकनीकी का इस्तेमाल आना ही चाहिये। ई-मेल, गूगल वर्क प्लेस, एमएस ऑफिस, जूम आदि का उपयोग रोजमर्रा में अनिवार्य है। वहीं कार्यक्षेत्र में तकनीकी दक्षता हेतु डाटा एनालिसिस, कोडिंग, एआई तथा डिजिटल मार्केटिंग सीखना फायदेमंद है।**

यह तकनीकी क्रांति का युग है, तो हर जगह आपको तकनीक के साथ ही जीवन में आगे बढ़ना होगा। जहां तक कैरियर की बात है तो इस समय दुनिया में चौथी औद्योगिक क्रांति आ चुकी है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक चेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स एंड क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी तकनीकों से दूर रहकर या कटकर कैरियर में कामयाबी के शिखर पर नहीं पहुंच सकते। इसलिए अगर अपने कैरियर में नई ऊंचाइयां छूनी हैं तो तकनीक से जुड़ना ही समझदारी है।

चाहे आपकी उम्र 24 साल हो या 44 साल, डिजिटल साक्षरता की योग्यता आपमें कैरियर को आगे बढ़ाने के लिए होनी ही चाहिए। यह किसी भी योग्यता के मुकाबले कहीं ज्यादा आवश्यक बन चुकी है। आज ई-मेल, गूगल वर्क प्लेस, एमएस ऑफिस, जूम, टीम्स आदि की जानकारी के बिना पेशे में कामयाबी के पहले पायदान पर चढ़ना भी संभव नहीं है। चाहे आप शिक्षक हों, डॉक्टर हों, इंजीनियर हों, वकील हों या फिर चाहे आप किसान ही क्यों न हों, अगर अपने क्षेत्र में कामयाब होना चाहते हैं तो इस इंटरनेट का इस्तेमाल करना आपको आना ही चाहिये। ऐसा नहीं करेंगे तो आप दूसरों से पिछड़ जाएंगे, क्योंकि तकनीक का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपके काम की रफ्तार तकनीक का इस्तेमाल करने वालों की बराबरी नहीं कर पायेगी। वहीं इंटरनेट के स्मार्ट इस्तेमाल के बिना क्लाइंट और सहकर्मियों से बेहतर संवाद नहीं कर सकते। इंटरनेट में दक्ष हुए बिना आप मल्टी टॉस्किंग नहीं कर सकते। जबकि मल्टी टॉस्किंग आज जरूरी है।



आपने चाहे जितनी पढ़ाई की हो, लेकिन यदि आपके पास टेक्नोलॉजी की स्किल नहीं हैं तो आपकी एजुकेशन काम की नहीं। कैरियर में तेजी से आगे बढ़ने के लिए रोजमर्रा के कामकाज की टेक्नोलॉजी से जुड़ी स्किल आपमें होनी ही चाहिए। ऐसी जरूरी स्किल हैं।

**डाटा एनालिसिस :** अगर आप इंटरनेट के जरिये तेजी से डाटा एनालिसिस नहीं कर पाते यानी एक्सल, पॉवर बीआई, एसक्यूएल और पाइथन जैसी स्किल्स आपमें नहीं हैं, तो आपके प्रमोशन में दिक्कत आ सकती है। क्योंकि इन स्किल्स के बिना आजकल आप बेहतर निर्णय ले ही नहीं सकते।

**कोडिंग :** एचटीएमएल, टीएसएस, जावा स्क्रिप्ट और पाइथन जैसी भाषाएं सीखना तकनीक आधारित कैरियर्स के लिए अनिवार्य है। इनके बिना आगे बढ़ना संभव नहीं।

**एआई और मशीन लर्निंग :** आने वाले समय में हर क्षेत्र में एआई और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल होगा। हेल्थ केयर से लेकर कृषि तक। इसलिए एआई और मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी में दक्षता हासिल करनी ही होगी।

**डिजिटल मार्केटिंग :** सोशल मीडिया, एसईओ, कंटेंट मार्केटिंग जैसे कौशल, आज के हर व्यवसाय की रीढ़ हैं। बिना डिजिटल मार्केटिंग में पारंगत हुए आप मार्केटिंग के क्षेत्र में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते। इसलिए अगर मार्केटिंग में हैं या कैरियर बनाना चाहते हैं तो जल्दी ही डिजिटल मार्केटिंग में दक्षता हासिल कर लीजिए।

**ब्लॉक चेन और साइबर सुरक्षा :** अगर बैंकिंग, फाइनेंस, लॉ जैसे क्षेत्र में अपना कैरियर सुरक्षित करना चाहते हैं तो ब्लॉक चेन और साइबर सुरक्षा में टेक्नोलॉजिकल दक्षता लगभग शानदार कैरियर की गारंटी है।

अपने कार्य के लिए जरूरी तकनीकों में दक्षता हासिल करके आपके नौकरी लगने और प्रमोशन की संभावना सौ फीसदी तक बढ़ जाती है। वहीं आपका वेतन पहले के मुकाबले डेढ़ से दो गुना तक आसानी से बढ़ सकता है। इन तकनीकों में दक्ष होने के बाद आपके सामने फ्रीलासिंग में पूरी दुनिया की संभावनाएं मौजूद होंगी।

वह दौर गया जब हम अपने शहर को कोसा करते थे कि हमारे शहर में ये सुविधा नहीं है या हमारी पहुंच ऐसे संस्थानों तक नहीं है। यह ऑनलाइन का जमाना है। अब हर संभावना ऑनलाइन के जरिये आपके दरवाजे तक नहीं बल्कि आपकी अंगुलियों तक आ चुकी है। कैरियर में आगे बढ़ने के लिए जिन बुनियादी तकनीकों में दक्षता हासिल करने की जरूरत होती है, उन्हें आप बिना किसी इंस्टीट्यूट में गये, महज अपने मोबाइल की बदौलत दुनिया के बेस्ट से बेस्ट कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए कोरसेरा, ईपीडीएक्स, उडेमी, स्किल शेयर, अकेडमी, गूगल स्किल सॉफ्ट, यू-ट्यूब जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स मौजूद हैं। ये कोर्स करके आप समय के साथ कई तरह की तकनीक में दक्ष हो जाएंगे और अपनी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण एसेट साबित होंगे। घर बैठे इंटरनेशनल स्तर की शिक्षा और वोकेशनल कोर्स मौजूद हैं तो इनका फायदा उठाएं। जब आपके सीवी में ये स्किल्स मौजूद होंगी तो आप प्रतिस्पर्धा में आगे रहेंगे।

आज की वर्किंग कल्चर में तकनीक की भरपूर भागीदारी ने दूरस्थ क्षेत्रों में भी कैरियर के ग्लोबल अवसर पहुंचा दिये हैं। तकनीक ने भौगोलिक दूरियां मिटा दी है। आप हिंदुस्तान के किसी गांव में रहते हुए भी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के क्लाइंट्स के लिए काम कर सकते हैं। आपका पारिश्रमिक आपके खाते में पहुंच जायेगा। बस आपको इसके लिए ये करना होगा- अगर फ्रीलांस हैं तो अपवर्क, फ्रीलांसर, फाइवर, जैसे प्लेटफॉर्म्स पर अपनी स्ट्रांग प्रोफाइल बनानी होगी। भाषा, टाइम जोन और टूल्स विशेष का ज्ञान हासिल करना होगा। अच्छी इंटरनेट सुविधा भी जरूरी होगी। इन सुविधाओं की बदौलत आपको आमदनी के अनेक स्रोत हासिल होंगे। विदेशों की कंपनियों में घर बैठे ही काम करने के कई महत्पूर्ण मौके मिलेंगे। तकनीकी के इस युग में कैरियर संबंधी दक्षता हासिल करनी है और कामयाबी के शिखर पर पहुंचना है, तो यह विभिन्न कामकाजी तकनीकों से जुड़कर ही हो सकता है, इनसे कटकर नहीं।

# उत्तर प्रदेश अठारहवीं विधानसभा का वर्ष 2025 का द्वितीय सत्र अपने रचनात्मक विमर्श और अनुशासित कार्यवाही के लिए बना स्मरणीय

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** विधानसभा के इस सत्र में विकसित भारत - विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश विषय पर लगातार दो दिनों तक सतत चर्चा हुई, जिसने लोकतांत्रिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ता प्रदान की।

पत्रकार वार्ता में महाना ने बताया कि इस विमर्श ने विकसित भारत ङ्क विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना को और अधिक गहराई व व्यापकता प्रदान की है तथा यह भविष्य के लिए सकारात्मक दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगा।विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना जी ने बताया कि इस महत्त्वपूर्ण विषय पर सदन का प्रत्येक माननीय सदस्य अपने विचार प्रकट करना चाहता था। इसमें भाग लेने की होड़ दिखाई दी। जिन्हें बोलने का अवसर मिला वे संतुष्ट दिखे, वहीं समयाभाववश जिनको अवसर नहीं मिल पाया, उनमें हल्का असंतोष झलकता रहा।

उन्होंने बताया कि इस चर्चा में कुल 193 माननीय सदस्यों ने भाग लिया। इनमें – भारतीय जनता पार्टी : 105 अपना दल : 7 राष्ट्रीय लोक दल : 2 सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी : 2 निर्वल इण्डियन शोषित हमारा आम दल : 4 असम्बद्ध : 3 समाजवादी पार्टी : 65 कांग्रेस : 2 बहुजन समाज पार्टी : 1 तथा जनसत्ता दल : 2 सदस्य शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि कुल 193 सदस्यों में सत्तापक्ष के 120, विपक्ष के 70 तथा 3 असम्बद्ध माननीय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। मंत्रिपरिषद के कुल 31 सदस्य भी इस विमर्श में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त 24 महिला सदस्य– जिनमें 18 सत्तापक्ष से और 6 विपक्ष से थीं – ने भी अपनी महत्त्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि मानसून सत्र के दौरान सत्ता और विपक्ष– दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात खुलकर रखी। यही लोकतंत्र की वास्तविक खूबसूरती है। चार दिन के संक्षिप्त सत्र में जितना विधायी कार्य हुआ, उतना प्रायः लंबे सत्रों में भी नहीं हो पाता। कुल 32 घंटे 28 मिनट तक विधानसभा की कार्यवाही चली, जिसमें केवल 43 मिनट सदन स्थगित रहा। इस प्रकार स्थगन रहित समयावधि 31 घंटे 45 मिनट रही, जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। महाना ने बताया कि इस बार सदन में सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सभी सूचनाओं को ग्रहण किया गया। यह पहली बार हुआ है। नई नियमावली के अंतर्गत प्रत्येक सूचना पर सम्बन्धित विभाग से उत्तर प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे अब विभाग अधिक उत्तरदायी एवं सक्रिय हो गए हैं।महाना ने कहा कि 29 मार्च 2022 को विधानसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्रहण करने के बाद से प्रत्येक सत्र में कुछ नया करने का प्रयास किया गया है। परम्पराओं, संचालन और प्रक्रिया– तीनों ही स्तरों पर निरंतर नवीनता लाने का कार्य हुआ है, ताकि विधानमंडल की गरिमा और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा निरंतर समृद्ध होती रहे।



विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि आगामी वर्ष 20 और 21 जनवरी को अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 86वाँ सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश भर की विधानसभाओं के अध्यक्ष भाग लेंगे तथा राज्यसभा के उपसभापति भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएँगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी से इस आयोजन के लिए सहमति प्राप्त हो चुकी है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से उत्तर प्रदेश की प्रगति और विकास की झलक पूरे देश के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश की विधानसभाओं का नेतृत्व कर रहा है, जो अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारियाँ शीघ्र प्रारम्भ की जाएँगी। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आउट ऑफ टर्न उत्तर प्रदेश को यह अवसर प्रदान किया जाना प्रदेश के लिए विशेष सम्मान की बात है।

उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा के संरक्षण में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का विस्तृत कार्यक्रम, लोकसभा की टीम के आगमन के उपरांत तय किया जाएगा। सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिनिधियों को प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक वैभव से परिचित कराने के लिए अयोध्या, काशी, मथुरा और कुशीनगर आदि पावन स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने अवगत कराया कि इससे पूर्व यह सम्मेलन पटना और उससे पहले मुंबई में सम्पन्न हुआ था। सम्मेलन के लिए प्रत्येक बार एक थीम निर्धारित की जाती है, जिस पर देश की सभी विधानसभाएँ अपने विचार प्रस्तुत करती हैं। तत्पश्चात् एक महत्त्वपूर्ण संकल्प पारित होता है और उसके कार्यान्वयन की जिम्मेदारी इस बार उत्तर प्रदेश को दी गई है।

उन्होंने गर्वपूर्वक कहा कि देश की विधानसभाओं के विधायकों को प्रशिक्षण देने का उत्तरदायित्व भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी ने उन्हें सौंपा है। यह उत्तर प्रदेश के लिए न केवल सम्मान, बल्कि सौभाग्य की बात है।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सी.पी. राधाकृष्णन को दी बधाई



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी संसदीय बोर्ड के सभी सदस्यों का इस निर्णय के लिए आभारकेन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार के रूप में नामित किए जाने पर बधाई दी।ङ्क पर अपने एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक सांसद और विभिन्न राज्यों के राज्यपाल के रूप में सी. पी. राधाकृष्णन की भूमिकाओं ने संवैधानिक कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुझे विश्वास है कि उनका विशाल अनुभव और ज्ञान उच्च सदन की गरिमा बढ़ाएगा और नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा संसदीय बोर्ड के सभी सदस्यों का इस निर्णय के लिए आभार।

# राजीव गांधी सद्भावना यात्रा का मथुरा में भव्य स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में कर्नाटक के श्रीपेरंबदूर से शुरू हुई दिवंगत नेता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा मथुरा पहुंचने पर गोवर्धन चौराहे पर जोरदार स्वागत किया कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने बताया कि पिछले 34 वर्षों से निकाली जा रही राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा 9 अगस्त 2025 को कर्नाटक के श्रीपेरंबदूर से शुरू होकर दिवंगत नेता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की 81 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए 20 अगस्त 2025 को नई दिल्ली पहुंचेगी यह यात्रा कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश,उत्तर प्रदेश, हरियाणा के विभिन्न कस्बों और शहरों से होकर 20 अगस्त 2025 को वीर भूमि नई दिल्ली पहुंचेगी राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा को लेकर चल रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता आर दौराई जी और उनके साथ चल रहे सभी साथियों का गोवर्धन चौराहे पर पटका एवं माला पहनकर स्वागत किया गया और कहां की राजीव ज्योति यात्रा का उद्देश्य आतंकवाद विरोधी संदेश और राष्ट्र निर्माण में राजीव जी के योगदान को देश की एकता को मजबूत करते हुए प्रसारित करेगी राजीव ज्योति यात्रा भाईचारे, एकता और आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई का संदेश देंगी इस अवसर पर अशोक निषाद करण निषाद हाशिम हुमेर अनवर फारुकी शाहिद कुरेशी रिंकू गौतम मुस्लिम कुरैशी मोनू चौधरी हाकिम सिंह छोकर बनवारी चौधरी डॉ. राजा बाबू आजाद हरदेव सिंह सतीश शर्मा हरिओम उपाध्याय रज्जू कुरैशी सुरेश शर्मा सागर माहौल गौरव सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्टी मुसलमानों का वोट लेना चाहती है लेकिन जिला अध्यक्ष नहीं बनाएगी: डॉ. शेख

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ बी के कुशवाह ने की बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब डॉ ए ए शेख ने कहा कि अभी एकं दो दिन पहले कांग्रेस पार्टी ने 71 जिला अध्यक्ष बनाए हैं इस 71,=जिला अध्यक्षों की लिस्ट में मुस्लिम समाज से कोई नाम नहीं मिलेगा वी आई पी पार्टी के कुल हिंद सदर जनाब डॉ शेख ने कहा कि जब से देश आजाद हुआ है तब से लेकर आज तक मुसलमानों ने कांग्रेस पार्टी का साथ दिया है जिन समाजों की कांग्रेस पार्टी थी वो समाज अपने अपने फायदे के लिए कांग्रेस को छोड़ कर अन्य पार्टियों में शामिल हो गए हैं लेकिन मुस्लिम समाज आज भी मजबूती के साथ कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ा है उस के बदले में कांग्रेस ने मुसलमानों को।1000 से ज्यादा सांप्रदायिक दंगे दिए हैं न कभी आबादी के अनुपात में सरकारी नौकरी दी है आज देश का मुसलमान हर तरफ से परेशान हैं कांग्रेस पार्टी ने अगर मुसलमानों को वोट बैंक न माना होता ओर मुसलमानों को उन की आबादी के अनुपात में हक दिया होता तो आज देश में मुसलमानों की हालत दलितों से बद्तर नहीं होती श्री शेख ने कहा लोगों में भ्रम है कि कांग्रेस मुस्लिम हितैषी पार्टी है आज कांग्रेस के पास मुसलमानों के लिए जिला अध्यक्ष पद भी नहीं है इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नासिर खान ने कहा कि अब समय आ गया है कि मुसलमानों को झंडा उठाने नारा लगाने दरी बिछाने के अलावा भी अपना हक ओर सम्मान चाहिए और साथ में शासन प्रशासन और राजनीति में अपना हक लेना होगा जब की आज जरूरत है मुसलमान अपनी कयादत खड़ी करे ओर जो भी सरकार बने उस में शामिल हो कर अपने समाज के उत्थान के लिए उन का हक मांगे वी पी पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक डॉ बी के कुशवाह ने कहा कि आज देश का गरीब मुसलमान पिछड़ा अति पिछड़ा किसान युवा बेरोजगार परेशान है जो सरकार आती है इन समाजों की सपना दिखाती है पर देती कुछ नहीं है वंचितसमाज को अपना में से अपना नेता चुनना होगा तभी गरीब को उस का हक मिल सकेगा इस मौके पर मंसूर अली खान सफीर नरेंद्र सिंह असलम खान पवन सुखवीर वसीम राजू चौहान मुस्तकीम जय प्रकाश मुकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ता की समस्या का स्वयं संज्ञान लें

- व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्या निस्तारण सुनिश्चित करायें : डीएम
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने जनशिकायतें सुनकर कराया निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सोमवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया। उन्होंने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा। इतना ही नहीं जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी शिकायत में अनावश्यक विलम्ब न हो, पीड़ित को त्वरित न्याय



व राहत देना जिला प्रशासन का दायित्व है, जिसके लिए आप सभी यहां उपस्थित हुए हैं। शिकायतकर्ताओं की समस्या का स्वयं संज्ञान लें और व्यक्तिगत रुचि लेकर उसका निस्तारण सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जनशिकायत प्रणाली की समीक्षा करते हैं, इसलिए कार्य में लापरवाही बरतने की कोई गंजाइश नहीं है, अधिकारी पूरी निष्ठा से जनशिकायतों का निस्तारण करायें। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, पुलिस का 01, विद्युत के 02, विकास विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 11 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 04, विकास के 02, पूर्ति के 02, विद्युत का 01, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभाग के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, विकास के 03, पुलिस के 07, पूर्ति के 10 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें पूर्ति विभाग के 09 तथा विद्युत विभाग 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं। तहसील पाली में कुल 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 06, पुलिस विभा का 01 तथा नगर पंचायत का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# यमुना में स्टीमर, नौका चला रहे लोगों के वेरिफिकेशन की उठी मांग

- लोग बोले इस तरह की सेवा देने वालों के लिए तय किये जाएं मानक
- नशे में धुत स्टीमर चालक ने यात्रियों को दी धमकी
- मथुरा में बीच यमुना में नाव रोक कर ज्यादा पैसे मांगे, पुलिस के आते ही भागा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** यमुना में नाव और स्टीमर चलाने वालों के लिए मानक तय करने वालों और नियमित वैरीफिकेषन करने की मांग उठी है। यह उस घटना के बाद है जब एक स्टीमर चालक ने बीच यमुना में स्टीमर में बैठे लोगों से पैसे की मांग की और उन्हें डराया। विश्राम घाट पर एक स्टीमर चालक की करतूत से हड़कंप मच गया। सम्भल और बदायूं से आए श्रद्धालु स्टीमर से यमुना दर्शन कर रहे थे। नशे में धुत चालक ने बीच नदी में स्टीमर रोक दी। वह यात्रियों से जबरन अतिरिक्त पैसे मांगने लगा। विरोध करने पर चालक ने यात्रियों को धमकी दी। उसने कहा कि अतिरिक्त रुपये नहीं मिले तो यमुना में कूदकर सभी को डुबो देगा। चालक ने गुस्से में स्टीमर को जोरजोर से हिलाना शुरू कर दिया। इससे श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। डरे हुए श्रद्धालुओं ने किनारे पर खड़े लोगों से मदद मांगी। घाट पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। चालक नशे की हालत में स्टीमर को किनारे ले आया। श्रद्धालुओं ने जमीन पर उतरते ही राहत की सांस ली। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चालक श्रद्धालुओं को उतारकर फरार हो गया। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिस ने चालक पर 5 हजार रुपये का चालान काटने की बात कही। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की है। विपिन सारस्वत ने कहा कि नाव और स्टीमर चला रहे लोग मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। लोग अपने रिस्क पर यमुना भ्रमण करते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी तरह की अनहोनी होने पर लोगों को बचाव के लिए कोई सहायता मिलना मुष्किल हो जाता है। लोगों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि नोका स्टीमर वालों का तत्काल इनका वैरिफिकेशन करते हुए आमजनों व तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर इनका रजिस्ट्रेशन करते हुए रेट लिस्ट, बीमा आदि का नियम तत्काल प्रभाव से लागू कराया जाऐ?

# जल्द छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं हुए तो करेंगे आंदोलन: गौरव विश्वकर्मा



**ललितपुर, अवधनामा संवाददाता।** विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा ने कहा है कि पूरे उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विगत कई वर्षों से छात्र संघ के चुनाव बंद कर दिए गए हैं। अगर चुनावों को ऐसे ही स्थगित रखा गया तो पिछड़े, दलित, शोषित, वंचित, आदिवासी समाज से आने वाले छात्र-छात्राएं जो राजनीति में अपनी सेवा देना चाहते वो कैसे आगे बढ़ेंगे। क्योंकि छात्र जीवन ही राजनीतिक दृष्टि से राजनीति की प्रथम सीढ़ी है। छात्र अपनी प्रतिभा को समाज के सामने रख नहीं पाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं हुए तो छात्र सभा आन्दोलन को बाध्य होगी। उन्होंने पिछड़े, दलित, वंचित छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए छात्र संघ चुनाव बहाल कराने की मांग की है। इस दौरान राजकुमारी गौतम, अरशद, तुलसीराम अहिरवार, आकिब खान, संजय रजक, शुभी यादव, रिचा वर्मा, रुचि यादव, मोनिका, अंजलि, रवि खटीक, दीपक सेन, अमन खान, विशाल रजक, अमन झा, शहरोज खान, महिपाल, अभी जैन, शिवांश लिटौरिया, यागवेन्द्र फौजपुरा, अमन यादव, अमित कुशवाहा, अनस अहमद, रॉबिन यादव, अमित, सुनील पाल, पुष्पेंद्र यादव, भगवानदास पाल, सुशील, प्रदीप, उमेश, कृष्णकांत, प्रदीप, शिवा, शुभम, अखिलेश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परमात्मा प्रेम रूप में मौजूद है: निरंकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** दिल्ली से आए निरंकारी संत श्री सुरजीत सिंह नशीला जी ने यहां जयसिंह पुरा स्थित हनुमान बगीची में आयोजित संत समागम में सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश दिया, उन्होंने कहा कि परमात्मा से प्यार तो सभी कर रहे हैं, किन्तु परमात्मा से पहचान नहीं है, तभी तो सामने होते हुए भी हर कोई प्रभु को देख नहीं पा रहा है। उन्होंने कहा कि परमात्मा प्रेम रूप में मौजूद है, जिन्होंने प्रेम किया उन्होंने ही परमात्मा को पाया है। परमात्मा को मानना धर्म है और जानना ज्ञान है। प्रभु को जानकर ही हम प्रभु से प्रेम कर सकते हैं। निरंकारी संत नशीला जी ने कहा कि इंसान जागा दिख रहा है जबकि वास्तविकता में वह सोया हुआ है, दरअसल हमें जहां के लिए जागना था वहीं से कोसों दूर है और अज्ञानता की नींद में सो रहे हैं, जबकि मनुष्य जन्म ब्रह्मानुभूति के लिए ही हुआ है। उन्होंने कहा कि संसार में सत्य केवल परमात्मा है, बाकी सब झूठ है। सत्गुरू का धरती पर होना यह साबित करता है कि सत्य हमसे दूर नहीं है। निरंकारी सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से परमात्मा को जाना जा सकता है। जब सत्गुरू ज्ञान चशु देते है तभी परमात्मा हाजिर दिखता है, क्योंकि छवियों आकृतियों प्रतीक चिन्हों से परे परमात्मा सबसे न्यारा है। सत्गुरू प्यार सिखाता है सबको एक संग मिलाता है। इनके साथ दिल्ली से आए दर्शन सिंह जी, जगत सिंह जी, विक्रम जी,चंद्र प्रकाश जी ने गीत , कविता एवं विचार व्यक्त किए। संत भक्तों का स्वागत मथुरा के जानल इंचार्ज एच के अरोड़ा एवं भरत कुमार ने किया। मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि मंगलवार को संत समागम कृष्णा नगर स्थित रामलीला मैदान सभागार में शाम 4 बजे से होगा।

# अब थमेगा जिला अस्पताल से मरीजों को रैफर करने का सिलसिला

- जिला अस्पताल से मरीजों को रेफर करने कम आएगी 'नौबत'
- 17 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा है क्रिटिकल केयर सेंटर


**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिला अस्पताल से मरीजों को रेफर करने का सिलसिला थमेगा। जिला चिकित्सालय से मरीजों को रेफर करनी अब कम ही नौबत आएगी। क्रिटिकल स्टेज में मरीज का जीवन बचाने के लिए यह समय गोल्डन आवर होते हैं, इस दौरान नजदीक और जल्द अच्छी उपचार व्यवस्था मिलने पर मरीज की जान बच सकती है। जिला चिकित्सालय में परिसर में 17 करोड़ की लागत से इन्फ्रास्ट्रेक्चर मिशन योजना के अंतर्गत 50 बेड के क्रिटिकल केयर सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। काम बहुत तेजी से चल रहा है और अगले वर्ष में सेंटर जिला अस्पताल को मिलने की पूरी उम्मीद है। आग से झुलसे और जले मरीजों के लिए अभी जिला अस्पताल में अलग से वार्ड है लेकिन सुविधाएं बेहद सीमित हैं, हार्ट अटैक और एक्सीडेंट के मरीजों को भी जल्द और अच्छा इलाज संभव होगा। जिला अस्पताल से मरीजों को हालत गंभीर बता कर रेफर करने की परंपरा सी बन गई है। रेफर किये जाने के बाद मरीज और तीमारदारों के सामने परेशानी खड़ी हो जाती है। ऐसे मामलों जब मरीज की हालत गंभीर है और उसे तत्काल क्रिटिकल केयर की आवश्यकता है। इस स्थिति में जिला चिकित्सालय से रेफर की पर्ची मरीज के तीमारदारों को थमा दी जाती है। जिला चिकित्सालय से अधिकांश मामलों में आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए मरीज को रेफर किया जाता है। इसके अलावा कुछ लोग मिन्नत कर जयपुर के एसएमएस के लिए भी रेफर करा ले जाते हैं। इस स्थिति में कई मरीजों की समय से सही इलाज नहीं मिलने के चलते मौत भी हो जाती है।

# सेवा समर्पण संस्थान ने मनाया रक्षा सूत्र

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** वनवासी कल्याण आश्रम से सम्बृद्ध, सेवा समर्पण संस्थान, ललितपुर की जिला समिति एवं ललितपुर नगर इकाई द्वारा रक्षाबंधन का पर्व ÷रक्षा सूत्र÷ के रूप में बड़ी धूमधाम से पनारी एवं खिरिया खुर्द गांव के सहरिया बस्ती में मनाया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां भारती, माँ शबरी और बिरसा मुंडा जी के चित्र पर मयार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वंदना से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर हाकिम सिंह (जिला अध्यक्ष, सेवा समर्पण संस्थान) जी ने की। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के पर्व का महत्व भारतीय जनमानस में प्राचीन काल से है। ध्यातव्य है कि पुरातन भारतीय परंपरा के अनुसार समाज का शिक्षक वर्ग 'रक्षा सूत्र के सहारे देश की महान ज्ञान परंपरा की रक्षा का संकल्प शेष समाज से कराता था। अभी भी हम देखते हैं कि किसी भी अनुष्ठान के बाद 'रक्षा सूत्र के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को रक्षा का संकल्प कराया जाता है।



इस सबके मूल अध्ययन में यही ध्यान में आता है कि लोग शक्ति व सामर्थ्य के अनुसार समाज की रक्षा का संकल्प लेते हैं।

श्रीमान सुबोध गोस्वामी (मंत्रीनगर समिति, सेवा समर्पण संस्थान) जी ने बताया कि संघ के संस्थापक परमपूज्य डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी ने हिन्दू समाज में 'समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से इस उत्सव को मनाने का निर्णय उन्होंने इस संकल्प के साथ किया कि समस्त हिन्दू समाज मिलकर समस्त हिन्दू समाज का रक्षक बने। घासीराम जी (अध्यक्ष कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र) ने बताया कि रक्षाबंधन वैसे तो हिन्दू समाज के परिवारों में बहिनों द्वारा भाइयों को रक्षा सूत्र बांधना, यह इस पर्व का स्थायी स्वरूप था। संघ के उत्सवों के कारण इसका अर्थ विस्तार हुआ। सीमित अर्थों में न होकर व्यापक अर्थों में समाज का प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक वर्ग की रक्षा का संकल्प लेने लगा। समाज का एक भी अंग अपने आपको अलग-थलग या असुरक्षित अनुभव न करने पाये ङ्क यह भाव जाग्रत करना संघ का उद्देश्य है।

डॉक्टर जगवीर सिंह (नगर अध्यक्ष सेवा समर्पण संस्थान ललितपुर) ने अपने वक्तव्य में कहा कि महाविकट लंबे पराधीनता काल के दौरान समाज का प्रत्येक वर्ग ही संकट में था। सभी को अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं प्राण रक्षा की चिंता थी। इस कारण समज के छोटे-छोटे वर्गों ने अपने चारों ओर बड़ी दीवारें बना लीं। समाज का प्रत्येक वर्ग अपने को अलग रखने में ही सुरक्षा का अनुभव कर रहा था।

# ग्राम पंचायत मैनवार मे धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**ललितपुर।** ब्लाक बिरधा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैनवार मे धूमधाम से मनायी गई जिसमे भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर को टेक्टर से गांव की मुख्य गलियो से होते हुए कारस देव मंदिर तक भगवान श्रीकृष्ण की शोभा यात्रा निकाली जिसमे गांव के लोगो ने अपने अपने दरवार पर भगवान श्रीकृष्ण को तिलक लगाकर आरती की और सभी महिलाओ ने मिलकर मंगल गीत गाए और बच्चो और युवा लोगो ने डीजे पर बज रहे भगवान कृष्ण के गानो पर नाचते हुए दिखाई दिये बही बुंदेलखंड का प्रसिद्ध नृत्य राई पर नचनारी नाचती हुए दिखी जिनका नृत्य का प्रदर्शन देख लोग लोगो मे खुशहाली का माहोल बना और कारस देव मंदिर पर प्रसाद बितरण कर समापन किया

# राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया रक्षा सूत्र उत्सव का कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**




**ललितपुर।** राष्ट्र सेविका समिति खंड जखौरा स्वतंत्रता दिवस, रक्षा सूत्र उत्सव का कार्यक्रम बालाजी विद्या मंदिर विद्यालय में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राधिका तिवारी जिला कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र कुमार जिला पंचायत सदस्य, अमरेश सिंह लोधी , गौरव सैनी एवं विद्यालय प्रबंधक अरुण ताम्रकार ने मां सरस्वती एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । सभी बच्चों ने भारत माता के गीत गाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी,, उपस्थित सभी बहनों ने एक दूसरे की कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधकर उत्सव मनाया,,,,,राधिका तिवारी जी ने ने सभी बहनों को बताया कि हमने तो हमेशा आजादी में सांस ली है। गुलामी क्या है यह तो वही बता सकते हैं, जिन्होंने आजादी के लिए जान दी है,, प्राचार्या रानी द्वारा बताया गया कि कलाई पर बंधा हुआ रक्षा सूत्र संकल्प ,रक्षा एवं विश्वास का प्रतीक माना जाता है । कार्यक्रम में बहिन नेहा सामंत , विद्यालय से प्राचार्या रानी देवी , प्रियंका राजपूत ,अंजू राजा, एनी जैन , रचना चौबे , साधना सोनी , नैंसी सैनी , कीर्ति , निशा , रिया , सूर्यांशी, पूनम , डोली , निखिल , सुगंधा , आरजू राजा , शिवानी बुंदेला , शिवानी राजा , नेहा राजा , निधि पटेरिया , भावना , भारती , मीनू राजा , शेरसिंह राजपूत , महेंद्र राजपूत , राजीव प्रजापति , तेजवीर सिंह , गोलू राजा , तनु राजा , उस्मान श्याम सुंदर यादव आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्या रानी द्वारा सभी का आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया।

# री-केवाईसी कराकर अपने खातों को पुनर्जीवित करें: संजीब

अवधनामा संवाददाता



- आपके जीवन का सुरक्षा कवच हैं पीएमएसबीवाई व पीएमजेजेवाई: अभय कुमार
- बैंक आफइण्डिया का सामाजिक सुरक्षा एवं पुनर्जीवन योजनागत शिविर सम्पन्न

**उन्नाव।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार बैंक आफ इण्डिया द्वारा चलाये जा रहे त्रैमासिक वित्तीय समावेशन योजनान्तर्गत सामाजिक सुरक्षा एवं पुनर्जीवन योजना हेतु आम जनमानस को जागरूक करने हेतु दहीचौकी स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में वृहद शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बैंक आफइण्डिया प्रधान शाखा मुम्बई के जनरल मैनेजर संजीब सरकार व जोनल मैनेजर कानपुर जोन अभय कुमार व डीवाई जोनल मैनेजर जुगल किशोर, एलडीएम उन्नव आरके गौतम ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर संयुक्त रूप से किया। अपने सम्बोधन में जनरल मैनेजर श्री सरकार ने कहा कि आरबीआई के निर्देशानुसार बैंक आफ इण्डिया वित्तीय समावेशन के तहत सामाजिक सुरक्षा एवं पुनर्जीवन योजना का उद्देश्य आम जनमानस को अपने खातो की री-केवाईसी कराने के लिए जागरूक करना है। साथ ही बैंको द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेवाई, एपीवाई, एसएसवाई के बारे में लोगों को जागरूक कर इनका लाभ प्रदान करना है। इन योजनाओ के माध्यम से आप अल्प धन खर्च कर एक बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं जो आपके संकट के समय आपका कवच बनेगा। उन्होंने उपस्थित लोगो से दस वर्ष से अधिक समय से संचालित एवं डेड खातो की री-केवाईसी कराकर बैंको से जुड़ने की अपील की। जोनल मैनेजर कानपुर जोन अभय कुमार ने लोगों को री-केवाईसी का महत्व बताते हुए कहा कि यदि आप लोग अपने मृत खातो को री-केवाईसी कराकर पुनर्जीवित करवाते हैं तो सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ उठा सकते हैं, दैवी आपदा के समय सरकार द्वारा मिलने वाला अनुदान प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि सरकार अथवा बैंके अपने समस्त लेन-देन खातो से ही करती हैं और यदि आपका खाता ही अपडेट नहीं होगा तो आप कोई लाभ कैसे प्राप्त कर पायेंगे। उन्होंने पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेवाई पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दैनिक मजदूरपेशा, कामगार लोगो के लिए यह योजना एक सुरक्षा कवच का काम करती है। एक कम आय वाला दैनिक मजदूरपेशा व्यक्ति अपना बीमा नहीं करा सकता, परिणामतः उसके साथ कोई हादसा हो जाने पर उसका परिवार दर-बदर की ठोकरे खाने को मजबूर हो जाता है। यह योजनाएं बहुत ही अल्प धन के बदले आपको 2 लाख रूपये के लिए बीमित करती हैं। इनका उद्देश्य समाज के हर तबके को खुशहाल देखना है। कार्यक्रम को डीवाई जोनल मैंनेजर जुगल किशोर, एलडीएम उन्नाव आरके गौतम, निदेशक आरसेटी गौरव कुमार ने भी संबोधित किया। संचालन वित्तीय सलाहकार बीएन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर समस्त शाखा प्रबंधक, बैंक एवं आरसेटी कर्मचारी, बीसी संचालक तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की हुई मौत

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बगहा निवासी अमरेश पटेल उर्फप्रिंशु 28 वर्ष पुत्र सुनील की रविवार सुबह 6 बजे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा है। अमरेश पटेल कोतवाली क्षेत्र के गांव पांडेयपुर में मंदिर में कृष्ण जन्म के कार्यक्रम में टेंट व सजावट किए हुए थे रविवार सुबह कार्यक्रम स्थल पर लगी लाइट की झालर उतार रहे थे। उपर से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से अमरेश सर के बल नीचे आ गिरे जिससे सर फट गया। गांव के लोग सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे जहां मौजूद डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अमरेश दो भाइयों में बड़ा था छोटे भाई राहुल और माता सुनीता का रो-रोकर बुरा हाल है। अमरेश अभी अविवाहित था। मृतक टेंट व सजावट का कार्यकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

# स्वतंत्रता दिवस पर एआइपीएमएम कार्यालय पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** स्थित ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय कार्यालय पर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बच्चों का एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ जिला अध्यक्ष फैज मोहम्मद के द्वारा किया गया। श्री फैज ने कहा यह आजादी हमें बड़े मुश्किलों और कुर्बानियो से मिली है जिसे हमें बनाये रखने के लिये लगातार प्रयास करना है, देश निर्माण में हम जो कुछ भी अपने फील्ड में कर सकें हमें वह पूरी ईमानदारी से करने की जरूरत है। उन्होंने कहा हमें हर साल उन वीर योद्धाओं को याद करने का अवसर देता है यह स्वतंत्रता दिवस, मगर मैं यह कहता हूं हमें अपने योद्धाओं को याद ही नहीं बल्कि उनके दिखायें हुये रास्ते पर चलना है। इस अवसर पर तमाम बच्चों सहित संगठन के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष जुनैद अहमद, जिला महासचिव अजीम अहमद जिला उपाध्यक्ष नूरुल हसन, अमीर, माहिर, अदल अंसारी, कार्यालय सचिव एहतेशाम अयूबी आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में मनाया गया कृष्ण जन्म महोत्सव

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** रिज़र्व पुलिस लाइन में परंपरागत ढंग से कृष्ण जन्म पर्व महोत्सव के रूप में आयोजित हुआ। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में सजाए गए भव्य मंच पर दिव्य भक्ति नृत्य प्रस्तुतियों में दर्शक ताली बजाकर दर्शक भावविभोर हुए। सोनू सितारा और अमर महाकाल टीम ने इंडियन इवेंट सोल्यूशन्स के प्रबंधन में गणपति स्तुति, श्याम बंसी बजाते हो, गजब कर गयी हाय ब्रज की राधा, हे शम्भू बाबा मेरे भोलेनाथ, सत्यम शिवम सुंदरम, कृष्ण सुदामा नृत्य नाटिका, छप्पन भोग, अघोरी नृत्य, जय काली कलकत्ते वाली आदि पर बहुत ही मनोरम प्रस्तुतियां दीं। राइजिंग डांस अकादमी के कलाकारों और पुलिस लाइन की स्थानीय प्रतिभाओं का प्रस्तुतिकरण बड़ा सराहनीय रहा। उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी द्वारा झंडा मेकिंग में प्रथम परी तिवारी, द्वितीय अगम कुमार, तृतीय आदेश कुमार और मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम शिवांगी यादव, द्वितीय संयोगिता शुक्ला, तृतीय प्रिया सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों और राधा कृष्ण पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाली प्रतिभाओं को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत किया। आयोजन में श्री सुशील कुमार अपर जिलाधिकारी उन्नाव, अखिलेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी उन्नाव, प्रशिक्षु आई.पी.एस. दीपक यादव क्षेत्राधिकारी नगर, श्रीमती सोनम सिंह क्षेत्राधिकारी सफीपुर, प्रदीप मौर्या क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद के कुशल प्रबंधन में सांस्कृतिक समन्वयक डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉ मनीष सिंह सेंगर, सलाहकार शिल्पी श्रीवास्तव, उ0नि0 सुरेखा शर्मा, आरक्षी अजय यादव आदि को पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने उपस्थित होकर सबका उत्साह बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दीं। मंचीय कार्यक्रमों के उपरांत लाइन परिसर में सजाए गए मंदिर में पुलिस अधीक्षक व उनकी सहधर्मिणी तथा वामा सारथी जनपदीय अध्यक्षा अदिति मोर ने विधिविधान से पूजन अर्चन और रात्रि 12 बजे कृष्ण जन्म मनाते हुए लड्डू गोपाल को झूला झुलाकर सबको बधाइयां दीं।

## पुलिस ने विद्युत तार चोरों को किया गिरफ्तार

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली कन्नौज पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान घरोबंदी कर तीन शातिर विजली तार चोरों के पास से भारी मात्रा में सरकारी तार बरामद कर कार्रवाई की गई है। सोमवार को संदिग्ध व्यक्ति /वाहन चेकिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह नें उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, शेखर सैनी, हेड कांस्टेवल मनोज कुमार, विनोद, सुरेश कुमार, शिवशंकर शुक्ला, कांस्टेवल आशिक अली के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न स्थानों से विद्युत तार (केबिल) चोरी करने वाले शातिर अभियुक्तगण रोहित पुत्र लक्ष्मी नारायण दोहरे, छोटे सिंह पुत्र स्वर्गीय बारेलाल उर्फबांकेलाल, शेर सिंह उर्फ शेरा पुत्र स्वर्गीय राम किशनू निवासीगण सहिल्लापुर थाना कोतवाली कन्नौज के पास से चोरी किये गये कुल 09 बोरों में वजन 207.900 किलो विद्युत केबिल (तार) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेजा गया।

# इमामबारगाह सय्यद आलम अली में मजलिस और शब्बेदारी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** ग्राम शाहपुर सिरपुडा में अन्जुमन-ए का सज्जादिया (रजि0) द्वारा इमामबारगाह सय्यद आलम अली में मजलिस और शब्बेदारी का आयोजन किया गया। जिसमे ममियाख्वानी श्री इक़लीम रजा ने की तथा खिताबत जनाब मौलाना अखलाक मेंहदी साहब ने की। अपने ख़तिाब में मौलाना ने मौला हुसैन की कुर्बानी का जिक्र करते हुए बताया इमाम हुसैन (अ.स.) ने 3 दिन की भूख और प्यास बर्दाश्त की, उनके 6 महीने के बेटे अली असगर ने भी तीर भूख और प्यास के साथ तड़प तड़प कर 3 दिन कर्बला की तपती रेत पर अपनी जान दे दी इमाम हुसैन (अ.स.) ने यह भी बर्दाश्त किया। लेकिन वक्त के यजीद की गलत नीतियों का समर्थन नहीं किया इन्सानियत की खातिर पूरा घर तबाह हो गया। कर्बला की जंग में जो अपने को जीता हुआ समझ रहा था वो हार गया क्योंकि उसका नाम लेने वाला कोई बाकी नही रहा। हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) केवल मुसलमानों के इमाम नही कुल इंसानियत के इमाम आज भी लोगो के दिल मे ज़िंदा है। कार्यक्रम का संचालन मशहूर शायर हसीन हैदर जानसठी ने किया। तमाम रात शब्बेदारी में स्थानीय अंजुमनो के अलावा बाहर से आई अन्जुमन-ए-जाफर ए तय्यार, जानसठ मुजफ्फरनगर, अन्जुमन-ए-गुन्चा ए के इस्लाम, सिरसी, सम्भल, अंजुमन पंजेतनी, सेथल, बरेली, अंजुमन-ए अकबरी (रजि0) अमरोहा ने सलाम, नौहाख्वानी और सीनाजनी करके खिराज ए अक़ीदत पेश की।

कार्यक्रम का समापन सुबह 5 बजे हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय लोगो के अलावा बाहर से आये मोमिनिनो ने भारी तादाद में शिरकत की। अंत मे अंजुमन ए सज्जादिया के अध्यक्ष श्री गुलशन अब्बास और सचिव श्री चमन रज़ा ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर मुख्यरूप से गुलशन रज़ा, अकबर हुसैन, सफदर हुसैन, तंज़ीम रज़ा, राशिद हुसैन, मोहम्मद आदिल एडवोकेट, सफी अकबर, अली आदिल, डॉ सायम रज़ा, बहाल अख्तर, गुलाम हैदर, नफीस हैदर, अमीर रज़ा, साईम रज़ा, साबिर हुसैन, उरूज़ मेहदी, कैसर हुसैन, हुसैन हैदर, नदीम हुसैन, शोएब नबी, अनीस रज़ा, अमीर रज़ा, खुर्शीद अनवर, उर्फी आदि मौजूद रहे।

## गौ आश्रय स्थलों में गूँजे भजन-कीर्तन, जिलाधिकारी ने किया गौ माता का पूजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जनपद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर परंपरानुसार गौ आश्रय स्थलों में गौ माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व चेयरमैन उरई गिरिजा देवी ने सरसोखी स्थित गौशाला में आयोजित समारोहपूर्वक गो-पूजन कार्यक्रम में सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण और गौ-सेवा के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को गौ आश्रय स्थलों का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें गोपालन की उपयोगिता एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए गौ-सेवा के प्रति जागरूक होने का संकल्प लिया।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति और कृषि दोनों की आधारशिला है। श्रीकृष्ण के जीवन से हमें सीख मिलती है कि गोपालन केवल धार्मिक आस्था ही नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। जनपद के समस्त गौ आश्रय स्थलों में जनप्रतिनिधियों ने भक्तिभाव और उल्लास के साथ गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। भजन-कीर्तन और पूजा-अनुष्ठानों से पूरा वातावरण धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक आस्था से ओत-प्रोत हो उठा।

## कन्नौज में हुई कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा आयोजित



**कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** बीतेदिन कन्नौज में इंटरनेशनल स्पोर्ट एंड कराटे फेडरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों एवं कराटे क्लासों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस परीक्षा में मुख्य परीक्षक के रूप में शिहानदाई योगेन्द्र कुमार शर्मा, जनरल सेक्रेटरी इंटरनेशनल स्पोर्ट एंड कराटे फेडरेशन ऑफउत्तर प्रदेश एवं कोषाध्यक्ष सेन्सई सुनीति शर्मा तथा कन्नौज की महासचिव सेन्सई राखी कश्यप एवं सेन्सई आशुतोष खटीक के द्वारा संपन्न कराई गई इस परीक्षा में गौरांश मिश्रा, विवोन गुप्ता ,सक्षम तिवारी, आद्यन्त गुप्ता, सृति सिंह, वैष्णवी दीप, शिवांश सिंह, वेद आर्यन पाल एवं अर्जुन सिंह ने येलो बेल्ट की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। इसी प्रकार श्रुति सिंह एवं अर्जुन सिंह ने ऑरेंज बेल्ट तथा अर्नव राय एवं वेद आर्यन पाल ने ग्रीन बेल्ट की परीक्षा पास की वैष्णवी वर्मा ने पर्पल एवं पर्पल व्हाइट तथा दीक्षा ने पर्पल, पर्पल व्हाइट एवं ब्राउन थर्ड बेल्ट की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात उपरोक्त सभी परीक्षकों ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं उनके उत्तीर्ण की गई कलर बेल्ट पहनाकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा भविष्य में इसी प्रकार दिन प्रतिदिन अपने प्रदर्शन में सुधार करने हेतु प्रेरित किया।

## महिला को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट निवासी गुड्डी देवी पत्नी अमर सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 31 जुलाई को रात्रि 09 बजे वह घर की ओर जा रही थी तभी गांव के ही अजय पाल उर्फबृज किशोर व सियाराम ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी और सोलर लाइट तोड़ दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम काजीपुरवा निवासी जीतू पुत्र सुरेंद्र सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 17 अगस्त को 08:30 बजे लाइब्रेरी प्रीतम प्रताप सिंह उच्चतर विद्यालय ग्राम कटकैया में पढनें जा रहा था तभी गांव के ही अंकुश पुत्र बबलू यादव, दीपक पुत्र संजय यादव, अजय पुत्र जगमोहन यादव ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

## घरेलू कलह के चलते युवक ने लगायी फांसी

**उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र के दूलीखेड़ा के मजरे भरोसे का पुरवा निवासी राजेश पुत्र महाबीर 38 वर्ष ने पारिवारिक कलह के चलते रविवार सुबह लगभग 4 बजे घर के दरवाजे रखे छप्पर के बांस में दुपट्टे से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। मृतक खेती बाड़ी कर जीविकोपार्जन करता था। मृतक राजेश दो बहन व चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक के दो पुत्र साहिल 9 वर्ष व छोटू 6 वर्ष है।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने की गौशाला में की गौसेवा

**उन्नाव।** जन्माष्टमी के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा ने सिंगरौसी स्थित कान्हा गौशाला में गौ सेवा की। भाजपा नेता प्रवीण मिश्रा भानू ने कहा कि गौ सेवा सर्वोच्च सेवा है। उन्होंने कहा कि गाय को सिर्फ दूध के लिए नहीं पालना चाहिए। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी गौशाला पहुंचकर गौ सेवा में भाग लिया। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और गौ सेवा का यह आयोजन सभी के लिए ऊर्जादायक रहा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी संजय कुमार गौतम, गौसेवक पंकज सिंघल, मनीष सिंघल मौजूद रहे।

# जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

- निवेश और व्यापार संवर्द्धन पर जोर

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश सरकार की औद्योगिक निवेश एवं रोजगार संवर्द्धन नीति के अंतर्गत आज विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक में उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं को विस्तार से सुना और उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने और एक जिला एक उत्पाद योजना के माध्यम से स्थानीय उद्योगों व व्यापार को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि उद्यमियों से जुड़े प्रकरणों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जनपद में निवेश एवं व्यापारिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के लिए पुलिस व्यवस्था को और अधिक सशक्त किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक की सूचना न देने पर उपायुक्त उधोग को प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, उपायुक्त वाणिज्यिक कर अमित यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा व्यापार व उद्योग बंधु मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रेक किनारें शव पडा मिलनें से मचा हड़कम्प

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर में रेलवे ट्रैक के किनारे अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के काफी प्रयास किये गये लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सोमवार की सुवह क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के पीछे रेलवे ट्रैक के किनारे करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़े होने की सूचना समधन चौकी प्रभारी संजीव कटारा को दी गई। जिस पर उन्होनें मौके पर पहुंचकर मृतक के कपड़ों की तलाशी ली लेकिन उसके पास शिनाख्त संबंधी कोई भी प्रपत्र एवं वस्तु नहीं मिल सकी। शव पडे होनें की खबर पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और उसकी शिनाख्त का प्रयास किया गया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक के चेहरे और पैरों में चोट के निशान थे। ग्रामीणों में चर्चा है कि रात्री में किसी समय चलती ट्रेन से गिर गया होगा और घायल होने के बाद काफी देर पड़ा रहने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 'मेरा रंग दे बसंती चोला' नाटक का मंचन

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रंग उत्सव संस्था द्वारा मेरा रंग दे बसंती चोला नाटक का मंचन किया गया। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कहानी काकोरी ट्रेन कांड की घटना के इर्द-गिर्द घूमती है। विद्यालय प्रशासन नाटक में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं एवं निर्देशक को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया।

क्षेत्र के राजीवपुरम काली मिट्टी स्थित बीआरए सर्वोदय इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को उत्तर प्रदेश संस्कृति निदेशालय के सहयोग से रंग उत्सव संस्था द्वारा मेरा रंग दे बसंती चोला नाटक का आयोजन किया गया। नाटक का लेखन व निर्देशन क्षेत्र निवासी टीवी कलाकार सूरज गौतम ने किया। नाटक की कहानी में चंद्रशेखर आजाद के जन्म से लेकर देश की आजादी के लिए ब्रिटिश हुकुमत से लोहा लेने के दर्शाए गए दृश्य का उद्देश्य आम जनमानस में राष्ट्र भक्ति की चेतना जागृत करना है। नाटक की कहानी काकोरी ट्रेन कांड के इर्द-गिर्द घूमती है। नाटक में दिखाया गया कि दिसंबर 1921 में गांधी जी के असहयोग आंदोलन में 14 वर्ष की उम्र में शामिल बालक चंद्रशेखर को गिरफ्तार कर जब मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है तो मजिस्ट्रेट द्वारा उनका नाम पूंछने पर उन्होंने अपना नाम आजाद पिता का नाम स्वतंत्रता और घर जेलखाना बताया मजिस्ट्रेट ने उन्हें अल्पायु होने के कारण कारागार का दंड न देकर 15 कोड़े मारने की सजा सुनाई। आजाद हर कोड़े पर वंदेमातरम, भारत माता की जय के नारे लगाते है। संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत कलाकारों कार्यक्रम किया गया जिसमें चंद्रशेखर आजाद की भूमिका योगेंद्र पाल ने निभाई व रोहित बटोही, कोमल प्रजापति, अखिलेश अर्पित, प्रियांशी मौर्या, स्नेहा गौतम आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार, प्रबंधक विश्राम कुरील, अमित कुमार, डालचंद्र वर्मा आदि सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# एआइपीएमएम ने सुल्तानपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) के प्रदेश प्रभारी द्वारा संगठन के लोगों के साथ सुल्तानपुर अन्नू चैराहा पर सभी पदाधिकारी एवं पसमांदा समाज के लोग इकट्ठा होकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंच रस्ता सब्जी मंडी ठठेरी बाजार चैक मेजरगंज शाहगंज बाध मंडी होते हुए अनन्नू चैराहा पर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अफजल ने कहा कि आज हम 79 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे, अगर आज हमारे पूर्वज इस आजादी के लिये हमारे पूर्वजों ने अपने जान-माल की कुर्बानी दी है, उन्हें यह पता था कि हमें आजादी हो सकता है नसीब न हो मगर हमारी आने वाली नसले आजादी की फिजाओं में सांस ले सकेंगी। उनका यह विजन कामयाब रहा जिसका नतीजा यह है कि हम और हमारा देश पूर्ण रूप् से आजाद हुआ। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जलील अहमद, जिला अध्यक्ष गफ्फार घोसी, जिला उपाध्यक्ष खालिद मंसूरी जिला महामंत्री डॉक्टर इस्तेखार, जिला कोषाध्यक्ष हाजी अनवर सबबू, जिला मीडिया प्रभारी, जिला सचिव कमाल अहमद, जिला सचिव मोहम्मद नसीब, विधानसभा अध्यक्ष इसौली जावेद अहमद, उपाध्यक्ष अबू उबैदा, बाबू विधानसभा अध्यक्ष जयसिंहपुर असलम, नगर अध्यक्ष इशरत, रंगकी अनवर, मकबूल ,इदरीसी, तनवीर कुरेशी मकबूल कुरैशी, नैमूल राईन, रईस अहमद सलमानी, मुकर्रम शाह, हसीन चैधरी, रमजान धोबी, सिकंदर डफली, मोहम्मद अख्तर, इदरीसी, आदिल अहमद, मोहम्मद अफसर, मनन सलमानी, असगर धोबी, मोईद धोबी, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद अकमल, इकरार अहमद, मोहम्मद रफी, मकबूल नसीब, बाबू इसरार, अशरफ अख्तर, राशिद मिराज, मेराज सरताज, शब्बीर, सिराज, इब्राहिम, अरशद, शहाबुद्दीन, जलालुद्दीन, हासिम, अरशद, मैनुद्दीन, नसरू, पप्पू, नफीस, अरमान सिद्दीकी, माजिद, फहीम, आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# रौनक हॉस्पिटल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रौनक हॉस्पिटल लखनऊ में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ रौनक जी, डॉ फरीद अहमद और डॉ संतोष त्रिवेदी जी ने डोरी खींचकर ध्वजारोहण किया। फिर राष्ट्रगान हुआ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद डॉ संतोष त्रिवेदी ने कहा ये आजादी हमें ऐसे ही नहीं मिल है बल्कि हमारे महापुरुषों के बलिदान के बाद मिली है। ये दिन हमें उन महापुरुषों की याद दिलाता है जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में भी ज़रा सा संकोच नहीं किया। मैं भारत के उन वीर सपूतों को नमन करता हूं इस इन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर हम सभी भारत को नंबर वन बनाने का संकल्प लें और आजादी के इन नायकों के सपने के भारत का निर्माण करें। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जय हिन्द, भारत माता की जय, वन्देमातरम के नारे लगाए। इस अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय महासचिव मारूफ अंसारी, डॉ आशू अहमद, इनायत खान,सोनू खां, इफ्तिखार अहमद,दीपू अर्कवंशी सहित हॉस्पिटल का नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

# भाषा विवि: एफ.ओ.ई.टी. इंडक्शन प्रोग्राम 2025

- विशेष व्याख्यान बायोइंस्पायर्ड इंजीनियरिंग प्रकृति से विज्ञान की शिक्षा

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय (एफ.ओ.ई.टी.), जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 18 अगस्त 2025 को इंडक्शन प्रोग्राम 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर बायोइंस्पायर्ड इंजीनियरिंग- प्रकृति से विज्ञान की शिक्षा विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य नवागंतुक छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, जिन्हें सायंटून व सायंटूनिक्स के जनक तथा सीडीआरआई के पूर्व प्राचार्य वैज्ञानिक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने विज्ञान और कार्टून का रचनात्मक समन्वय प्रस्तुत करते हुए सायंटून के माध्यम से जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को रोचक एवं सरल तरीके से समझाया।

प्रो. श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान में बताया कि किस प्रकार प्रकृति सदैव सर्वोत्तम अभियंता रही है और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार की प्रेरणा देती है। उन्होंने पक्षियों के पंखों से लेकर कमल के पत्तों तक, विभिन्न प्राकृतिक संरचनाओं से प्रेरित इंजीनियरिंग समाधानों के उदाहरण प्रस्तुत किए, जो आज के युग में टिकाऊ और अभिनव तकनीकों का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सायंटून्स की प्रस्तुति रही, जिसमें हास्य के साथ-साथ जानकारीपूर्ण कार्टूनों के माध्यम से वैज्ञानिक विषयों को मनोरंजक और शिक्षाप्रद रूप में प्रस्तुत किया गया। छात्रों को इस माध्यम को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि वे अपनी वैज्ञानिक समझ और अभिव्यक्ति को और बेहतर बना सकें।

# तेजस्वी प्रकाश जैसी ग्लोइंग स्किन चाहिए, तो एक्ट्रेस का बताया हुआ होममेड फेस पैक कैसे बनाएं

टेलीविजन इंडस्ट्री और बिग बॉस 15 फेम एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस अपनी बेदाग खूबसूरती के लिए फैंस के बीच सबसे ज्यादा पॉपुलर है। तेजस्वी की खूबसूरती के उनके फैंस भी दीवाने है। क्या आप भी उनके ग्लोइंग त्वचा का राज जानना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। तेजस्वी प्रकाश ने अपनी बेदाग खूबसूरत त्वचा का सीक्रेट सोशल मीडिया पर शेयर किया। अब आप भी दमकती त्वचा पाने के लिए घर पर बना सकते हैं यह सीक्रेट होममेड फेस पैक। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।



***होममेड फेस पैक बनाने के लिए जरुरी चीजें***

- दो बड़े चम्मच बेसन
- एक चम्मच दही

***कैसे बनाएं ये फेस पैक***

इस पैक को बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन और 1 चम्मच दही डालकर अच्छे से मिला लें। इस पैक को लगाने से कई फायदे मिलते हैं। जैसे कि बेसन एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट है। बेसन से त्वचा को साफ करने से त्वचा में रंगत आती है। इतना ही नहीं, बेसन त्वचा से मुंहासों, काले धब्बों और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है।

***फेस पैक को यूज करने का तरीका***

इस फेस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप फेस पैक को पानी से धो लें।

# दुल्हन को पसंद आती है ट्रेडिशनल मारवाड़ी मेहंदी डिजाइन, आप भी करें ट्राई

शादियों का सीजन शुरू हो चुका है और इसी के साथ होने वाली दुल्हन एक अच्छी मेहंदी आर्टिस्ट तलाश करना शुरू कर देती हैं। वैसे तो आपको अपने-अपने शहर में अच्छा मेहंदी आर्टिस्ट मिल जाएगा। लेकिन हाथों में कैसी ब्राइडल मेहंदी लगवानी है, उसके लिए अच्छी डिजाइंस की तलाश रहती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे मेहंदी डिजाइंस दिखाने जा रहे हैं, जो आजकल हर दुल्हन को पसंद आते हैं। साथ ही इन मेहंदी डिजाइंस को लगाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता है। आपको बता दें कि मेहंदी डिजाइंस को लेकर आजकल की दुल्हन बहुत ज्यादा सिलेक्टिव हो गई हैं। ब्राइडल को ज्यादा पारंपरिक डिजाइंस अच्छी नहीं लगती हैं और न ही उनको मेहंदी लगवाने के लिए बहुत ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे में दुल्?हन की मेहंदी को ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉर्डन टचअप देने के लिए हम बहुत सारे एलिमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से मेहंदी की डिजाइन यूनिक हो जाती है।



***लेटेस्ट ब्राइडल मेहंदी डिजाइन***

ब्राइडल के हाथ पर मेहंदी रचानी हो या फिर दूल्हे की भाभी लगानी हो, तो मारवाड़ी ट्रेडिशनल मेहंदी काफी अच्छी लगती है। आप घर में आई मेहंदी आर्टिस्ट को इन फोटोज को जरूर दिखाएं। इससे वह हाथों पर सुंदर मोर और दुल्हा-दुल्हन के पैटर्न वाली डिजाइन काफी अच्छी लगेगी।

***ब्राइडल हिना डिजाइन***

दुल्हन के हाथों पर मेहंदी लगानी है, तो वह इस तरह के दूल्हा-दुल्हन के पैटर्न वाली हिना डिजाइन वाली मेहंदी लगवा सकती हैं।

***ट्रेडिशनल मेहंदी डिजाइन***

यह मेहंदी डिजाइन सिर्फ ब्राइडल ही नहीं बल्कि शादी वाले घर में बहन और भाभियां भी खूब पसंद करती हैं। यह मेहंदी डिइन नई नवेली दुल्हन वाला इफेक्ट भी देती है।

***फ्रंट हैंड मेहंदी डिजाइन***

अगर आपको फ्रंट हैंड पर मेहंदी लगानी है, लेकिन आपको मिनिमल डिजाइन पसंद है। तो आप इस तरह क्रिएटिव तरीके से ब्राइडल पैटर्न को फ्रंट हैंड पर लगवा सकती हैं।

***फुल हैंड मेहंदी डिजाइन***

फूल-पत्तियों के साथ फुल हैंड हिना डिजाइन बेहद अच्छी लगती है और आप इसको आसानी से लगवा सकती हैं।

***पिकॉक पैटर्न हिना डिजाइन***

मोर के पैटर्न वाली फ्रंट हैंड हिना डिजाइन मेहंदी अट्रैक्टिव होने के साथ ही इसको लगाना भी काफी आसान है। इस मेहंदी डिजाइन को भी महिलाएं खूब पसंद करती हैं।

***फ्रंट हैंड पिकॉक पैटर्न सिंपल डिजाइन***

बता दें कि पिकॉक पैटर्न की सिंपल और आसानी सी लगने वाली यह मेहंदी डिजाइन ब्राइडल की मम्मी पर खूब जंचेगी। साथ ही इस डिजाइन को लगाने में अधिक मेहनत भी नहीं लगती है।

# ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए ट्राई करें ये कश्मीरी स्टाइल सूट, हर कोई करेगा ड्रेसिंग सेंस की तारीफ

पार्टी से लेकर ऑफिस तक में न्यू लुक पाने के लिए महिलाएं अक्सर सूट पहनना पसंद करती हैं। सूट में कई तरह की डिजाइंस और पैटर्न देखने को मिल जाते हैं। जिनको आप कई खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन अगर आप किसी खास इवेंट पर न्यू और स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो आपको कश्मीरी स्टाइल वाले सूट कैरी करने चाहिए। इस तरह के सूट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं और आपको बेहद खूबसूरत लुक मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ कश्मीरी स्टाइल वाले सूट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको कैरी करने के बाद आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे।



***फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट***

न्यू लुक पाने के लिए इस तरह के सूट बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकते हैं। फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट में आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस सूट में फ्लोरल डिजाइन में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया है। इस सूट में पेंट स्टाइल में सलवार है, जो आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगा। इस तरह के सूट के साथ नेट का दुपट्टा या शॉल कैरी कर सकती हैं। मार्केट में आपको 2,000 रुपए तक में इस तरह का सूट मिल जाएगा। वहीं आप इस सूट के साथ बालों में बन बना सकती हैं और ज्वेलरी में झुमकी कैरी कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी सूट में आपको तमाम तरह के ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको सिंपल डिजाइन वाला सूट भी मिल जाएगा। लेकिन इस तरह के सिंपल सूट में जो दुपट्टा है, उसमें एम्ब्रॉयडरी की गई है। यह आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा और आप इसको ऑफिस या फिर किसी खास इवेंट में कैरी कर सकती हैं।

***सीक्विन वर्क कश्मीरी सूट***

अगर आप रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो आप इस तरह के सीक्विन वर्क कश्मीरी सूट भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको कई तरह के कलर और डिजाइन मिल जाएंगे। इस सूट को आप किसी पार्टी या फिर शादी आदि में स्टाइल कर सकती हैं। आप मार्केट से इस तरह के सूट 1,500 से 3,000 तक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। वहीं फुटवियर में आप कस्टमाइज्ड जूती वियर कर सकती हैं।

***प्रिंटेड कश्मीरी सूट***

बता दें कि न्यू लुक पाने के लिए यह प्रिंटेड कश्मीर सूट भी बेस्ट है। इस सूट में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। ऑफिस या किसी पार्टी में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का सूट वियर कर सकती हैं। वहीं आप मार्केट या फिर ऑनलाइन भी इस तरह के सूट सस्ते दामों पर ले सकती हैं। प्रिंटेड कश्मीरी सूट के साथ आप सिंपल ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं और फुटवियर में फ्लैट्स कैरी कर सकती हैं। प्रिंटेड सूट में आप व्हाइट कलर के कश्मीरी सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। वहीं आप इसमें ग्रीन कलर के प्रिंटेड सूट का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। जिनको आप खास मौके पर स्टाइल कर अपने लुक को बेस्ट बना सकती हैं।

# चमकती त्वचा पाने के लिए चावल के आटे में मिला लें यह एक चीज फिर देखें चमत्कार, पहले इस्तेमाल से दिखेंगा ग्लो

पुरुष हो या महिला हर किसी को बेदाग त्वचा की चाहत रहती है। हर किसी को क्लियर स्किन जरुर चाहिए। आजकल की खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह स्किन प्रॉब्लम देखने को मिलते है। कई महंगे-महंगे स्किन प्रोडक्ट्स और स्किन केयर सब ट्राई कर लिया लेकिन मनचाह रिजल्ट भी नहीं मिला। इसलिए आप नेचुरल चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। चावल का आटा स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है और स्किन केयर में इसका काफी यूज किया जाता है। इसके प्रयोग से आप कई स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा मिल सकता है।



***पिंपल के दाग को साफ करता है***

अगर आप मुहांसों के दाग को साफ करना चाहते हैं, तो आप कैस्टर ऑयल में फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन ई होता है जो स्किन की मरम्मत करने और दाग-धब्बों को मिटाने में मदद करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको चाहिए ऑर्गेनिक अरंडी का तेल और 2 बड़े चम्मच चावल का आटा। इसे फेस पैक को बनाने के लिए चावल के आटे में तेल मिला लें। फिर इस पोस्ट को मुहांसे के दाग पर लगाकर धीरे-धीरे मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

***डार्क सर्कल होंगे दूर***

डार्क सर्कल से छुटकारा पाने के लिए आपको चाहिए चावल में एक चुटकी हल्दी और टमाटर का रस मिलाएं। अब आप चावल के आटे और हल्दी का फेस पैक अपने काले घेरों पर लगाएं और 10 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। इन तीन चीजों में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं।

***हाइपरपिगमेंटेशन की दिक्कत भी होगी दूर***

हाइपरपिगमेंटेशन की समस्या को दूर करने के लिए चावल का आटा खूब काम आ सकता है।इस फेस पैक को बनाने के लिए नींबू और चावल के आटे का इस्तेमाल करें। दोनों चीजों मिलाने के बाद गुलाब जल की कुछ बूंदें मिलाएं और फिर पैक को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे ठंडे पानी से धोने से पहले 20 मिनट तक लगा रहने दें।

# ठंड में फटी एड़ियों से चाहिए छुटकारा तो एलोवेरा जेल की मदद से बनाएं ये फुट क्रीम

ठंड का मौसम हमारे पैरों के लिए काफी हार्श हो सकता है। नमी की कमी के चलते अक्सर पैरों में रुखापन व क्रैक्ड एड़ियों की समस्या हो सकती है। इस स्थिति में यह बेहद जरूरी है कि आप अपने पैरों की अतिरिक्त देखभाल करें। यूं तो मार्केट में कई तरह की फुट क्रीम मिलती हैं, लेकिन ये काफी महंगी होती हैं और इससे आपकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप खुद घर पर ही नेचुरल फुट क्रीम बनाकर तैयार करें। इसके लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। एलोवेरा जेल आपके पैरों को मॉइश्चराइज करने के साथ-साथ उसे सूदिंग अहसास करवाता है। जिसकी वजह से आपको ठंड में फटे पैरों की वजह से होने वाले दर्द से आराम मिलता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप ठंड के मौसम में अपने पैरों का ख्याल रखने के लिए एलोवेरा जेल की मदद से फुट क्रीम किस तरह बनाकर तैयार कर सकते हैं।



एलोवेरा जेल और शिया बटर फुट क्रीम

शिया बटर ठंड के दिनों में बहुत रूखी स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है, जबकि एलोवेरा जेल से आपको एक सूदिंग और कूलिंग इफेक्ट मिलता है।

***आवश्यक सामग्री***

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल

2 बड़े चम्मच शिया बटर

1 चम्मच बादाम का तेल

***फुट क्रीम बनाने का तरीका***

सबसे पहले शिया बटर को डबल बॉयलर या माइक्रोवेव में तब तक पिघलाएं जब तक यह पूरी तरह से चिकना न हो जाए।

अब पिघले हुए शिया बटर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।

बादाम का तेल डालें और क्रीमी होने तक फेंटें।

इसे ठंडा होने दें और एक एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।

आप इसे नहाने के बाद रोज़ाना एड़ियों पर लगाएं।

एलोवेरा जेल और नारियल तेल फुट क्रीम

एलोवेरा स्किन को गहराई से हाइड्रेट करता है, जबकि नारियल तेल नमी को लॉक करता है, जिससे फटी एड़ियों की समस्या ठीक होती है।

***आवश्यक सामग्री***

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल

2 बड़े चम्मच नारियल तेल

1 चम्मच विटामिन ई तेल

***फुट क्रीम बनाने का तरीका***

नारियल तेल को हल्का गर्म करें ताकि यह पिघल जाए।

अब एक छोटे कटोरे में एलोवेरा जेल और नारियल तेल मिलाएं।

इसमें विटामिन ई तेल डालें और मिश्रण के चिकना होने तक हिलाएं।

इसे एक छोटे जार में स्टोर करें।

सोने से पहले साफ पैरों पर अच्छी मात्रा में मालिश करें और मोजे से ढक दें।

# सर्दियों में स्किन का याल रखता है गुड़, इन तीन तरीकों से करें इस्तेमाल



ठंड के मौसम में हम सभी गुड़ का सेवन जरूर करते हैं। यह शरीर को गरमाहट प्रदान करता है। लेकिन क्या आपको पता है कि गुड़ ठंड के दिनों में आपकी स्किन का ख्याल भी रख सकता है। सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है। गुड़ को आप कई अलग-अलग तरीकों से अपने विंटर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि ठंड के दिनों में अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए आप गुड़ का इस्तेमाल किस तरह करें।

***गुड़ और शहद से बनाएं फेस मास्क***

ठंड के मौसम में अपनी स्किन की नमी को बनाए रखने और डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप गुड़ और शहद की मदद से फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल करें।

***आवश्यक सामग्री***

1 बड़ा चम्मच गुड़ पाउडर या कुचला हुआ

1 बड़ा चम्मच शहद

***इस्तेमाल का तरीका***

सबसे पहले गुड़ को शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाएं।

अंत में, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और स्किन को मॉइश्चराइज करें।

***गुड़ से बनाएं लिप बाम***

ठंड के मौसम में होंठों के रूखेपन या फटने की समस्या बेहद आम है। ऐसे में आप गुड़ की मदद से लिप बाम बनाएं। यह आपके होंठों की नमी को बनाए रखने में मदद करेगा।

***आवश्यक सामग्री***

1 चम्मच गुड़

1 चम्मच घी या नारियल का तेल

***इस्तेमाल का तरीका***

गुड़ को घी या नारियल के तेल के साथ मिक्स करें।

अब इसे अपने होठों पर लगाएं।

आप हर दिन इसका इस्तेमाल कर सकती हैं और सर्दियों में भी होंठों को मुलायम बनाए रख सकती हैं।

***गुड़ से बनाएं स्क्रब***

गुड़ की मदद से स्क्रब भी बनाया जा सकता है। आप इसके साथ ओट्स या चीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

***आवश्यक सामग्री***

1 बड़ा चम्मच गुड़

1 बड़ा चम्मच पिसा हुआ ओट्स या चीनी

1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल

***स्क्रब बनाने का तरीका***

सबसे पहले गुड़ को पिसे हुए ओट्स या चीनी के साथ मिक्स करें।

अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं।

इसे अपने चेहरे या शरीर पर लगाकर मसाज करें और धो लें।

# सफेद बालों की समस्या दूर होगी, घर में बना यह तेल, बाल होंगे काले

आजकल युवाओं से लेकर बड़ों लोगों को सफेद बालों की समस्या से जूझ रहे हैं। हमारी जीवनशैली और खानपान का असर हमारे शरीर में जरुर देखने को मिलता है। कई कारण से बालों का सफेद होने की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। यदि आप भी बालों के सफेद होने से परेशान हैं, तो घर में बने इस हेयर ऑयल को जरुर लगाएं। जो बालों को काला कर देगी और बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।



***बालों को काला करने वाला हेयर ऑयल बनाने का तरीका***

- 1 कप कलौंजी
- 1 कप सरसों का तेल
- पानी

***कैसे बनाएं बालों को काला करने वाला तेल***

- इसके लिए आप एक कप कलौंजी को किसी कांच के बर्तन में रातभर के लिए भिगोकर छोड़ दें।

- अगली सुबह इस पानी के साथ कलौंजी को पीसकर पेस्ट बना लें।

- फिर आप किसी लोहे की कड़ाही में ये पेस्ट और सरसों का दो कप तेल डालकर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि ये पककर आधा ना होने लगे। गैस की फ्लेम को बंद कर दें और ठंडा होने जाने दें।

- अब किसी मलमल के कपड़े से इसे अच्छे से छान लें और तेल को किसी कांच की शीशी में भरकर रख लें और तैयार है बालों को नेचुरली काला करने वाला तेल।

***कैसे बालों पर लगाएं यह ऑयल***

रात को सोने से पहले आप बालों को जड़ो और जिन जगहों पर बाल सफेद हो रहे हैं वहां हेयर ऑयल लगा लें। पूरी रात के लिए छोड़ दें फिर अगली सुबह शैंपू से बालों को धो लें। लगातार कई सप्ताह बालों में तेल लगाने से बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।

# कोलेजन को बूस्ट करने में माहिर है ये फल, स्किन बनेंगी चमकदार

चमकदार और अच्छी त्वचा पाने के लिए कोलेजन का होना काफी जरुरी है। यह एक प्रकार का प्रोटीन है, जो स्किन मेजर बिल्डिंग ब्लॉक होता है और स्किन स्ट्रक्चर, स्ट्रेंथ और इलास्टिसिटी बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप भी नैचुरली तरीके से कोलेजन को बूस्ट करना चाहती हैं, तो आप अपने डाइट में कुछ फलों को जरुर शामिल करें। चलिए आपको इन फलों के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन करने से कोलेजन बूस्ट होता है।



***संतरे***

संतरे में सबसे ज्यादा विटामिन सी मौजूद होती है, जो शरीर को डैमेज होने से बचाता है। संतरे के सेवन से चेहरे पर चमक आती है। रोजाना एक या दो संतरे खाने से काले धब्बे, मुंहासों के दाग हल्के हो जाते हैं।

***बेरीज***

जितनी भी बेरीज मौजूद है जैसे कि-स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी और क्रैनबेरी में कोलेजन मात्रा भरपूर होती है। इन सभी बेरीज में जरुरी विटामिन सी होता है। जो कि स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। आमतौर पर इन बेरीज में एलाजिक एसिड होता है, जो आपकी स्किन को यूवी डैमेज से बचाता है।

***ट्रॉपिकल फ्रूट्स***

कोलेजन के बढ़ाने के लिए आप अनानास, कीवी, पैशन फ्रूट, आम और अमरूद जैसे फलों का सेवन करना जरुरी है। यह फल के स्वाद के साथ ही शरीर को आंतरिक रूप से पोषण देता है। तरबूज में पानी की मात्रा सबसे ज्यादा होती है और स्किन का हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, पपीते में पपेन नामक एक एंजाइम होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है।

***ग्रेप फ्रूट***

अंगूर में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट सबसे ज्यादा पाया जाता है। यह स्किन की इलास्टिसिटी में सुधार करने में मदद करता है। अंगूर खाने से हयालूरोनिक एसिड की भरपाई होती है। इससे आपको कोलेजन भी काफी बढ़ता है।

***एवोकाडो***

यह फल हेल्थ के साथ ही स्किन के लिए काफी फायदेमंद है। एवोकाडो खाने से स्किन की लोच बढ़ेगी और त्वचा मुलायम और कोमल बनेगी। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई मौजूद होता, जो स्किन के कोलेजन को बढ़ाता है।

# आठ साल में चार विमान हुए हादसे का शिकार, सरकार सख्त; बदले जाएंगे नियम

**विमान**

**साल 2017 में 24 विमान थे जो घटकर 13 रह गए हैं। नए विमानों के लिए 25 करोड़ रुपये का बजट तय हुआ है।**



**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी ने आठ वर्षों में चार ट्रेनर विमान हादसों में खो दिए। साल 2017 में 24 विमान थे जो घटकर 13 रह गए हैं। नए विमानों के लिए 25 करोड़ रुपये का बजट तय हुआ है। पायलट प्रशिक्षण बढ़ाने के लिए गोंदिया में नया बेस शुरू किया गया है। साथ ही भारत 2027 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्बन उत्सर्जन घटाने की योजना CORSI का पालन करेगा। उत्तर प्रदेश स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (आईजीआरयूए) ने पिछले आठ वर्षों में चार ट्रेनर विमान हादसों में गंवा दिए। सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में जानकारी दी कि इस दौरान अकादमी के बेड़े में विमान की संख्या घटकर लगभग आधी रह गई है। 2017 में आईजीआरयूए के पास 24 ट्रेनर विमान थे, जबकि फिलहाल केवल 13 विमान ही बचे हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि विमान घटने की दो प्रमुख वजहें हैं। सात विमानों की निर्धारित सेवा अवधि पूरी हो गई, जबकि चार विमान हादसों में नष्ट हो गए। मंत्री ने कहा कि उड़ान प्रशिक्षण की बढ़ती मांग को देखते हुए केंद्र सरकार ने 2024-25 के लिए अकादमी को नए ट्रेनर विमान खरीदने हेतु 25 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। आईजीआरयूए देश में पायलटों की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए अब हफ्ते के सातों दिन उड़ान प्रशिक्षण दे रही है। अकादमी ने अपने मुख्य बेस के अलावा महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित बिरसी एयरपोर्ट पर भी स्थायी उड़ान प्रशिक्षण की व्यवस्था शुरू की है। सरकार का कहना है कि आगे अन्य जगहों पर भी अतिरिक्त उड़ान बेस तैयार करने की योजना है, ताकि सालभर लगातार प्रशिक्षण दिया जा सके। मोहोल ने एक अन्य लिखित जवाब में कहा कि भारत में बड़े पैमाने पर सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) का उत्पादन और उपयोग कई चुनौतियों से जुड़ा है। इनमें उच्च पूंजी और संचालन लागत, महंगा कच्चा माल, बिखरी सप्लाई चेन और एयरलाइंस व ऑयल कंपनियों के बीच दीर्घकालिक समझौते की कमी शामिल है। इसके अलावा टैक्स छूट और सब्सिडी जैसी नीतिगत सहायता का अभाव भी बड़ी बाधा है। भारत ने आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन) के कार्यक्रम से जुड़कर CO2 उत्सर्जन को कम करने का लक्ष्य अपनाया है।

## संजय सिंह की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला पहले से ही इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित है, इसलिए हाईकोर्ट ही इस पर अंतिम फैसला लेगा। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह मामला बच्चों के शिक्षा के अधिकार से जुड़ा है और इसे उच्च न्यायालय ही देखे। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से 105 सरकारी प्राथमिक विद्यालय बंद करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। अदालत ने कहा कि चूंकि यह मामला पहले से ही इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित है, इसलिए वही अदालत इस पर फैसला लेगी। मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि स्कूल बंद करने से हजारों बच्चों की शिक्षा खतरे में पड़ जाएगी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने माना कि मामला गंभीर है और हाईकोर्ट को इसे प्राथमिकता से निपटाना चाहिए।

# शशि थरूर ने की शुभांशु शुक्ला की जमकर तारीफ, किरेन रिजिजू ने की विपक्ष से खास अपील

**मिशन**

**मैं कहना चाहता हूं कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के आईएसएस के हालिया मिशन पर सभी भारतीयों को गर्व है।**



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की उपलब्धियों पर आज लोकसभा में चर्चा की गई। हालांकि इस दौरान विपक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया। वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर कहा कि भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वकांक्षाओं के लिए शुभांशु शुक्ला का यह मिशन महत्वपूर्ण है और गगनयान मिशन के लिए एक सही कदम है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को पुष्टि की कि विपक्ष ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सम्मान में लोकसभा में चर्चा में शामिल नहीं होगा। हालांकि थरूर ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला की जमकर सराहना की। थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, चूंकि विपक्ष इस विशेष चर्चा में हिस्सा नहीं ले रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के आईएसएस के हालिया मिशन पर सभी भारतीयों को गर्व है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वकांक्षाओं के लिए शुक्ला का यह मिशन महत्वपूर्ण है और गगनयान मिशन के लिए एक सही कदम है। थरूर ने कहा, शुक्ला के इस मिशन से इसरो को ऐसी जानकारी और अनुभव मिले हैं, जो प्रयोगशालाओं में नहीं मिलते। लॉन्चिंग से पहले की प्रक्रियाओं, अंतरिक्षयान प्रणाली और शून्य गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) में होने वाले मानसिक और शारीरिक प्रभावों पर उनके प्रत्यक्ष अनुभव गगनयान मिशन की तैयारियों को सुरक्षित सटीक बनाने में बेहद अहम हैं। उन्होंने आगे कहा कि आईएसएस पर शुक्ला के रहने से भारतीय इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को पहली बार अंतरिक्ष से असली माहौल में स्वदेशी प्रणाली और प्रक्रियाओं की जांच करने का अवसर मिला। थरूर ने कहा, अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य और पौधों की वृद्धि से जुड़े कई वैज्ञानिक प्रयोग किए गए, जिनसे तकनीकी और वैज्ञानिक प्रमाण हासिल हुए हैं। इन निष्कर्षों का सीधा उपयोग उन्नत जीवन-रक्षा और चिकित्सा प्रणाली के विकास में होगा, जो गगनयान मिशने के लिए आवश्यक हैं।

## नकली कीटनाशक बेचने वालों की खैर नहीं: इस घटना के बाद मंत्री शिवराज ने लिया ये फैसला



**नई दिल्ली।** नकली खाद-बीज और कीटनाशकों की बिक्री के मामले में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को कृषि मंत्री ने इसी संदर्भ में मंत्रालय में बैठक ली। इसमें कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मंत्री चौहान ने नकली खाद-बीज व कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा, किसानों की फसलें खराब होने को सभी अधिकारी अत्यंत गंभीरता से अधिकारी लें, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सकें। उन्होंने अफसरों से व्यापक पैमाने पर छापेमारी और खेतों में जाकर जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। नकली खाद-बीज और कीटनाशकों के कारण कोई एक नहीं, बल्कि विभिन्न जिलों में सैकड़ों किसान परेशान हो रहे हैं। कई जगह से ऐसी शिकायतें आती है, किसान बोलते हैं कि खेत में दवाई डाल रहे हैं पर इसका असर नहीं हो रहा है, मैं तो बहुत चिंतित हूं। इन किसानों की पीड़ा को गंभीरता से समझा जाना चाहिए। उन्होंने बैठक में बताया कि मैंने रविवार को खुद किसान के खेत में जाकर देखा है। एक दवाई किसान ने डाली, जिसके कारण सोयाबीन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। कल जब मैंने खेत में देखा तो सैकड़ों किसान वहां मौजूद थे। इन सबने मुझे शिकायतें की परेशानी बताई। बाजार में ऐसी घटिया या नकली दवाई, खाद-बीज बेचने वालों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाना चाहिए, इनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं।

# शोभा यात्रा के दौरान करंट की चपेट में आया रथ, पांच की मौत और कई जख्मी

**हैदराबाद।** जन्माष्टमी जैसे धार्मिक और उल्लास के मौके पर हुए इस हादसे से इलाके में गहरा शोक है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसी यात्राओं के दौरान बिजली विभाग और पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें, ताकि धार्मिक आस्था का पर्व हादसों में न बदल जाए।

हैदराबाद के रमंतापुर इलाके (उप्पल पुलिस स्टेशन क्षेत्र) में सोमवार देर रात जन्माष्टमी शोभा यात्रा के दौरान बड़ा हादसा हो गया। भगवान कृष्ण की शोभा यात्रा के दौरान एक रथ ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों के संपर्क में आ गया। इसके चलते करंट फैल गया और मौके पर अफरातफरी मच गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर



रूप से घायल हुए। स्थानीय निवासी जगदीश ने बताया, %हर साल यह शोभा यात्रा होती है। इस साल भी यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर थी और संगम की ओर बढ़ रही थी। तभी बिजली की तारें बारिश के पानी और रथ के संपर्क में आ गईं। लोग तुरंत ष्क्क देने लगे और एंबुलेंस को बुलाया गया, लेकिन देर हो गई। कई लोगों को स्थानीय वाहनों और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय अस्पताल में सही इलाज न मिलने से उन्हें गांधी अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।हादसे में अपने चचेरे भाई को खो चुके साई किरण ने कहा, कल रात मेरी आंखों के सामने मेरा भाई करंट लगने से चला गया। यात्रा लगभग खत्म ही हो रही थी कि तारें रथ से टकरा गईं। लगभग नौ से 14 लोग करंट की चपेट में आए। इनमें से पांच ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामले में उप्पल पुलिस थाने के इंस्पेक्टर ने बताया कि %यह हादसा तब हुआ जब रथ ऊपर से गुजर रही बिजली के तार के संपर्क में आ गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।% हादसे की गंभीरता को देखते हुए मशर्रफ अली फारूकी, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा, जांच में पता चला है कि टीवी केबल कनेक्टर बिजली की लाइनों से टकरा गए और तार रथ से जुड़ गया। इसी से यह दर्दनाक हादसा हुआ। मैंने पूरी घटना की जानकारी ली है और इसे उपमुख्यमंत्री के सामने रखूंगा। मृतकों के परिवारों को आर्थिक मदद देने पर भी चर्चा की जाएगी।

## जिस बैठक में पत्नी का नाम चुना गया, उसमें पति का होना संदेहास्पद

**नई दिल्ली।** सिब्बल की दलील पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने भी माना कि जिस बैठक में प्रोफेसर नईमा को कुलपति चुना गया, उसमें उनके पति मोहम्मद गुलरेज को शामिल नहीं होना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की पहली महिला वाइस चांसलर प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति के मामले पर सुनवाई करते हुए कुछ सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिस बैठक में पत्नी का नाम चुना गया, उस बैठक में पति और तत्कालीन वाइस चांसलर का मौजूद रहना संदेह पैदा करता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने प्रोफेसर मुजफ्फर उरूज रब्बानी और प्रोफेसर फैजान मुस्तफा की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये बात कही। याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में प्रोफेसर खातून की वीसी पद पर नियुक्ति को बरकरार रखा था। याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि जिस कार्यकारी परिषद की बैठक में प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति पर फैसला किया गया, उस बैठक की अध्यक्षता प्रोफेसर नईमा के पति और तत्कालीन वाइस चांसलर मोहम्मद गुलरेज द्वारा की गई थी। सिब्बल की दलील पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने भी माना कि जिस बैठक में प्रोफेसर नईमा को कुलपति चुना गया, उसमें उनके पति मोहम्मद गुलरेज को शामिल नहीं होना चाहिए था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उच्च न्यायालय ने भी अपने आदेश में कहा है कि बेहतर होता कि मोहम्मद गुलरेज उस बैठक में शामिल नहीं होते। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कुलपति का खुद को सुनवाई से अलग कर लेना उचित होता। हालांकि उन्होंने टाटा सेल्युलर मामले में दिए गए आवश्यकता के सिद्धांत का हवाला दिया और कहा कि जब भागीदारी कानूनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए हो, तो प्रक्रिया को दोषपूर्ण नहीं कहा जा सकता।

## अफगानिस्तान पर ईरान की कार्रवाई, बिना दस्तावेज रह रहे 20 लाख अफगानी प्रवासी तेहरान से होंगे निर्वासित



**तेहरान।** ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी ने कहा कि लगभग 20 लाख अफगान नागरिकों को उनके देश वापस भेजा जाएगा। पहले चरण में उन अफगानी प्रवासियों पर ध्यान दिया जाएगा जो बिना उचित कानूनी अनुमति के ईरान में प्रवेश कर गए हैं। इस कदम को अप्रवासियों को निशाना बनाने के रूप में गलत नहीं समझा जाना चाहिए। अफगानिस्तान पर ईरान ने बड़ी कार्रवाई की है। ईरान ने बिना कानूनी दस्तावेज के देश में रह रहे 20 लाख अफगानी प्रवासियों को निर्वासित करने की योजना की घोषणा की है। ईरान ने कहा कि निर्वासन प्रक्रिया कानून के तहत और मानवीय गरिमा के सम्मान के साथ की जाएगी। ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी ने कहा कि जिन अफगान नागरिकों के पास कानूनी दस्तावेज नहीं हैं, उन्हें वापस भेजने के लिए एक नया कार्यक्रम चल रहा है। मोमेनी ने कहा कि लगभग 20 लाख अफगान नागरिकों को उनके देश वापस भेजा जाएगा। पहले चरण में उन अफगानी प्रवासियों पर ध्यान दिया जाएगा जो बिना उचित कानूनी अनुमति के ईरान में प्रवेश कर गए हैं। इतने बड़े समुदाय के प्रबंधन के लिए सहयोग की आवश्यकता है। मौजूदा समय में 60 लाख से अधिक अफगानी ईरान में रहते हैं। मंत्री ने कहा कि इस कदम को अप्रवासियों को निशाना बनाने के रूप में गलत नहीं समझा जाना चाहिए। यह पहल अप्रवासी-विरोधी नहीं है। हर देश के विदेशी नागरिकों से संबंधित अपने कानून और नियम होते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रवासन संगठन इस प्रक्रिया की निगरानी करेगा। वह सुनिश्चित करेगा कि सभी वापसी कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से और मानवीय गरिमा के सम्मान के साथ की जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकांश अफगान नागरिकों के खुरासान रज़ावी सीमा के रास्ते जाने की उम्मीद है, जो दोनों देशों के बीच एक लंबे समय से चली आ रही सीमा है। इससे पहले पाकिस्तान ने अफगान प्रवासियों के लिए निर्वासन अभियान शुरू किया था। हाल ही में 11 अगस्त को लगभग 300 परिवारों और 350 कैदियों को एक ही दिन में तोरखम सीमा के रास्ते जबरन निर्वासित कर दिया गया।


## रूस से तेल खरीदने के लिए चीन पर टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया? अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताई चौंकाने वाली वजह

**वॉशिंगटन।** मार्को रूबियो ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका हर दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हालात पर नजर रख रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच हुआ संघर्षविराम कभी भी टूट सकता है।

रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वहीं चीन को छूट दी गई है। अब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इसकी वजह का खुलासा किया है।

मार्को रूबियो ने बताया कि चीन, रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा है।

# म्यांमार में 28 दिसंबर से शुरू होगा मतदान, क्या देश में चार साल बाद खत्म होगा सेना का शासन?



**बैंकॉक।** म्यांमार 28 दिसंबर से चुनाव कराने जा रहा है, लेकिन देश गृहयुद्ध में उलझा है, विपक्ष को दबा दिया गया है, और आम जनता भय व असुरक्षा के माहौल में जी रही है। ऐसे में यह चुनाव लोकतंत्र की दिशा में कदम नहीं बल्कि सेना की सत्ता को मजबूत करने का प्रयास माना जा रहा है। म्यांमार की सेना-नियुक्त चुनाव आयोग ने सोमवार को घोषणा की कि देश में बहुप्रतीक्षित चुनाव 28 दिसंबर से शुरू होंगे। यह फैसला उस समय आया है जब देश में 2021 में सेना द्वारा सत्ता हथियाने के बाद से लगातार संघर्ष और गृहयुद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। आलोचक पहले ही कह चुके हैं कि यह चुनाव महज एक दिखावा होंगे, जिनका उद्देश्य सेना की सत्ता पर कब्जे को वैध ठहराना है।

चुनाव आयोग ने बयान जारी कर कहा कि चुनाव कई चरणों में कराए जाएंगे और विस्तृत कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा। आयोग ने पहले ही घोषणा कर दी है कि देश के सभी 330 टाउनशिप को निर्वाचन क्षेत्र बनाया गया है। अब तक करीब 60 राजनीतिक दल पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें सेना-समर्थित यूनियन सॉलिडेरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी भी शामिल है।

बड़ा सवाल यह है कि मतदान कैसे होगा, क्योंकि देश के कई हिस्सों पर सेना का नियंत्रण नहीं है। वहां लोकतंत्र समर्थक प्रतिरोध बल और जातीय अल्पसंख्यक विद्रोही काबिज हैं। इन इलाकों में चुनाव कराना लगभग असंभव माना जा रहा है। कई विपक्षी संगठनों और सशस्त्र प्रतिरोध समूहों ने एलान किया है कि वे इस चुनाव को विफल करने की कोशिश करेंगे। पिछले महीने सैन्य सरकार ने नया कानून बनाया जिसके तहत चुनाव का विरोध करने या उसे बाधित करने वालों को मृत्युदंड तक की सजा दी जा सकती है। आलोचकों का कहना है कि जब न मीडिया स्वतंत्र है, न विपक्षी नेता आज़ाद हैं, तो यह चुनाव कभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं हो सकते।

2020 में हुए आम चुनाव में आंग सान सू की की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) ने भारी जीत दर्ज की थी। लेकिन सेना ने फरवरी 2021 में सत्ता पलट दी और सू की की सरकार को हटा दिया। 80 वर्षीय सू की को सेना ने कई मुकदमों में दोषी ठहराकर कुल 27 साल की कैद की सजा दी है। उनकी पार्टी को भी भंग कर दिया गया है। सेना ने सत्ता हथियाने का औचित्य 2020 के चुनावों में कथित धांधली बताकर पेश किया, जबकि स्वतंत्र पर्यवेक्षकों को कोई बड़ा गड़बड़ नहीं मिला था।

वर्तमान में देश का आधे से भी कम हिस्सा सेना के नियंत्रण में है। कई जगहों पर गृहयुद्ध जैसी स्थिति है। सेना चुनाव से पहले विद्रोहियों से कब्ज़ा छुड़ाने के लिए जमीन और हवाई हमले तेज कर रही है। पिछले कुछ हफ्तों में लगातार हवाई हमलों में आम नागरिक बड़ी संख्या में मारे गए हैं।

17 अगस्त (रविवार)- कायाह (करैनी) राज्य के मावची कस्बे के एक अस्पताल पर बमबारी की गई, जिसमें कम से कम 24 लोग मारे गए और कई घायल हुए।

## नाटो में शामिल नहीं होगा यूक्रेन, क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा, जेलेंस्की से बैठक से पहले ट्रंप का बयान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पोस्ट किया, सोमवार व्हाइट हाउस में एक बड़ा दिन है। इतने सारे यूरोपीय नेता एक साथ कभी नहीं आए। उनकी मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने यह भी लिखा कि यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा। कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा और न ही क्रीमिया (रूस के कब्जे वाला इलाका) उसे वापस मिलेगा। अभी पूरा फोकस यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर है। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अगर चाहें तो रूस के साथ जंग तुरंत समाप्त कर सकते हैं।

# पुतिन के दिमाग के आगे फेल हुए ट्रंप और पश्चिमी देश




**वॉशिंगटन।** ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अगर चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर वे लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि यह कैसे शुरू हुआ था। ओबामा की ओर से दिया गया क्रीमिया वापस नहीं मिलेगा और यूक्रेन का नाटो में शामिल होना भी संभव नहीं है।

अमेरिका के अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बैठक के बाद अब हालात ऐसे बनते दिख रहे हैं, जिनमें यूक्रेन अगर शांति समझौता करता है तो भी उसे नुकसान होगा और अगर नहीं करता है तो अमेरिका जैसे अहम सहयोगी का साथ छूटने का डर है। जेलेंस्की भले ही शांति समझौते की संभावनाओं को लेकर खुश हैं, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं अब यूक्रेन के पास बहुत ज्यादा विकल्प नहीं बचे हैं और शांति समझौते के बाद भी यूक्रेन घाटे में ही रहेगा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की सोमवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात करेंगे। कई यूरोपीय देशों के नेता भी बैठक के लिए अमेरिका पहुंच रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष सलाहकार स्टीव विटकॉफ ने दावा किया है कि ट्रंप और पुतिन की मुलाकात में यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने पर सहमति बनी है। इसके तहत यूक्रेन को नाटो के अनुच्छेद 5 के तहत सुरक्षा गारंटी मिलेगी। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सुरक्षा गारंटी मिलने पर खुशी जताई लेकिन यूक्रेन, नाटो का सदस्य होगा या नहीं, ये अभी तक स्पष्ट नहीं है। गौरतलब है कि यूक्रेन ने नाटो का सदस्य बनने के लिए ही रूस से युद्ध लड़ा है और इतने साल की लड़ाई के बाद भी यूक्रेन का नाटो में शामिल होना तय नहीं है।

ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा, %यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अगर चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर वे लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि यह कैसे शुरू हुआ था। ओबामा की ओर से दिया गया क्रीमिया वापस नहीं मिलेगा और यूक्रेन का नाटो में शामिल होना भी संभव नहीं है। कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं!% इतना ही नहीं रूस ने भी सुरक्षा गारंटी देने की मांग कर दी है। रूस ने कहा है कि अगर यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी दी जा रही है तो रूस को भी पश्चिमी देश सुरक्षा गारंटी दें। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो संकेत दिए ही हैं कि रूस के साथ शांति समझौते के लिए यूक्रेन को क्रीमिया से दावा छोड़ना पड़ेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी साफ तौर पर कह दिया है कि यूक्रेन को शांति समझौते के लिए हारे हुए इलाकों को छोड़ना पड़ेगा। हालांकि यूक्रेनी राष्ट्रपति साफ कर चुके हैं कि वे अपने किसी क्षेत्र से दावा नहीं छोड़ेंगे। लेकिन ट्रंप और अन्य यूरोपीय नेता यूक्रेन पर इसका दबाव बना सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यूक्रेन को अपना बड़ा हिस्सा गंवाना पड़ सकता है और रूस जो चाहता था, वो उसे मिल जाएगा। रूस, यूक्रेन के करीब 20 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर चुका है। यहां रूसी राष्ट्रपति पुतिन की रणनीतिक कुशलता की भी तारीफ करनी होगी कि उन्होंने अलास्का की बैठक में इस तरह से रूस का पक्ष रखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी चारों खाने चित्त हो गए। ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने का वादा किया था। ऐसे में ट्रंप पर भी युद्ध रुकवाने का दबाव है और इस दबाव का सीधा नुकसान बातचीत की मेज पर यूक्रेन को हो सकता है।

# चीनी विदेश मंत्री वांग यी पाकिस्तान दौरा करेंगे, रिपोर्ट में दावा- इसी सप्ताह की योजना

**नेतृत्व**

**वांग यी यहां पाकिस्तान-चीन रणनीतिक संवाद में हिस्सा लेंगे और पाकिस्तान की राजनीतिक तथा सैन्य नेतृत्व से मुलाकात करेंगे।**




**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी आज से भारत के दौर पर पहुंचने वाले हैं। वहीं एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वे जल्द ही पाकिस्तान का भी दौरा करेंगे। जानकारी के मुताबिक उनका यह दौरा दो दिन का होगा और इसकी शुरुआत 21 अगस्त से होगी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी इस हफ्ते पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचेंगे। उनका यह दौरा दो दिन का होगा और इसकी शुरुआत 21 अगस्त से होगी। वांग यी यहां पाकिस्तान-चीन रणनीतिक संवाद में हिस्सा लेंगे और पाकिस्तान की राजनीतिक तथा सैन्य नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। अपने इस दौरे के दौरान चीनी विदेश मंत्री वांग यी पाकिस्तान और चीन के बीच मौजूदा रिश्तों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही दोनों देश क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हालात पर भी चर्चा करेंगे। वांग यी का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब हाल ही में कई बड़े घटनाक्रम सामने आए हैं। इसमें भारत-पाकिस्तान टकराव (मई में 4 दिन का संघर्ष), ईरान-इस्राइल युद्ध व पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में हालिया नजदीकियां भी शामिल हैं। इन परिस्थितियों में पाकिस्तान और चीन अपने सहयोग को और गहरा करने के रास्तों पर चर्चा करेंगे। जानकारी के मुताबिक, वांग यी की इस यात्रा के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की आगामी चीन यात्रा का एजेंडा भी तय किया जाएगा। माना जा रहा है कि शरीफ इसी महीने चीन जाएंगे, जहां वे शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और चीनी नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

# सोरांव विधायक गीता पासी के खिलाफ क्षेत्र की जनता का बड़ा खुलासा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश चुनाव में अभी डेढ़ साल का समय है, हर दल के विधायक और उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले नेता विधानसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और अपनी पार्टी में उम्मीदवारी का दावा कर रहे हैं। सबको पता है पिछली बार 2022 में समाजवादी पार्टी ने कई दलों से गठबंधन करके प्रदेश में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी, जिसका लाभ सपा को 2024 लोकसभा चुनाव में मिला। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए हमारी टीम ने प्रयागराज के सोरांव विधानसभा का दौरा किया।

सोरांव विधानसभा से वर्तमान में विधायक समाजवादी पार्टी से गीता पासी हैं, गीता पासी को पिछले विधानसभा चुनाव में कुल 91474 वोट मिले थे और बीजेपी गठबंधन में अपना दल एस प्रत्याशी पूर्व विधायक डॉ जमुना सरोज को 5590 वोट से हराया था, डॉ सरोज को कुल 85884 वोट ही मिल पाया था, बसपा से प्रत्याशी आनंद भारती केवल 29250 वोट ही प्राप्त कर सके थे। हमारी टीम ने सोरांव के विभिन्न गावों में जाकर पता लगाया की गीता पासी के बारे में या अन्य नेताओं के बारे में लोग क्या सोचते हैं।

- मजबूत विकल्प न होने से कोई नेगेटिविटी नहीं, पूर्व नेताओं के नहीं दिखने का आरोप



सिसवां, मदारी, महरौड़ा, अलावलपुर, मरखामउ, सुल्तानपुर, जोगापुर, दुबाही, कटरा दयाराम में दौरे के बाद हमारी टीम को सोरांव की जनता ने बताया कि गीता पासी क्षेत्र में कहीं न कहीं मिल ही जाती हैं, सत्ता उनकी नहीं है लेकिन विधायक निधि से काम कराती हैं साथ में अधिकारियों को फ़ोन भी करती हैं। आगे पिलखुआ, गाधीना, जादोपुर, रोही, उमरही, बलकरनपुर, दांदूपुर, बड़गांव, राजपुर परशुराम, पड़रिया, सरसा, सेवाइत, कुरगांव, परमानंदपुर, सराय खानदेव, करनाईपुर, बसराहि, तेजपुर गमरहटी, किराँव, गहरपुर जमुवाँ के लोगों से मुलाकात करने पर पता चला कि गीता पासी से संवाद आसान है, जबकि विपक्ष के या पहले चुनाव लड़ चुके नेता क्षेत्र में रहते नहीं हैं, खास तौर पर लोगों का कहना था कि सत्ता बीजेपी और अपनादल एस कि है, अगर उसके नेता चाहे तो विधायक से ज्यादा काम करा सकते हैं, लेकिन बीजेपी के नेता सोचते हैं सीट अपनादल एस कि है वे क्यों करें और अपनादल एस की कोई क्षेत्रीय लीडरशिप मजबूत नहीं है। बसपा हर चुनाव में नया प्रत्याशी लड़ाती है जिससे स्थायी लीडरशिप का आभाव है। सोरांव में आगे हमारी टीम ने सराय दते, महपुरा, धमौर, माहुरी, पुरे दुर्गी, नूरपुर बजाही, वजीरपुर, खेवराजपुर, लखरावां, कुसुँगुर, भैसाहि और पारडीह का दौरा किया, यहाँ कुछ लोगों ने कहा कि मुख्य सड़कें तो बहुत अच्छी हैं लेकिन लिंक सड़कें उतनी सही नहीं है, विधायक गीता पासी के काम के बारे में पूछने पर लोगों में मिली जुली प्रतिक्रिया रही कुछ लोगों ने कहा कि सत्ता न होने से उतना काम नहीं कर पा रही हैं तो कुछ लोगों का कहना था कि केवल कुछ वर्गों का काम होता है। विधायक के विकल्प की बात पर लोगों ने यह कहा कि विकल्प न होने की वजह से गीता पासी के प्रति कोई नाराजगी नहीं है।

सोरांव में मुख्य मुद्दा नहरों में पानी, रेलवे ओवरब्रिज मऊ आइमा में, मऊ आइमा कताई मिल, बड़ा अस्पताल प्रमुख रूप से। इसके अलावां कुछ गाओं में बाढ़ कि भी समस्या होती है बाँध और पल कि भी मांग प्रमुख तौर पर है। वर्तमान में सपा से विधायक गीता पासी हैं जिनको सत्ता विरोधी लहार जैसी कोई बात नहीं है क्योंकि सत्ता बीजेपी की है, उनकी ही पार्टी के पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना के अलावा कई नेता काम कर रहे हैं, बीजेपी से सुरेंद्र चौधरी और निर्मला पासवान, बाबूलाल भौरा, अनकट पासी का नाम लिया जाता है, कांग्रेस से मनोज पासी तो अपना दल एस से डॉ जमुना सरोज और किशन सरोज की चर्चा जरूर है, लेकिन चुनाव के पहले अभी किसी तरह का विरोध गीता पासी के प्रति दिखाई नहीं देता है। इतना जरूर है क्षेत्र की जनता किसी तरह की इंडस्ट्री न होने की वजह से रोजगार की समस्या से चिंतित जरूर है।



15 अगस्त को नगर पालिका परिषद में शेयर करें यार संगीता गुप्ता ने ध्वजरोपण करके प्रसाद वितरण करवाया और वीर शहीदों को याद किया गया प्रशासक अधिकारी बुद्धि प्रकाश एवीएन नगर पालिका परिषद के सभी पार्षद कर्मचारी उपस्थित रहे, शाम को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि ए डी एम साहब थे।

# 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर डीएम ने किया झंडारोहण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में झंडारोहण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। आजादी को पाने में हजारों लोगों ने अपना बलिदान दिया है। आजमगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में हम पाते हैं कि हमारा जनपद स्वतंत्रता की लड़ाई में कभी पिछे नही हटा। उन्होने कहा कि 1857 में जब स्वतंत्रता संग्राम का प्रथम बिगुल बजा था, तब से लेकर 1920-21 में असहयोग आन्दोलन, 1930-31 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन, 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन, इस प्रकार के सभी प्रमुख स्वतंत्रता के आन्दोलन में आजमगढ़ के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई में कई लोगों ने जान की कुर्बानी भी दी है, कई लोगों को आजीवन कारावास की सजा मिली है, कई लोगों को अपने परिवार से लम्बे समय तक विलग होना पड़ा। उन्होने कहा कि जहां आज का दिन अपनी स्वतंत्रता को मनाने का दिन है, वहीं दूसरी तरफ जो हमारे जनपद के हैं, जिनके पूर्वजों ने हमें स्वतंत्रता दिलाने में विभिन्न तरीके से अपना योगदान दिया है, उनको याद करने का भी दिन है।

# सीपीआर आकस्मिक हृदयाघात में जीवन रक्षक: डॉ. शिव शक्ति

- सीपीआर प्रशिक्षण समय की मांग: प्रो. वंदना सिंह
- पीयू में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हृदयाघात से होने वाली आकस्मिक मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सम्पन्न हुई।कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक और वाराणसी के राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने मानव शरीर की डमी पर सीपीआर की लाइव डेमो देकर बताया कि कैसे अचानक हृदयगति रुकने (कार्डियक अरेस्ट) की स्थिति में यह तकनीक किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि कार्डियक अरेस्ट में मरीज़ का पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। यदि इस समय के भीतर सही प्रक्रिया से सीपीआर दिया जाए, तो मरीज़ की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति की सांसें और धड़कन रुक जाती हैं, तो सबसे पहले उसे किसी समतल और कठोर सतह पर लिटाया जाता है। प्राथमिक उपचारकर्ता उसके सिर के पास घुटनों के बल बैठता है और उसकी नाक और मुंह की जांच करता है। इसके बाद अपने दोनों हाथों को छाती के बीच में रखकर एक मिनट में लगभग 100-120 बार जोर से प्रेस करना होता है। हर 30 प्रेस के बाद दो बार मुंह से सांस दी जाती है – जिसे रेस्क्यू ब्रीदिंग कहते हैं। यह प्रक्रिया तब तक दोहराई जाती है जब तक पेशेवर मेडिकल सहायता नहीं मिल जाती या मरीज़ में चेतना नहीं लौटती। उन्होंने कहा कि सीपीआर आम नागरिक, छात्र, शिक्षक, पुलिसकर्मी, कर्मचारी हर किसी को सिखाना जरूरी है। अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल एक तकनीकी ज्ञान है, बल्कि जीवन बचाने की शक्ति है। हम इसे हर एक शिक्षक, विद्यार्थी, अधिकारी और कर्मचारी तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर उमानाथ सिंह चिकित्सा महाविद्यालय के डॉ. अरविंद पटेल ने सीपीआर पर उद्बोधन उपस्थिति प्रतिभागियों की सीपीआर से सम्बंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कहा कि सीपीआर एक बेसिक लाइफ स्किल है जिसे सभी को जानना चाहिए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो प्रमोद कुमार यादव ने बताया गया कि प्रतिवर्ष लाखों लोग हृदयाघात के कारण अपनी जान गंवाते हैं, जबकि समय रहते सही ढंग से सीपीआर देने पर जीवन बचाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनोज पांडे ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो अजय प्रताप सिंह ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराधियों सुधर जाओ वरना खैर नहीं : विश्वनाथ



जौनपुर, अवधनामा संवाददाता। नगर कोतवाली की कमान अब विश्वनाथ प्रताप सिंह के हाथों में आ गई है। इससे पहले वे ज़फ़राबाद थाना प्रभारी रह चुके हैं, जहाँ अपनी सख्ती, ईमानदारी और निष्पक्ष कार्यशैली से उन्होंने अलग पहचान बनाई। गैंगस्टरों और हिस्ट्रीशीटरों पर शिकंजा कसने से लेकर अवैध शराब व जुए के अड्डों पर लगातार कार्रवाई कर वे चर्चाओं में रहे। हर पीड़ित की शिकायत को गंभीरता से लेकर निष्पक्ष कार्रवाई करना उनकी सबसे बड़ी पहचान है।शहर कोतवाली का कार्यभार संभालते ही विश्वनाथ प्रताप सिंह का संदेश साफ है- अब दलालों व बिचौलियों की जगह नहीं होगी, जनता सीधे पुलिस तक पहुँचेगी और न्याय पाएगी। कोतवाली का माहौल अपराधियों और दलालों की जगह आम जनता के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद होगा।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत

**जौनपुर (चंदवक) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पतरही चौकी अंतर्गत काकरापार के पास ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की हुई मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना लगभग 3:10 बजे की बताई जा रही है। जिसमे ओडिहार से आ रही मालगाड़ी ट्रेन से कट कर एक महिला की मौत हो गई, मौके पर पहुंची पतरही चौकी इंचार्ज जय सिंह ने लाश की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई, महिला लाल रंग की साड़ी पहने हुई थी वही पैर में हवाई चप्पल थी उम्र लगभग 40 वर्ष बताया जा रहा पुलिस लाश को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी रहीं।

### पीहू खरे के द्वारा गणेश वंदना लोगों का मन मोह लिया



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** श्री गणपति पूजा महासमिति ट्रस्ट का 22 वा पुरस्कार वितरण शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मछली शहर की विधायक रागिनी सोनकर ज्ञान प्रकाश सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश शर्मा वरिष्ठ बाल लोग विशेषज्ञ के द्वारा गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया वही कार्यक्रम की शुरुआत पीहू खरे के द्वारा गणेश वंदना के मनमोहक नृत्य से सभी लोगों का मन मोह लिया पीहू खरे की शानदार नृत्य की प्रस्तुति को लेकर मछली शहर की विधायक रागनी सोनकर ज्ञान प्रकाश सिंह क्षितिज शर्मा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टंडन के द्वारा पीहू खरे को स्मृति चिन्ह देकर उसकी उज्जवल भविष्य को लेकर प्रेरित भी किया।

### सरस्वती मेडिकल एजेंसी की दूसरी ब्रांच का उद्घाटन



**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** दवा मंडी में खुली निक्कू के दवाओं की दूसरी होलसेल शाखा। बतादे की एलवल स्थित लक्ष्मी टावर में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल व महामंत्री रंजन राय संयुक्त रूप से फीता काटकर सरस्वती मेडिकल एजेंसी की दूसरी ब्रांच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मौजूद दवा व्यापारियों ने प्रोपराइटर निक्कू प्रसाद अग्रहरी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वही 16 कम्पनियों के स्टॉकिस्ट निक्कू ने बताया कि फूलपुर के बाद अब आजमगढ़ दवा मंडी में अपनी दूसरी शाखा खोली है। जहां वह उचित मूल्य में बेहतरीन सुविधाओं के साथ थोक रेट में दवाओं की बिक्री करेंगे। इस दौरान शिव प्रसाद राय, संजीव रतन सिंह, अजय सिंह, हरि प्रसाद शर्मा, प्रमोद शर्मा, अजय जयसवाल, पंचानन पाण्डेय, सुब्रतो सरकार, सरोज अग्रहरि, निखिल अग्रहरि सहित अन्य दवा व्यापारी उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम के क्रांति के सूर्य थे सुभाष: राजेश

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क राजा बारा हाथा मुट्ठीगंज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष एवं भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्र भारत संग्राम के क्रांति के सूर्य थे। उन्होंने अंग्रेजों की नौकरी को छोड़कर मां भारती की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी का नारा देकर देश के नौजवानों को मां भारती की स्वतंत्रता के लिए आगाज किया। उनका बलिदान उनका समर्पण भारत नहीं भूल सकता। कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे एवं संचालन शत्रुघ्न जायसवाल ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राजेश केसरवानी,अभिलाष केसरवानी, कुसुम लता, कृष्ण चंद्र जायसवाल,अजय अग्रहरि नीरज केसरवानी, कमलेश केसरवानी , पद्माकर श्रीवास्तव राजेश शर्मा, श्रेष्ठ चौरसिया, विकास चौरसिया शिवांस भार्गव, आदि रहे।

## देश सेवा के प्रति समर्पित से समाज व देश समृद्ध होगा : राजेन्द्र प्रसाद

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव तथा 79 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक/प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव, विद्यालय की निदेशिका श्रीमती कंचन यादव एवं प्रधानाचार्या ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात राष्ट्रगान, वंदे मातरम् और झंडा गीत प्रस्तुत किए गये। इसी क्रम में समूह नृत्य जैसे जहाँ पाँव में पायल, बुमरो बुमरो राधा-कृष्ण मैया यशोदा आदि की झनकार पर लोग हर्षातिरेक से झूम उठे। संस्था के संस्थापक /प्रबन्धक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। आप शहीदों के जीवन से सीख लेते हुए हुए देश सेवा सेवा के के प्रति समर्पित हों तभी हमारा समाज और देश समृद्ध होगा। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती कंचन यादव ने कहा कि ये बच्चे ही देश की तकदीर हैं और यदि इन्हें सही मार्गदर्शन मिले तो ये देश के सच्चे सिपाही के रूप भविष्य में देश की सेवा के लिए तैयार एवं तत्पर होगें। प्रधानाचार्या ने कहा कि भावी नागरिकों को आत्मनिष्ठ मानसिकता को त्याग कर वस्तुनिष्ठ मानसिकता रखते हुए अपने प्रबुद्ध शिक्षक वृन्द के कुशल निर्देशन से लाभान्वित होने का प्रयास करना चाहिए।

# विकास को मुख्य धारा से जोड़ना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर /आजमगढ़।** मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत ढकवां में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधान परिषद सदस्य और पूर्व विधायक मुबारकपुर शाह आलम उर्फ़ गुड्डू जमाली ने अपने क्षेत्रीय जनता को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प दोहराया। सोमवार को उन्होंने एमएलसी विकास निधि और पूर्वांचल विकास निधि से लगभग 43 लाख रु की लागत से चार विकास कार्यो का लोकार्पण किया है। एम.एल.सी. गुड्डू जमाली ने विधानसभा मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र के ढकवा ग्राम सभा में मदरसा गौसिया अरबिया से नंदलाल यादव के घर तक 10 लाख की लागत से 200 मीटर इंटर लॉकिंग मार्ग का निर्माण हुआ। एवं करपिया ग्राम जभर बस्ती में 13 लाख 21 हज़ार 680 रूपया की लागत से 140 मीटर सीसी रोड इसके साथ ही जहानागंज ब्लाक के ग्राम सेमरोल में 11.80 लाख की लागत से वनाथ के घर से मौर्य बस्ती तक सी.सी. रोड का निर्माण और ग्राम बोहना स्थित दलित बस्ती में 8.8 लाख की लागत से सीसी रोड के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को कनेक्टिविटी हेतु विभिन्न कार्यो को लोकार्पित किया। इस दौरान एम.एल.सी. गुड्डू जमाली ने कहाकि अपने क्षेत्र की जनता के प्रति हमारी जो जवाबदेही है उस पर खरा उतरने का सदैव प्रयास करता हूं। क्षेत्र के सभी घरों तक गुणवत्तापूर्ण सड़कें जनता तक पहुंचे यही हमारा लक्ष्य है ताकि एक विकसित समाज की स्थापना हो सके। गुड्डू जामली ने कहा की जनता का पैसा जनता के काम आए कहीं वेस्ट न इसीलिए मैं मौके पर आकर देख भी रहा हूँ... वहीं लोकार्पण के दौरान क्षेत्रीय जनता के साथ साथ उनके समर्थक मौजूद रहे। इस अवसर पर मोहम्मद अनीस , अब्दुल मन्नान पूर्व मो. इस्लाम ,मो.इस्माइल , सिराजुद्दीन ,मो.इरशाद ,मो. नसीन ,मो. तौरीद अब्दुल्लाह अलाउद्दीन इत्यादि।

# संवेदनशील प्रकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं : जिलाधिकारी

- तहसील बदलापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ की उपस्थिति में तहसील बदलापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान रैभानीपुर के निवासी राममिलन के द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि प्रार्थी अनुसूचित जाति का व्यक्ति है, उनकी विगत 08 मई 2024 को आग लगने से आवासीय छप्पर व एक भैस व 7 बकरी और 3 कुन्तल गेंहू, भूसा व अन्य खाद्य सामग्री जल कर राख हो गयी। उन्होंने बताया कि अभी तक सहायता राशि प्राप्त नही हुई है। सवंसा महाराजगंज बदलापुर निवासी मुन्नी देवी पत्नी कल्लु ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि 23 अगस्त 2024 को प्रार्थी के छप्पर में आग लग जाने से घर का सारा सामान जल गया, कई बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी सहायता राशि नही मिला। उक्त प्रकरण के संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी के द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आपदा कानूनगो को प्रतिकूल प्रविष्टि और उप जिलाधिकारी और तहसीलदार को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को भी निर्देशित किया कि आपदा रजिस्टर का निरीक्षण करें और 25 अगस्त तक आख्या दे कि आपदा के प्रकरण में सहायता राशि देने में देरी किस कारण से हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा जैसे संवेदनशील प्रकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जाएगी। बबुरा निवासी शान्ति देवी ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि चक, चकपरे, आबादी में हिस्सा दिलाया जाए जिस पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार और एसएचओ बदलापुर को संयुक्त रूप से और दोनो पक्षों को सुनते हुए समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये।शाहपुर निवासी रामकुमार ने अवगत कराया कि उन्होंने कृषि कार्य हेतु कनेक्शन कराया था और बिल का भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा था लेकिन उनका बिल अधिक आ गया है जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियो को बिल का समायोजन कराकर प्रकरण को समाप्त करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में पट्टे की सीमांकन के संदर्भ में आये आर्थिक रूप से कमजोर फरियादी रामसकल निवासी ग्राम बदलापुर को जिलाधिकारी के द्वारा नया शर्ट दिलवाया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें से 12 का मौके पर निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी योगिता सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन ही विश्वास और भरोसा बढ़ता हैं

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** समस्या का समाधान ही जीवन की खुशी हैं और दायित्व का ईमानदारी के साथ निर्वहन ही विश्वास और भरोसा बढ़ता हैं। यह बातें हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के कालिंदीपुरम में स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम अध्यक्ष राकेश पांडेय ने कहीं। पूर्व सचिव व यूपी स्टेट बार एसोसिएशन के महासचिव संतोष पांडेय ने अपनी टीम के साथ माल्यार्पण कर और अंगवस्त्रम तथा मेमोंटो भेंट कर नवनिर्वाचित हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडेय, महासचिव अखिलेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के.के. द्विवेदी सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का स्वागत व अभिनंदन किया। महासचिव अखिलेश शर्मा ने संबोधन करते हुए कहा अधिवक्ताओं के जनसमर्थन और जनविश्वास से पूरी ईमानदारी व निष्ठा से हर असंभव समस्या का समाधान का प्रयास करूंगा,श। आने वाले समय में मैं नहीं मेरा काम बोलेगा। पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे ने स्वागत में कहा मुझे विश्वास हैं कि राकेश पांडेय की अगुवाई में वकीलों के हितों एवं सम्मान की रक्षा होगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश पांडेय ने कहा अधिवक्ता के समस्या का समाधान ही जीवन की खुशी हैं और दायित्व का ईमानदारी के साथ निर्वहन ही विश्वास और भरोसा बढ़ता हैं। जज की नियुक्ति होनी चाहिए। जजों और अधिवक्ता पर विश्वास और भरोसा ही न्याय की कड़ी को मजबूत करता हैं। मैं अपने तीसरे कार्यकाल में ईमानदारी से समस्या का समाधान कराने का प्रयास करूंगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के के द्विवेदी सहित सभी लोगों के साथ बैठकर एक खाका तैयार हो रहा हैं।

# शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ होः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने तहसील करहल में संम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन-समस्याएं सुनने के दौरान उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पूर्ण गुणवत्ता के साथ हो जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है, आमजन को संचालित योजनाओं के लाभ के साथ उनकी समस्याओं का निदान तत्काल किया जाये, यद्यपि शिकायतों के निस्तारण में तेजी आयी है साथ ही शिकायतकर्ताओं की संतुष्टी का स्तर भी बढ़ा है, जन-शिकायतों के निस्तारण में जनपद की रैंक प्रदेश में संतोष जनक है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आई.जी.आर.एस. पोर्टल को स्वयं देखें, सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी गुणवत्ताहीन आख्या पोर्टल पर अपलोड न हो, जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो, रैंकिग प्रभावित होने पर सीधे शासन स्तर से कार्यवाही होगी। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस से जिला विकास



अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, सहायक निबन्धक सहकारी समिति के अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सम्बन्धित अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें, बिना पूर्व अनुमति के यदि कोई अधिकारी अनुपस्थित पाया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही होगी। श्री सिंह के सम्मुख जब ग्राम इकहरा बरनाहल नि. परमान सिंह ने अपने पार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि खसरा संख्या-71 में उसका नाम मानसिंह दर्ज है, जबकि सही नाम परमान सिंह है, जिस पर उन्होंने मौके पर ही खसरा में नाम संशोधित कराकर खसरे की नकल शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी, तहसीलदार यथासंम्भव खतौनियों में नाम संशोधित कराने, मौके पर निस्तारण योग्य अन्य शिकायतों का निराकरण कराकर तत्काल फरियादियों को राहत प्रदान करें। उन्होने कहा कि भूमि सम्बन्धी विवादों में त्वरित कार्यवाही की जाये, भूमि विवाद यथा संभव मौके पर जाकर निबटाएं जाऐं, किसी भी क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जे न रहे, जबरन कब्जा करने वालों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही हो, एक बार सीमांकन, पैमाइश के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाये तो उसे भू-माफिया में चिन्हित कर उसके विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराकर वैद्यानिक कार्यवाही की जाये। आज जन-सुनवाई के दौरान करहल क्षेत्र के 32 शिकायतकर्ताओं ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निदान कर फरियादियों को राहत प्रदान की, मु. खेड़ा नि. प्रमोद कुमार ने फर्जी विद्युत कनेक्शन को कटवाये जाने तथा फर्जी कनेक्शन पर जारी आर.सी. को निरस्त कराये जाने, सरसई मासूमपुर नि. विमलेश कुमार ने गाटा संख्या-475 में दर्ज नामों को अलग-अलग कराये जाने तथा अभिलेखों की जांच कर विरासत दर्ज कराने, सौज हाजीपुर नि. उपेन्द्र कुमार ने गाटा संख्या-186 पर किये गये अनाधिकृत कब्जे को हटवाने, ग्राम अंडनी नि. धर्मवीर सिंह ने गाटा संख्या-574 न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद भी विपक्षी परमवीर सिह द्वारा उक्त गाटा संख्या पर नया बिजली का कनेक्शन स्वीकृत किये जाने, ग्राम नवाटेड़ा नि. तनय कुमार ने भू-माफिया एवं दबंगों द्वारा भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को खाली कराये जाने की शिकायत अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की।



प्रशांतमिश्रा ने 15 अगस्त को भोगांव अपने संस्थान पर ध्वजरोपण रोहन किया

अवधनामा



# अयोध्या से शुरू हुई 'भारत सोलर यात्रा': हर घर तक सौर ऊर्जा पहुँचाने का जागरूकता अभियान




**अयोध्या।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर अयोध्या से एक अनोखी पहल की शुरुआत हुई। यूट्यूबर पुरुषोत्तम पांडे ने 'भारत सोलर यात्रा' का शुभारंभ करते हुए नागरिकों से सौर ऊर्जा अपनाने और ऊर्जा संरक्षण की अपील की। इस यात्रा का उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं का प्रचार भर नहीं, बल्कि लोगों को यह समझाना है कि सौर ऊर्जा से घरेलू जीवन में किस तरह बदलाव लाया जा सकता है और भारत आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की ओर कैसे बढ़ सकता है।यह यात्रा 180 दिनों तक चलेगी और लगभग 25,000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए देश के अधिकांश जिलों से गुज़रेगी। यात्रा का हर पड़ाव नागरिकों को प्रधानमंत्री की हर घर सूर्य योजना और पीएम-कुसुम योजना जैसी पहलों से जोड़ने का प्रयास करेगा।इस अभियान को इंटर टेक का सहयोग प्राप्त है। इंटर टेक मरकोनाइट अर्थिंग सॉल्यूशन उपलब्ध कराती है, जिसकी कार्यक्षमता 50 वर्षों तक बनी रहती है। यह समाधान सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करते हैं, जिससे सौर ऊर्जा संयंत्र और अधिक विश्वसनीय बनते हैं।इंटर टेक के प्रतिनिधि ने कहा ÷भारत सोलर यात्रा यह दिखाती है कि नवीकरणीय ऊर्जा और मेड इन इंडिया समाधान एक-दूसरे के पूरक हैं। हमारा प्रयास है कि हर सौर संयंत्र सुरक्षित और लंबे समय तक टिकाऊ बने।नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, दिल्ली के सलाहकार श्री अरुण त्रिपाठी ने कहा यह यात्रा हर घर सूर्य और पीएम-कुसुम जैसी योजनाओं को ज़मीनी स्तर तक पहुँचाने का सराहनीय प्रयास है। जागरूकता ही वह आधार है, जिससे सौर ऊर्जा को हर घर तक पहुँचाया जा सकता है।स्वतंत्रता दिवस पर शुरू हुई भारत सोलर यात्रा केवल एक सफ़र नहीं, बल्कि एक जन-अभियान है। यह यात्रा उस नए भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती है, जो स्वच्छ ऊर्जा को अपनाकर सुरक्षित, आत्मनिर्भर और टिकाऊ भविष्य की ओर बढ़ रहा है। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह पहल एक उज्ज्वल ऊर्जा संदेश है।

# दर्शकों में देश प्रेम की भावना जागृत कर गया नाटक ऑपरेशन विजय

**लखनऊ।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था देवसु थिएटर आर्ट्स सोसाइटी के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भृगुदत्त तिवारी प्रेक्षागृह डी.ए.वी.पी.जी कालेज, लखनऊ में मोहित यादव द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक ऑपरेशन विजय का मंचन किया गया।

सशक्त कथानक से परिपूर्ण नाटक ऑपरेशन विजय ने लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत करते हुए जहां एक ओर बताया कि स्वतंत्रता के लिए देश के वीरों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए, वहीं दूसरी ओर अमर शहीदों के साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को इतिहास के पन्नों में नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के दिलों में भी दर्ज कराने की सलाह दी।

कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को समर्पित नाटक ऑपरेशन विजय की कथावस्तु के अनुसार सागर नाम का एक युवा सैनिक, जो अपने घर छुट्टियों पर आया हुआ है और अपनी पत्नी (लता) के साथ घूमने जाने



का विचार बना रहा होता है कि, अचानक टेलीफ़ोन की घंटी बजती है ,और संदेश आता है कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर युद्ध छिड़ गया है और उसे तुरंत अपने पोस्ट पर लौटना है। ऐसे ही फ़ोन हर उस भारत के नौजवान को गए, जो उस समय भारत के सभी सशस्त्र बलों में शामिल थे, उस समय एक ही पुकार थी- देश पहले, बाकी सब बाद में।

उत्कृष्ट संवाद अदायगी एवं सशक्त अभिनय से परिपूर्ण नाटक ऑपरेशन विजय में भाग लेने वाले कलाकार थे फरहान अहमद, दीपा यादव, आनंद प्रकाश शर्मा, अशोक लाल, तारिक इकबाल और मोहित यादव। संगीत संयोजन था सौरव सिंह का।

# 'द स्टाइल एडिट' बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने एयरबीएनबी पर पेश किया 'फैशन और ग्लो-अप' का शानदार मौका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की फैशन आइकन अनन्या पांडे एक अनोखे और एक्सक्लूसिव फैशन और ग्लो-अप एक्सपीरिएंस अनन्या की स्टाइल एडिट की मेजबानी करने जा रही हैं, जो केवल एयरबीएनबीपर उपलब्ध होगा। फैशन के शौकीनों, ग्लैम के दीवानों और अनन्या के सबसे बड़े प्रशंसकों को उनकी सिग्नेचर स्टाइल की दुनिया के पीछे की खास झलक देने के लिए तैयार यह एक्सपीरिएंस, अधिकतम चार गेस्ट के लिए उपलब्ध होगा। इस अवसर पर मेहमानों को अनन्या के ड्रीम क्लोसेट और वैनिटी स्पेस के नए अंदाज़ में कदम रखने का मौका मिलेगा, जिसे दिल्ली के एक शानदार एयरबीएनबीहोम में साकार किया गया है।। उनके वॉक-इन वार्डरोब से लेकर वैनिटी जोन तक, पूरे स्पेस को एक प्लेफुल फैशन प्लेग्राउंड में बदल दिया जाएगा। अनन्या के साथ उनकी एक्सपर्ट ए-टीम भी मौजूद होगी, जो मेहमानों को अल्टीमेट ग्लो-अप का अनुभवदेगी, जहां उन्हें उनके पसंदीदा स्टाइलिस्ट द्वारा स्टाइल किया जाएगा, भरोसेमंद



ब्यूटी स्क्वॉड से ग्लैम लुक मिलेगा और पर्सनल फोटोग्राफ़र द्वारा कैप्चर किया जाएगा।

सोचिए, जबरदस्त ग्लो-अप, भरपूर फैशन एनर्जी और पूरी तरह 'मेन कैरेक्टर' वाइब्ससे कितना धमाल मचेगा! अनन्या पांडे ने कहा, मैं बेहद उत्साहित हूं कि एयरबीएनबीओरिजिनल्स के ज़रिए 'अनन्या की स्टाइल एडिट' में मेहमानों का स्वागत कर रही हूं। फैशन और सेल्फ-एक्सप्रेशन मेरे व्यक्तित्व का अहम हिस्सा हैं और इन्हें इतने पर्सनल, हैंड्स-ऑन तरीके से शेयर करना मेरे लिए खास है। मैं मेहमानों से मिलने, कहानियां साझा करने और उनके साथ यादगार पल बनाने के लिए बेताब हूं। एयरबीएनबीइंडिया और साउथईस्ट एशिया के कंट्री हेड अमनप्रीत बजाज ने कहा, ÷हम एयरबीएनबीओरिजिनल्स को भारत में अनन्या पांडे के साथ पेश करने को लेकर उत्साहित हैं। ओरिजिनल्स एक विशेष अनुभवों की सीरीज है जिसे दुनिया के सबसे दिलचस्प लोग होस्ट करते हैं, और अनन्या का स्टाइल एडिट इसका बेहतरीन उदाहरण है। अनन्या का यूनिक स्टाइल सेंस और बॉलीवुड-प्रेमी युवाओं से उनका गहरा जुड़ाव इस सहयोग को खास बनाता है। हम गर्व से मेहमानों को उनके ग्लैम वर्ल्ड को करीब सेऔर इमर्सिव अंदाज में अनुभव करने का मौका दे रहे हैं।

# यूपी योद्धाज़ ने प्रो कबड्डी लीग सीज़न 12 के लिए सुमित सांगवान को कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया

**दिल्ली/लखनऊ।** जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी योद्धाज़ ने स्टार डिफेंडर सुमित सांगवान को टीम का कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है। यह घोषणा आगामी प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीज़न 12 के लिए की गई है।

सुमित (26) और आशु (27) दोनों ने अपने करियर की शुरुआत सीज़न 7 में यूपी योद्धाज़ के साथ न्यू यंग प्लेयर्स (NYPs) के रूप में की थी। तब से वे टीम की डिफेंस लाइन के मजबूत स्तंभ बन चुके हैं। उनका यह सफर, प्रतिभाशाली डेब्यू खिलाड़ियों से टीम के नेताओं तक पहुंचना, जीएमआर स्पोर्ट्स की लॉयल्टी, परफॉर्मेंस और सतत विकास पर आधारित लंबी अवधि की खिलाड़ी-तैयारी नीति का प्रमाण है।

सुमित सांगवान अपनी चुस्ती, समय की सटीक पकड़ और रणनीतिक समझ के लिए जाने जाते हैं। पिछले कई सीज़नों में वह लीग के शीर्ष डिफेंडर्स में लगातार शामिल रहे हैं। कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति न केवल उनके मैट पर बेहतरीन प्रदर्शन का, बल्कि आगे से नेतृत्व करने की क्षमता का भी परिचायक है।

आशु सिंह, जो मुख्य रूप से कवर डिफेंडर के रूप में खेलते हैं, ने अपनी लगातार मेहनत, निस्वार्थ खेल और दबाव में संयम बनाए रखने की क्षमता से प्रभावित किया है। सुमित और आशु की जोड़ी यूपी योद्धाज़ की रक्षात्मक रणनीति की रीढ़ रही है।

मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, सुमित और आशु असाधारण खिलाड़ी हैं और सच्चे योद्धा हैं। अपने पहले ही मैच से उन्होंने प्रतिबद्धता, अनुशासन और टीम-प्रथम सोच का प्रदर्शन किया है। उन्होंने यह जिम्मेदारी वर्षों के लगातार प्रदर्शन और समर्पण से अर्जित की है। ऐसे कप्तान और उप-कप्तान के साथ, जो अपने पेशेवर डेब्यू से ही फ्रेंचाइज़ का हिस्सा रहे हैं, यूपी योद्धाज़ इस सीज़न अनुभव और युवा ऊर्जा के मिश्रण के साथ चैंपियनशिप जीतने के लिए आश्वस्त हैं।

**यूपी योद्धाज़ टीम (पीकेएल 12)**

**रेडर्स** गुमन सिंह, डोंग ग्योन ली, प्रणय राणे, भवानी राजपूत, सुरेंद्र गिल, गगन गौड़ा, शिवम चौधरी, केशव कुमार,जतिन सिंह

**डिफेंडर्स** मोहम्मदरेज़ा कबूद्राहांगी, महेंद्र सिंह, रोनक नैन, सुमित सांगवान (कप्तान), आशु सिंह (उप-कप्तान), सहूल कुमार, हितेश कादियान, जयेश महाजन, गंगाराम, सचिन मणिपाल

**जीएमआर स्पोर्ट्स के बारे में**

2008 में स्थापित, जीएमआर स्पोर्ट्स जीएमआर ग्रुप का खेल क्षेत्र है। इसका उद्देश्य लोगों को जोड़ना, प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और खेल को भारत व वैश्विक स्तर पर एक सशक्त एकीकृत मंच के रूप में स्थापित करना है। क्रिकेट से शुरुआत करने के बाद, कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ऐसे खेल शामिल किए हैं जो भारतीय दर्शकों के साथ गहराई से जुड़े हैं।

कंपनी के पास वर्तमान में दिल्ली कैपिटल्स (आईपीएल), यूपी योद्धाज़ (प्रो कबड्डी लीग), तेलुगु योद्धाज़ (अल्टीमेट खो-खो लीग) के साथ-साथ हाल ही में अधिग्रहित रग्बी प्रीमियर लीग की टीम भी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपनी दुबई कैपिटल्स (ILT20), प्रिटोरिया कैपिटल्स (SA20), सिएटल ऑर्कास (यूएस, मेजर लीग क्रिकेट) और हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब (इंग्लैंड) जैसी फ्रेंचाइज़ का स्वामित्व रखती है।

## 13 छात्रों ने साबित की अपनी योग्यता, स्मार्ट डेटा में हुआ चयन



**लखनऊ।** लाल बहादुर शास्त्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्लेसमेंट रिकॉर्ड को साबित किया है। संस्थान के 15 में से 13 छात्रों का चयन प्रतिष्ठित टेक्नोलॉजी एवं सर्विस सेक्टर की कंपनी स्मार्ट डेटा में हुआ है। यह उपलब्धि संस्थान के विद्यार्थियों को वास्तविक कॉर्पोरेट दुनिया के लिए तैयार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

छात्रों की सफलता के लिए कॉलेज ने 6 माह का विशेष ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रोग्राम आयोजित किया था, जिसे स्मार्ट डेटा और LBSGOI ने संयुक्त रूप से डिजाइन किया। इस प्रोग्राम में टेक्निकल ट्रेनिंग, कोडिंग प्रैक्टिस, PTITUDE सत्र, कम्युनिकेशन स्किल्स और इंटरव्यू प्रिपरेशन शामिल थे। छात्रों को मॉक इंटरव्यू एवं वन-ऑन-वन मेंटरिंग भी दी गई जिससे उनका आत्मविश्वास और बढ़ा। इस सफलता में संस्थान के फैकल्टी और प्लेसमेंट टीम की कड़ी मेहनत रही। विशेष मार्गदर्शन श्री हिमांशु श्रीवास्तव (ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर) और श्री मारूफ इब्राहिम (लीड कॉर्पोरेट रिलेशनशिप मैनेजर) द्वारा दिया गया। वहीं श्री अंशुल मिश्रा (हेड ऑफ डिपार्टमेंट) ने कक्षा में सीखी गई शिक्षा को इंडस्ट्री की आवश्यकताओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई।

स्मार्ट डेटा में चयनित छात्र एवं छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं-

विवेक नाथ तिवारी, लवकुश शुक्ला, चारु चंद्र मिश्रा, तान्या श्री, सौम्या उपाध्याय, संजना जायसवाल, सुमित सिंह, प्राची पाठक, सोन्या यादव, मुदिता श्रीवास्तव, विनय कुमार, अनुपम कुमार वर्मा और पूजा शर्मा।

## एमेजॉन ने देशभर में त्योहारों के मौसम के दौरान लगभग 1,50,000 से ज़्यादा नौकरी के मौके बनाए

**लखनऊ।** एमेजॉन इंडिया ने आज घोषणा करी कि उसने अपने फुलफ़िलमेंट सेंटर्स, सॉर्ट सेंटर्स और लास्ट माइल डिलीवरी स्टेशनों में 1,50,000 से ज़्यादा अस्थायी नौकरियाँ बनाई हैं। यह कदम आने वाले त्योहारों में करोड़ों ग्राहकों की सेवा करने की तैयारी के लिए उठाया गया है। इनमें 400 से ज़्यादा शहरों में सीधे और अप्रत्यक्ष नौकरी के मौके शामिल हैं, जिनमें मुंबई, दिल्ली, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, लखनऊ, कोचीन, कोयंबटूर, इंदौर, रायपुर, जालंधर, जोधपुर, रांची, अनंतनाग, जलगाँव और कई अन्य शहर शामिल हैं। इसकी खास बात यह है कि एमेजॉन ने अपने नेटवर्क में हज़ारों महिलाओं और 2000 से ज़्यादा दिव्यांग साथियों को भी यह मौका दिया हैं। एमेजॉन इंडिया ने आने वाले त्योहारों को देखते हुए पहले से ही इन नए साथियों में से ज़्यादातर को शामिल कर लिया है।एमेजॉन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के वीपी - ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा कि ÷इन त्योहारो पर हमारा मकसद ग्राहकों को पूरे भारत के हर सर्विसेबल पिन कोड पर सबसे जल्द और भरोसेमंद डिलीवरी देना है। जिसकी तैयारी करते हुए हमने अपने फुलफ़िलमेंट और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में 1.5 लाख से ज़्यादा अतिरिक्त लोगों को भर्ती किया है, ताकि ग्राहकों को निराशा न हो। इनमें से कई लोग त्योहारों के बाद भी एमेजॉन के साथ काम करते हैं, और बड़ी संख्या में इनमें से कई साथी हर साल हमारे साथ फिर से जुड़ते हैं। हमारे लिए अपने सहयोगियों की सुरक्षा और भलाई बहुत मायने रखती है। चाहे वे हमारे भवनों में काम कर रहे हों या ग्राहकों तक पैकेज पहुँचा रहे हों। हम एक सुरक्षित, समान और सशक्त काम का वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें सामाजिक सुरक्षा व कई सुविधाएँ शामिल हैं और जो हमारी पूरी टीम की आर्थिक भलाई का ध्यान रखती है।

## नेटफ्लिक्स की द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड॰ आर्यन खान के निर्देशन की पहली झलक!



**मुंबई।** पिक्चर तो सालों से बाकी है लेकिन शो तो अब शुरू होगा।नेटफ्लिक्स और रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट प्रा. लि. ने आज बहुप्रतीक्षित सीरीज़ द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड की पहली झलक पेश की जो आर्यन खान के निर्देशन की पहली शुरुआत को दर्शाती है। यह है मज़ेदार, फिल्मी और थोड़ा ज़्यादा!एक वॉइसओवर की शुरुआत में मोहब्बतें जैसी रोमांटिक फील आती है, लेकिन आखिर में यह एक तीखे जवाब के साथ खत्म होता है, जो हमें हिंदी फिल्मों की याद दिलाता है। पहले यह एक बीते हुए समय की यादें जैसा लगता है, लेकिन जल्दी ही यह ज़्यादा तेज़ और अलग अंदाज़ में बदल जाता है। आवाज़ सुनकर शाहरुख़ खान का अहसास हो सकता है, लेकिन अंदाज़ पूरी तरह आर्यन का है।इस पहली झलक से ही डायरेक्टर के तौर पर आर्यन खान बता देते हैं कि वे नई सोच और अलग सिनेमाई अंदाज़ के साथ आए हैं।फिल्मी अंदाज़ की पृष्ठभूमि पर आधारित यह पहली झलक एक नई पीढ़ी के बदलाव का संकेत देती है, जहां पुराने दौर का रोमांस एक नए कहानीकार की नज़र से मिलता है। द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड (ञ्जद्धद्द क्व्रु**स्त्रह्य श्वद्ब क्चश्चद्य42श्वश्वस्त्र) एक ऐसी सीरीज़ है जो किसी एक शैली में बंधी नहीं है इसमें समझदारी और मज़ेदार हास्य का खास मिलाप है। पहली बार आर्यन खान पूरे आत्मविश्वास से सामने आते हैं और अपनी डेब्यू सीरीज़ का अंदाज़ दिखाते हुए कहते हैं॰

बॉलीवुड जिसे आपने सालों से प्यार भी किया और वार भी किया, मैं भी वही करूंगा, बहुत सारा प्यारज और थोड़ा सा वार।यह सीरीज़ एक स्टाइलिश लेकिन हलचलभरी दुनिया दिखाने का वादा करती है जो चौंकाने वाली भी है और ज़मीन से जुड़ी हुई भी। तारीख़ याद रखिए नेटफ्लिक्स पर द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड* जल्द आ रही है!

# बिरला ओपस पेंट्स ने पेश किया भारत का पहला 'पेंट प्रॉमिस'

BIRLA opus ASSURANCE

**लखनऊ।** डेकोरेटिव पेंट्स सेक्टर में मिली मजबूत सफलता के आधार पर, आदित्य बिरला ग्रुप की ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ के अंतर्गत आने वाले बिरला ओपस पेंट्स ने आज अपने नए कैंपेन - 'बिरला ओपस एश्योरेंस' की घोषणा की है। भारतीय पेंट उद्योग में अपनी तरह का यह पहला भरोसा, बिरला ओपस पेंट्स की एडवांस प्रोडक्ट क्वालिटी और असाधारण ग्राहक संतुष्टि के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।ब्रांड फिल्मों में 'बिरला ओपस एश्योरेंस' की अनोखी पेशकश को रोचक अंदाज़ में दिखाया गया है, जिसमें बिरला ओपस पेंट्स पेंटिंग सेवा को पूरी तरह से मुफ्त रीपेंट करने का वादा करता है। एक साल की री-पेंटिंग वारंटी को सभी मौसम परिस्थितियों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दीवारें चारों मौसमों की कसौटी पर खरी उतरें। यह एश्योरेंस, मौजूदा उत्पाद वारंटी के अतिरिक्त एक और गारंटी है। इस कैम्पेन पर टिप्पणी करते हुए बिरला ओपस पेंट्स के सीईओ रक्षित हरगवे ने कहा, हमारा 'बिरला ओपस एश्योरेंस' कैम्पेन हमारे प्रोडक्ट्स की असाधारण क्वालिटी और परफॉर्मेंस में हमारी गहरी आस्था को दर्शाता है। हम समझते हैं कि घर पेंट करना उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा निर्णय होता है, और यह पहल उन्हें पूरी मानसिक शांति देने का हमारा तरीका है, जो हमें एक सच्चे उपभोक्ता-केंद्रित ब्रांड के रूप में मजबूत बनाता है।

# पैरालंपिक गौरव को डेलॉइट इंडिया आदरपूर्वक स्मरण कर रहा है

**लखनऊ।** भारत का भविष्य उन व्यक्तियों के प्रयासों से आकार ले रहा है, जो सीमाओं से आगे सपने देखते हैं और अपनी सम्पूर्ण क्षमता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। डेलॉइट इंडिया ने आज विविध प्रतिभाओं के साथ जुड़ने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए 18 वर्षीय शीतल देवी के साथ साझेदारी है,जो दुनिया की पहली बिना हाथों वाली महिला पैरा तीरंदाज और पैरालंपिक पदक विजेता हैं। मज़ाक उड़ाए जाने के बावजूद 15 साल की उम्र में शीतल ने धनुष उठाया और मात्र 16 साल की उम्र में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने 17 साल की उम्र में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त किया और साथ ही पैरालंपिक कांस्य पदक भी जीता। शीतल लगातार बाधाओं को तोड़ रही हैं, सीमाओं को पीछे छोड़ रही हैं और यह दिखा रही हैं कि सपना देखने, प्रयास करने और सफल होने की आज़ादी वास्तव में मौजूद है।

रोमल शेट्टी, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, डेलॉइट साउथ एशियाने कहा, भारत की सबसे बड़ी ताकत




इसके लोगों में, उनकी बड़े सपने देखने, चुनौतियों से पार पाने और संभावनाओं को उपलब्धियों में बदलने की क्षमता में है। शीतल की यात्रा इस बात का एक स्वर्णिम उदाहरण है कि जब दृढ़ता और अवसर का मिलान होता है, तो क्या-कुछ अर्जित किया जा सकता है। डेलॉइट इंडिया में हमारा उद्देश्य केवल भारत की प्रगति का साक्षी बनना नहीं है, बल्कि महानगरों से आगे बढ़कर ऐसे अवसर, मंच और उपयुक्त इकोसिस्टम तैयार करना है, जिससे भारत की प्रतिभा सशक्त हो सके और आगे बढ़ सके।

शीतल देवी ने कहा, पोडियम तक पहुँचने का सफ़र सिर्फ़ एक व्यक्ति का नहीं होता, बल्कि उन लोगों का होता है जो आप पर विश्वास करते हैं और आपको ऊँचा लक्ष्य पाने का आत्मविश्वास देते हैं। मेरा हर तीर स्मरण कराता है कि कोई भी चुनौती असंभव नहीं है। मेरी यह यात्रा न सिर्फ़ मेरे दृढ़ संकल्प से, बल्कि उन लोगों और संगठनों के समर्थन से भी आकार लेती है जो मेरी क्षमता में विश्वास करते हैं। डेलॉइट इंडिया का प्रोत्साहन सिर्फ़ एक संकेत से बढ़कर है, यह एक संदेश है कि सभी रूपों में प्रतिभा को देखा जाना चाहिए, उसकोसम्मानितकरना चाहिए और उसे भरपूर समर्थन देना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि मेरी कहानी दूसरों को चुनौतियों स्वीकारने, अपने सपनों का पीछा करने और दृढ़ता की शक्ति को कभी कम न आंकने के लिए प्रेरित करेगी।

शीतल जैसी कहानियों का आदर और उन्हें प्रोत्साहित करके, डेलॉइट इंडिया देश के सबसे मूल्यवान संसाधन, उसके लोगों में निवेश करना जारी रखता है। साथ मिलकर, हम एक ऐसी नींव बना सकते हैं, जहाँ प्रतिभा को पोषित किया जाए, अवसरों को खोला जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विश्व मंच पर भारत का स्थान और मज़बूत हो।

# आइस मेक रेफ्रिजरेशन ने Q1 में दर्ज की मजबूत आय वृद्धि, दीर्घकालिक विकास के लिए रणनीतिक निवेश की तैयारी

**लखनऊ।** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड, जो 50 से अधिक नवीनतम कूलिंग और रेफ्रिजरेशन समाधानों का अग्रणी निर्माता है, ने 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही (Q1 FY26) के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने लाभप्रदता पर अस्थायी दबाव के बावजूद, राजस्व में निरंतर वृद्धि की गति को बनाए रखा है।

इस तिमाही में कंपनी ने 111.50 करोड़ का एकीकृत संचालन राजस्व दर्ज किया, जो क्त्1 FY25 में 85.23 करोड़ की तुलना में 30% से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। यह प्रदर्शन कोल्ड रूम, औद्योगिक रेफ्रिजरेशन और ट्रांसपोर्ट रेफ्रिजरेशन जैसे मुख्य क्षेत्रों में मजबूत मांग, सटीक ऑर्डर निष्पादन और बढ़ते बाज़ार विस्तार को दर्शाता है।

हालांकि, मौसमी इनपुट लागत में उतार-चढ़ाव, वित्त लागत में वृद्धि और इन्वेंटरी समायोजन के कारण Q1 FY26 में कंपनी को 1.47 करोड़ का घाटा हुआ, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में 3.64 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ था। प्रबंधन ने इसे अल्पकालिक प्रभाव बताया है और भरोसा जताया है कि कंपनी की बुनियादी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है। आइस मेक संचालन कुशलता, लागत नियंत्रण और कार्यशील पूंजी अनुशासन पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रही है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने हाल ही में FY25 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 2.25 का अंतिम लाभांश स्वीकृत किया है और अधिकृत पूंजी में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिससे भविष्य में विकासोन्मुख निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा। कंपनी वर्तमान में रणनीतिक पहलों का अन्वेषण कर रही है, जिनमें क्षमता विस्तार, संभावित अधिग्रहण और श्वस्त्र-समर्थ व प्रौद्योगिकी-आधारित कोल्ड चेन समाधानों का विकास शामिल है, ताकि नए जमाने के उद्योगों और निर्यात बाजारों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री चंद्रकांत पी. पटेल ने कहा, हम अपने टॉप-लाइन में मजबूती और ग्राहकों के निरंतर विश्वास से उत्साहित हैं। अस्थायी लागत-संबंधित दबावों के बावजूद, हम अपनी बहुआयामी विस्तार रणनीति और आगामी फंड रेजिंग योजनाओं के माध्यम से आने वाले क्वार्टर्स में लाभकारी वृद्धि देने के प्रति आश्वस्त हैं।

मजबूत ऑर्डर बुक, विस्तारित उत्पाद पोर्टफोलियो और स्पष्ट दीर्घकालिक रोडमैप के साथ, आइस मेक भारत के कृषि, फूड प्रोसेसिंग, हेल्थकेयर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में ऊर्जा दक्ष और टिकाऊ रेफ्रिजरेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## वॉर 2' में ऋतिक-एनटीआर का एक्शन तूफान, 15 अगस्त पर दर्शकों के लिए खास तोहफा

*स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज हुई अयान मुखर्जी की एक्शन से भरपूर फिल्म, 6 देशों में फिल्माए हाई-ऑक्टेन स्टंट और समाज को सकारात्मक संदेश*

**मुंबई।** जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन की बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉर 2 ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बड़े पर्दे पर धमाकेदार एंट्री कर ली है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एनटीआर ने कहा था– ÷वॉर 2 पागलपन होने वाली है। फिल्म के पहले ही फ्रेम से दर्शकों को एक्शन और एडवेंचर का ऐसा तूफान देखने को मिलता है जो उन्हें सीट से बांधे रखता है। निर्देशक अयान मुखर्जी ने 6 अलग-अलग देशों की लोकेशन को बड़े ही शानदार तरीके से पर्दे पर उतारा है। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की टक्कर, हाई-ऑक्टेन स्टंट्स और दमदार है। एनटीआर ने अपने किरदार के लिए फिटनेस पर खास मेहनत की है, वहीं ऋतिक का स्टाइल और एक्शन सीक्वेंस उनकी स्टार पावर को और बढ़ा देते हैं।

हालांकि, फिल्म की लंबाई और बिखरे हुए फ्लैशबैक सीन्स इसकी रफ्तार को थोड़ी धीमी कर देते हैं। कुछ हिस्सों में एडिटिंग और कसावट की कमी खलती है, लेकिन विलेन की पहचान को लंबे समय तक छिपाए रखना उत्सुकता बनाए रखता है।

या एक एक्शन फिल्म नहीं है, बल्कि गुमराह रास्ते पर चल पड़े लोगों की कहानी है, जो अंत में सही राह अपनाने का संदेश देती है। एक्शन प्रेमियों के लिए यह फिल्म किसी तोहफे से कम नहीं है। बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी, अंतरराष्ट्रीय लोकेशन और तगड़े स्टंट्स इसे सिनेमाघरों में देखने लायक बनाते हैं।

रेटिंग ★★★☆☆ (3/5)

रिपोर्ट: नम्रता शुक्ला

# टाटा एआईए ने लॉन्च की शुभ शक्ति - स्वस्थ, खुशहाल और बेफिक्र जीवन की पेशकश करने वाली योजना

**नई दिल्ली।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिज़ाइन की गई एक टर्म इंश्योरेंस योजना शुभ शक्ति लॉन्च की है। यह सिर्फ जीवन बीमा उत्पाद ही नहीं, बल्कि एक समग्र सुरक्षा योजना है जो हर महिला के जीवन के विशिष्ट चरण और वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करती है, जिससे उसे अपनी और अपने प्रियजनों की सुरक्षा करने का अधिकार मिलता है, साथ ही वह अपनी व्यक्तिगत और व्यावसायिक यात्रा में आगे बढ़ती रहती है।

टर्म लाइफ इंश्योरेंस उद्योग को परंपरागत रूप से, पुरुष-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ तैयार किया गया है, जो मुख्य रूप से कमाने वाले पुरुषों की ज़रूरतों पर केंद्रित है और महिलाओं के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को अनदेखा किया जाता है। लेकिन आज, भारतीय महिलाएं परंपरागत सीमाओं तोड़ रही हैं और कार्यबल, उद्यमियों और वित्तीय निर्णय लेने वालों में अग्रणी के रूप में उभर रही हैं। महिला श्रम बल भागीदारी दर वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर 41.7त्न हो गई, जो वित्त वर्ष 2018 में 23.3% थी। इस तरह, महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से योगदान दे रही हैं, बल्कि अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन हाल ही में हुए टाटा एआईए के एक सर्वेक्षण के मुताबिक 89% विवाहित महिलाएं अभी भी वित्तीय नियोजन के लिए अपने पतियों पर निर्भर हैं, और केवल 44त्न महिलाएं ही विकल्प मिलने पर स्वतंत्र रूप से वित्तीय फैसले लेती हैं।

इस फर्क से एक ऐसे समाधान की तत्काल आवश्यकता रेखांकित होती है जो महिलाओं की विशिष्ट वित्तीय आवश्यकताओं और चुनौतियों का विशेष रूप से समाधान करे। अच्छी खबर यह है कि परिदृश्य बदल रहा है। दिसंबर 2024 में, 2.7 करोड़ महिलाएं अपने क्रेडिट स्कोर पर नज़र रख रही थी। इस लिहाज़ से केवल एक साल में 42% की वृद्धि हुई और यह बढ़ती जागरूकता तथा अधिक वित्तीय स्वतंत्रता का संकेत है।

टाटा एआईए की मुख्य अनुपालन अधिकारी (चीफ कंप्लायंस ऑफिसर), गायत्री नाथन ने कहा, भारतीय महिलाएं अपने वित्त और निवेश की ज़िम्मेदारी अपने हाथों में ले रही हैं, फिर भी उनके पास बीमा काफी कम है, जिससे किसी भी त्रासदी की स्थिति में उनके परिवार असुरक्षित हो जाते हैं।÷ उन्होंने कहा, शुभ शक्ति के साथ, हम एक ऐसा समाधान पेश कर रहे हैं जो आज की महिलाओं की क्षमताओं के अनुरूप है। यह उन्हें अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने, अपने स्वास्थ्य में निवेश करने और चिंता मुक्त जीवन जीने के लिए सशक्त बनाता है।

# चोरों ने उड़ा दिए पांच लाख से अधिक के गहने

- रविंद्र नगर थाना के गांव परसादपुर में दिल दहला देने वाली घटना
- शातिर चोरों ने घर में ही सो रहे परिजनों को लगने नहीं दिया भनक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** गांवों में चोरी की घटनाओं की भरमार सी आ गयी है। जिससे ग्रामीण दहशतज़दा हैं। ताजा मामला जनपद मुख्यालय स्थित रविन्द्र नगर थाना क्षेत्र के परसादपुर गांव का है। यहां के निवासी नर्वदेश्वर सिंह के घर में छत के रास्ते घुसे शातिर चोरों ने बेटी व मां के पांच लाख से अधिक के सोने व चांदी के गहने ले उड़े। सुबह चार बजे जगे परिजनों को इस वारदात की जानकारी होने पर सभी के होश उड़ गए।

रविंद्र नगर थाना पुलिस को दिए तहरीर में परसादपुर गांव निवासी नर्वदेश्वर सिंह पुत्र परमानंद सिंह ने लिखा है कि 13 अगस्त की रात में परिवार के सभी पुरूष व महिला सदस्य भोजन करने के बाद सो गए। 14 अगस्त की सुबह 4 बजे जगने के बाद कमरों में रखे बाक्स व आलमारी में रखे सामान बिखरे दिखे तो किसी अनहोनी की आशंका हुई। छानबीन करने पर पता चला कि शातिर चोरों ने मकान के पीछे खड़े पेड़ के सहारे छत पर चढ़कर छत से नीचे घर में उतरकर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। परिजनों ने जब आभूषणों की जांच परख की तो पता चला कि बड़गांव अपने ससुराल से मायके परसादपुर आयी बेटी का सोने का सिकड़, सोने का कंठमाला, अुंगुठी, कान का झाला, पायल तथा पत्नी का सोने का मंगल सूत्र, सिकड़, अंगूठी आदि सामान गायब हैं।

चोरों ने इतने शातिराना अंदाज से घटना को अंजाम दिया कि घर में ही सो रहे परिजनों को इसकी भनक तक नही लगी। चोर जिस रास्ते घर में घुसे थे उसी रास्ते आभूषण लेकर चंपत हो गए। पीड़ित ने तहरीर में लिखा है कि चोरी की घटना की तहरीर मुकामी पुलिस को दे दिया हूं, लेकिन अभी तक पुलिस ने न तो कोई मुकदमा ही दर्ज किया न ही चोरों को पकड़ने के लिए कोई सक्रिय भूमिका में नजर आ रही है। पीड़ित ने मामले की जांच कर शातिर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने और घर से चोरी गए पांच लाख से अधिक के गहनों के बरामदगी की मांग की है।


विद्यालय में हुई चोरी का जायजा लेती हाटा पुलिस

### विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

**अवधनामा संवाददाता, हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगलपुर उर्फ मंगरुआ के टोला देउरवा में रविवार की रात प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा सामान की चोरी की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह सोमवार की सुबह विद्यालय पहुंच देखा कि कमरे का ताला टुटा हुआ है और कमरे में रखा राशन, भगौना, बैग सहित कागजात और खेल कूद का सामान गायब है। जिसकी की सूचना 112 को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह ने अज्ञात के खिलाफ हाटा थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।

## इन्काउन्टर में दो बदमाश गिरफ्तार, पैर में गोली लगी, तमंचा बरामद

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र के हाशिमपुर ब्रिज पर सोमवार को पुलिस और शातिर बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो कुख्यात बदमाश आज़म खान और मंसूर अहमद के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पूरे सिटी जोन में पुलिस संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी क्रम में हाशिमपुर ब्रिज के पास बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखे। पुलिस टीम ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो वे चेकिंग प्वाइंट तोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे मौके पर ही घायल हो गए।

# मकबरे में की गई तोड़ फोड़ के खिलाफ एआईएमआईएम ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम द्वारा फतेहपुर प्रकरण को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी सत्यम मिश्रा को सौंपा गया।

जैसा कि 11अगस्त को फतेहपुर के अब्दुल समद खान मक़बरा पर सैंकड़ों में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, हिंदू महासभा, भारतीय जनता पार्टी, एवं समाजवादी पार्टी द्वारा मंसूबाबंद साजिश के तहत पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए उनकी निगरानी में मकबरे के चारों तरफ लगी बैरिकेटिंग को तोड़कर मकबरे के अंदर पहुंचकर मुसलमानों के खिलाफ भद्दे अपमानजनक असहनीय शब्दों का प्रयोग करते हुए वहां बने हुए मकबरों को भीड़ तंत्र द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया। शिखर पर चढ़कर ध्वजों को स्थापित कर लहराया गया। इस घटना से मुस्लिम समाज की मार्मिक अंर्तभावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई गई। इस घटना से साफ परिलक्षित होता है कि उत्तर प्रदेश सरकार मुस्लिम समाज के विरुद्ध अभियान चलाकर उनके पवित्र धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर प्रदेश में धार्मिक उन्माद फैलाकर सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते हुए प्रदेश में अराजकतत्वों की खुली छूट दे रही है और शांति सौहार्द आपसी अमन चैन के माहौल को खत्म करना चाहती है। जिसकी ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन उत्तर प्रदेश पुरजोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम सरकार से ये मांग करती है दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अफ़सर महमूद महानगर अध्यक्ष के अलावा जिलाध्यक्ष गंगापार अली शेर खान, मुजीबुर्रहमान एडवोकेट, इफ्तेखार अहमद मंदर, जीशान रहमानी, मोहम्मद अली, इफ्तेखार अहमद अंसारी, सैय्यद ईरशाद आलम, एजाज़ नक़वी, तरन्नुम बानो,अदीब अली, साबिर अमीर, रियाज़ुल हक़, गुड़िया बेगम, रुखसाना, अफसाना, असलम खान, मोहम्मद गौस रानू आदि लोग उपस्थित थे।



# निरीक्षण में 16 वाहन पाए गए अनफिट

- कैम्प के माध्यम से स्कूली वाहनों का किया निरीक्षण, चालकों का हुआ परीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सोमवार को एआरटीओ कुशीनगर मो. अजीम द्वारा किसान डिग्री कालेज पैकौली हाटा में तथा पावानगर महावीर इण्टर कालेज, फाजिलनगर में कैम्प लगाकर 203 स्कूली वाहनों का भौतिक तकनीकी निरीक्षण किया गया तथा स्कूली वाहन चालकों/ परिचालकों के स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण कराया गया।

वाहनों का भौतिक/तकनीकी निरीक्षण, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना, कुशीनगर के मोटर मैकेनिक पियुषकान्त सिंह, अमित चौहान, रंजीत कुमार, नफीश अहमद द्वारा किया गया, तथा स्वास्थ्य विभाग के डॉ स्नेहा कुमार नेत्र सर्जन, डॉ अतिम आलम, ईएनटी सर्जन डॉ प्रेम नारायण, डॉ बेद, आप्टोमेट्रिस्ट सतीश कुशवाहा, विवेक नारायन तिवारी, बृजभान सिंह, आफताब आलम, आनन्द पाल सिंह तथा ऑडियोलॉजिस्ट अनुपम व विजेन्द्र यादव द्वारा स्कूली वाहन चालको/परिचालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण जैसे-ब्लड प्रेशर, सुगर जांच, श्रवण क्षमता जॉच इत्यादि का जांच कर स्वास्थ्य कार्ड जारी किया गया। वाहन जॉच में कुल 187 स्कूली वाहन मानक के अनुरूप पाए गए तथा 16 वाहन मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने पर एआरटीओ कुशीनगर मो. अजीम द्वारा स्कूल प्रबन्धक प्राचार्य को 15 दिवस के अन्दर वाहन को मानक के अनुरूप करा कर कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। एआरटीओ ने जनपद में संचालित समस्त स्कूली वाहनों के स्वामी (प्रबन्धक/प्राचार्य) को निर्देशित किया है कि आपके स्कूली में संचालित समस्त वाहन को मानक के अनुरूप करा कर ही वाहन का संचालन करें। वाहन चेकिंग के दौरान जो वाहन मानक के विपरीत संचालित पाई जायेगी। उसके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।


वाहनों की फिटनेश जांच करते एआरटीओ

## बड़े धूमधाम से आयोजित हुआ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**प्रयागराज।** विनोबा नगर शिव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्तिमय माहौल में सम्पन्न हुआ। जन्माष्टमी की रात जैसे ही घड़ी ने बारह बजाए, पूरा मंदिर परिसर ÷जय कन्हैया लाल की÷ के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण में भक्ति रस की धारा बह निकली।

मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों, रोशनी और फूलों से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को झूले में विराजमान कर भक्तों ने झूला झुलाया और भजनों पर झूमते हुए जन्मोत्सव का आनंद लिया। दिव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवपूजन केसरवानी (गब्बर भाई), गुड्डू केसरवानी, सुभाष केसरवानी, पप्पू केसवानी, छोटू केसरवानी, राष्ट्रीय हिंदी दैनिक संकल्प संदेश समाचार पत्र के संपादक दिनेश कुमार मिश्रा जी ,वरिष्ठ पत्रकार दिलीप चंद पाण्डेय सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब का 7वां अधिष्ठापन समारोह कार्यक्रम संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर का 7वां अधिष्ठापन समारोह एवं पारिवारिक मिलन कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस की शाम को एक होटल में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष, श्रीमती किरन राकेश जायसवाल, ने रोटरी कुशीनगर के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए क्लब की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। क्लब संरक्षक राकेश जायसवाल ने भी अपने संबोधन में रोटरी के प्रयासों की प्रशंसा की।

इस विशेष अवसर पर रोटरी क्लब गोरखपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के प्रबंधक श्री मंकेश्वर नाथ पाण्डेय ने रोटरी वर्ष 2025-2ये के लिए चयनित नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारिवारिक मिलन समारोह, सहभोज एवं संगीत कार्यक्रम रहा, जिसमें रोटरी क्लब कुशीनगर के सभी सदस्य अपने परिवारों के साथ सम्मिलित हुए और इस अवसर का भरपूर आनंद लिया। रोटरी क्लब कुशीनगर के सह संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष, वाहिद अली, ने विगत सत्र में संपन्न हुए कार्यक्रमों का लेख जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष अजय सिंह और सचिव विजय गुप्ता ने सभी अतिथियों और उपस्थित रोटेरियनों का आभार व्यक्त करते हुए समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी एवं शाहीन शेख ने किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में रोटरी क्लब देवरिया के अध्यक्ष कपिल सोनी, सचिव पीयूष अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष अतुल बरनवाल के साथ रोटरी कुशीनगर के वरिष्ठ पदाधिकारियों में सह संरक्षक वाहिद अली, अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव विजय कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, उपाध्यक्ष डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, सह सचिव अंजली खरवार, सह सचिव सदरे आलम, सह कोषाध्यक्ष अमरेन्द्र नारायण सिंह, निदेशक डॉ. पवन कुमार खरवार, निदेशक इम्तियाज़ आलम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


स्थापना दिवस पर शपथ लेते रोटरी क्लब के सदस्य

# पीड़िताओं के सुरक्षा व अधिकारों का संरक्षण किया जाए : अपर जिला जज



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री राम मिलन सिंह के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें, ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें।

## यातायात पुलिस द्वारा दुर्घनाओं की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाया

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज 18 अगस्त को यातायात प्रभारी देवरिया गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर मालवीय रोड, कचहरी चौराहा एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले ईङ्करिक्शा, ऑटो के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी, जिसमें 87 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 12 वाहनों को सीज किया गया और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

**इस प्रकार की कार्रवाई के माध्यम से**

1.यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है ।

2.दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है।

3.वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर हुआ भजन संध्या का आयोजन



**भाटपार रानी, देवरिया।** शनिवार की रात भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के रहीमपुर ग्राम पंचायत के नेउरहां गांव स्थित मां जगत जननी धाम के प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर भजन संध्या का भी आयोजन हुआ, जिसमें शानदार भजन, गीत, गजल आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रचनाकार जियाउल्लाह अंसारी, लोक गायक सुबाष, यादव लोक गायक हृदयानंद विशाल,लोकगायक तारसेन, पं0 वेदप्रकाश मिश्र आदि ने अपना शानदार कार्यक्रम पेश किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता व समाजसेवी अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि भवगान श्रीकृष्ण ने अधर्म व अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने का उपदेश दिया।जिसे जीवन में उतारने की जरूरत है।अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी जटाशंकर सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करने की जरूरत है। कवि, शायर व पत्रकार मक़सूद अहमद भोपतपुरी ने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने दुःख की घड़ी में अपने गरीब मित्र सुदामा की ऐतिहासिक मदद कर पूरी दुनिया में मित्रता का एक अतुलनीय मिसाल पेश किया।उनकी दोस्ती से आधुनिक लोगों को सबक लेनी चाहिए।वहीं कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप कुमार मौर्य किसी कारणवश मुंबई से नहीं आ सके तो उन्होंने वहीं से आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रेमी को नागवार गुजरी थी दूसरे से प्रेमिका की बात करना, कर दी हत्या

- मोरवन पुलिया के नीचे मिला था शव, प्रेमी संघ दो गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** चार दिन पूर्व रामकोला थाना क्षेत्र के मोरवन में पुलिया के नीचे से एक युवती की लाश बरामद हुई थी, जिसका पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया है। युवती की हत्या उसके ही तथाकथित प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर इस लिए कर दिया कि वह किसी दूसरे लड़के से बात करने लगी। प्रेमी को नागवार लगा और मिलने के बहाने बुलाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना का खुलासा करते हुए सीओ खड्डा उमेश चंद्र भट्ट ने बताया कि बीते 16 अगस्त को थाना रामकोला क्षेत्र के ग्राम मोरवन में पुलिया के नीचे एक नाबालिक लड़की उम्र करीब 15 वर्ष का शव बरामद हुआ था। प्रकरण में मृतका के परिजनों की तहरीर अभियोग पंजीकृत किया गया तथा प्रकरण में पुलिस द्वारा शव का नियमानुसार पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट लगने से मृत्यु होना पाया गया है। घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें गठित की गई थी, जिसके क्रम में सोमवार को थाना रामकोला पुलिस द्वारा घटना में शामिल दो आरोपियों निलेश पुत्र जितेन्द्र निवासी वार्ड नं. 6 भूषण कालोनी कस्बा थाना रामकोला व प्रिंस कुमार पुत्र नंदू हरिजन निवासी बैरिया थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि निलेश का मृतका से प्रेम-प्रसंग था।

इसी बीच मृतका किसी और लड़के से बात करने लगी थी। इसी बात से क्षुब्ध होकर निलेश ने लड़की को मिलने के लिए बुलाया और वाद-विवाद होने पर चाकू से मारकर हत्या कर दिया और अपने साथी प्रिंस कुमार के साथ मिलकर शव को पुलिया के नीचे छुपा दिया था। पुलिस दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




# मिश्रौली और बडहरागंज का डोल मेला सकुशल संपन्न

- मुस्तैदी से डटे रहे चप्पे-चप्पे पर पुलिस व पीएसी के जवान

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र का अतिसंवेदनशील मिश्रौली डोल मेला रविवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सौहार्दपूर्व माहौल में सकुशल निपट गया। मेला में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे इसको लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैदी से डटे रहे। मेले में भगवान श्रीकृष्ण की निकाली गई अलग-अलग झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही।

मिश्रौली डोल मेला को लेकर पिछले एक सप्ताह से सुरक्षा व्यवस्था में जुटे अधिकारी पर्याप्त पुलिस बल के साथ सुबह ही मिश्रौली मेला स्थल पर पहुंच गए, वहां से भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ सजी डोल लेकर गांव के जिन रास्तों से होकर मूर्ति गुजरनी थी वहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल के साथ तैनात रहे। मेले मे मंगलपुर पटेरहा, सनेरामल छपरा, बरकंटी, पकड़ियार, सोहरौना, विश्रामपट्टी, आधार छपरा बाजार टोला, आधार छपरा खास, शिवाला टोला, दल बहादुर छपरा, कोइरी टोला, सिसवलिया, सहुआडीह, चंदरपुर, सहित डेढ दर्जन गांवो से डोल मिश्रौली पहुंचा। मिश्रौली के बाद सांप्रदायिक दृष्टि से अति संवेदनशील गांव बड़हरा का डोल मेला भी पुलिस और दोनों पक्षों के आपसी सहयोग से सकुशल संपन्न हो गया। पडरौना कोतवाली के गांव बड़हरा में सोमवार को डोल मेला को संपन्न कराने के लिए बीते एक सप्ताह से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन तैयारी मे जुटा हुआ था। इस दौरान भक्ति गीतो पर युवा थिरकते रहे। कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगो के खूब वाहवाही लूटी। सुरक्षा व्यवस्था की कमान थामे उपजिलाधिकारी रिषभ पुंडीर, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय सिंह व पडरौना कोतवाली प्रभारी हर्षवर्धन सिंह के अलावा एक दर्जन इंस्पेक्टर, एक दर्जन दरोगा, 3 महिला दरोगा, 250 सिपाही, महिला सिपाही, टीएसआई, 10 ट्रैफिक पुलिस, पांच कंपनी पीएससी, फायर सर्विस के जवान, एंबुलेंस आदि मौजूद रहे।





### प्रशासन ने ली राहत की सांस

सांप्रदायिक दृष्टिकोण से मिश्रौली डोल मेला प्रशासन के लिए अतिसंवेदनशील माना जाता है। मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति यह रही कि जब तक मेला समाप्त नहीं हो जाता तब तक अधिकारियों की सांस अटकी रही। डोल मेला शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी आसपास के गांवों के सामाजिक लोगों के साथ बैठक कर मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए सुझाव लेते रहे। समाजिक कार्यकर्त्ता व श पत्रकार शम्भू मिश्रा, पिन्टू मिश्रा, महेन्द्र दीक्षित, राघवेन्द्र दीक्षित आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## राजीव गांधी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाएगी कांग्रेस

**अमेठी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस को कांग्रेस सद्भावना दिवस के रूप में मनाएगी। कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो गई है।

सद्भावना दिवस पर साईकिल दौड, प्रतिभा सम्मान, चिकित्सा शिविर और विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनिल सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। कार्यक्रमों की शुरुआत अमेठी जिला मुख्यालय के ग्राम सभा सैंठा के सैंठा बाजार से लेकर गौरीगंज सब्जी मंडी तक साइकिल दौड़ प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम के संयोजक जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि इस 27वीं साईकिल प्रतियोगिता मे बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता स्व. राजीव गांधी के विचारों–युवाशक्ति, शिक्षा, विज्ञान और ग्रामीण विकास को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास होगी। जिला उपाध्यक्ष अनुराग सिंह जिला पुस्तकालय एवं वाचनालय में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित करेंगे।

# सबसे पहले आई, जल जीवन मिशन के काम में सबसे पीछे है वेलस्पन कम्पनी

- 66 फीसदी है अब तक हर घर तक नल परियोजना की उपलब्धि

संजीव भारती

**अमेठी।** जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पिछले चार साल के भीतर 66फीसदी परियोजनाएं संचालित हुई हैं। सभी योजनाओं में ओवर हेड टैंकों के निर्माण के साथ जलापूर्ति शुरू करने के लिए दिसंबर -2025डेट लाइन निर्धारित की गई है। सबसे पहले काम शुरू करने वाली कम्पनी मेसर्स वेलस्पन इंटरप्राइजेज और कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड -, मुम्बई का काम सबसे पीछे है।इस कम्पनी के काम को लेकर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा संसद में सवाल भी उठा चुके हैं।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर इस संवाददाता ने भारत सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन की प्रगति के बारे में जानकारी ली। भारत सरकार की ओर से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के अभी तक 97फीसदी जल कनेक्शन हुए हैं।321परियोजनाओं में जलापूर्ति शुरू होने के बाद गृह संयोजन/जल कनेक्शन के लिए लोगों की मांग बढ़ी है और आई जी आर एस पोर्टल पर शिकायतों की संख्या बढ़ गई है।अब तक के काम की प्रगति के मामले में मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स -गाजा इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड- नोएडा कम्पनी सबसे आगे है।



### जल निगम में आउटसोर्स कर्मचारियों को काम अलॉट

**लखनऊ।** जल निगम में हाल ही में कई प्रोजेक्ट्स के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों को काम अलॉट किया गया है। विभाग का कहना है कि यह कदम काम की रफ्तार बढ़ाने और कम लागत में सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उठाया गया है, लेकिन इससे कार्य की गुणवत्ता और जिम्मेदारी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, कई महत्वपूर्ण तकनीकी और फील्ड से जुड़े कार्य आउटसोर्स कंपनियों के माध्यम से कर्मचारियों को सौंपे गए हैं। विभाग के स्थायी कर्मचारियों का मानना है कि आउटसोर्स वर्कर्स को जरूरी ट्रेनिंग और अनुभव की कमी के कारण काम के मानक पर असर पड़ सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, आउटसोर्स स्टाफ में बदलाव तेज़ी से होता है, जिससे निरंतरता और जवाबदेही में दिक्कत आती है। लंबे समय वाले प्रोजेक्ट्स में यह एक बड़ा जोखिम है।

अवधनामा



# शाहजहांपुर के व्यक्ति का राजस्थान में नीले ड्रम के अंदर मिला सड़ा गला शव

■ पुलिस की जांच में पत्नी और प्रेमी ने मिलकर की हत्या

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद के खुटार क्षेत्र के नदिया नवाजपुर कू रहने वाले हंस राम का रविवार को राजस्थान में नीले ड्रम के अंदर सड़ा गला शव बरामद हुआ है पूरा मामला राजस्थान के खैरथल तिजारा का है जहां नीले ड्रम में मिले शव का सनसनीखेज खुलासा! हुआ है बताया जाता है मृतक हंसराम राजस्थान में अपनी पत्नी के साथ रहकर मेहनत मजदूरी करता था इसी बीच आरोपी जितेंद्र और मृतक हंसराज की पत्नी सुनीता के बीच नजदीकियां। बढ़ गई सुनीता रील बनाने की शौकीन थी और उसकी रील ने पूरा पर्दाफाश कर दिया

**सुनीता ने अपनी रील्स में कहा- मर गई तो तुझे छोड़ूंगी नहीं**

नीले ड्रम में मिली हंसराज की लाश, क्राइम पेट्रोल देखने की शौक़ीन थी पत्नी, राजस्थान के खैरथल तिजारा में एक युवक की हत्या के बाद उसके शव को नीले ड्रम में छिपाने के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासे किए हैं। यह मामला हत्या के बाद से ही पूरे देश में चर्चा का केंद्र बना हुआ था और इसे मेरठ के मुस्कान वाले मामले से जोड़ा जा रहा था। अब पुलिस ने मकान मालिक के बेटे जितेंद्र और मृतक की पत्नी के बारे में कई चौंकाने वाली जानकारी उजागर की है। पुलिस के अनुसार, जितेंद्र ही हंसराज और उसके परिवार को अपने घर लेकर आया था। दोनों, जितेंद्र और हंसराम, एक साथ शराब पीते थे। जांच में पता चला है कि जितेंद्र के कई महिलाओं से संबंध थे। पुलिस अब इस मामले की हर पहलू से गहन जांच कर रही है।

खैरथल तिजारा जिले के किशनगढ़बास में नीले ड्रम में आरोपी जितेंद्र ने मृतक हंसराम को जनवरी में ईंट के भट्ठे पर काम के लिए लाया था। जितेंद्र उसी भट्ठे पर मुनीम का काम करता था। उसकी पत्नी सोशल मीडिया पर रील्स बनाती थी, जिसके चलते जितेंद्र और मृतक की पत्नी लक्ष्मी उर्फ सुनीता के बीच नजदीकियां बढ़ गई। बताया जाता है कि जितेंद्र को क्राइम पेट्रोल देखने और फोन चलाने की लत थी। जब मृतक की पत्नी का सोशल मीडिया अकाउंट जांचा गया, तो कई वीडियो सामने आए। एक वीडियो में जितेंद्र की पत्नी रील बनाते हुए अपने पति से कहती नजर आई, जिंदा रही तो कुछ और बात है, मर गई तो तुझे छोड़ूंगी नहीं, जिंदा रही तो तुझे छोड़ूंगी नहीं। लेकिन अब उसका पति इस दुनिया में नहीं है, और वह अपने प्रेमी के साथ फरार है।

### जांच के लिए गठित चार टीमें

इस मामले की तहकीकात के लिए पुलिस ने चार टीमें बनाई हैं। ये टीमें अलग-अलग जिलों और शहरों में छापेमारी कर रही हैं। एक टीम को उत्तर प्रदेश भी भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से फरार महिला और मकान मालिक के बेटे की तलाश जारी है। जांच में पता चला कि हंसराज जिस ईंट भट्ठे पर काम करता था, उसी भट्ठे पर जितेंद्र मैनेजर था। हंसराज पहले भट्ठे पर ही अपने परिवार के साथ रहता था। डेढ़ महीने पहले जितेंद्र ने हंसराज और उसके परिवार को अपने घर लाकर किराए पर रखा था। हंसराज और जितेंद्र दोनों शराब पीने के आदी थे और अक्सर साथ में शराब पीते थे। पुलिस ने बताया कि हंसराज की पत्नी सुनीता को सोशल मीडिया पर रील बनाने का शौक था और वह अपने पति व बच्चों के साथ रील्स बनाया करती थी। जांच के दौरान पुलिस को कई रील्स मिली हैं। इसके अलावा, पुलिस ने हंसराज के परिजनों को इस घटना की सूचना दे दी है और वे परेशान हालत में किशनगढ़ बास पहुंच रहे हैं। परिजनों के आने के बाद मेडिकल बोर्ड द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं, जांच में यह भी सामने आया कि फरार मकान मालिक के बेटे जितेंद्र की पत्नी की मृत्यु 2014 में हो गई थी, और इसके बाद जितेंद्र के कई महिलाओं से संबंध रहे थे। पुलिस अब इस मामले की हर पहलू से गहन जांच कर रही है।

### थाना खुटार क्षेत्र के नवदिया नवाजपुर गांव का रहने वाला था हंसराज

**शाहजहांपुर** जनपद के थाना खुटार क्षेत्र के गांव नवदिया नवाजपुर निवासी 35 वर्षीय हंसराज की राजस्थान के खैरथल तिजारा जिले में रहस्यमयी हालात में हत्या कर दी गई। हंसराम कुछ सालों से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ राजस्थान में रहकर मजदूरी करता था। रविवार को उसके मकान की छत पर रखे नीले ड्रम में गला कटा शव बरामद हुआ है बताया जाता है शव पर बड़ी मात्रा में नमक डाला गया था। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन खुटार से राजस्थान के लिए रवाना हो गए। इस बीच हंसराज की पत्नी बच्चे और मकान मालकिन का बेटा जितेंद्र घर से लापता हैं, जिससे हत्या को लेकर तरह-तरह की चर्चाएँ तेज हो गई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही सूत्र के माने तो मृतक की पत्नी और जितेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ जारी है।

उधर था ना अध्यक्ष खोटा ने बताया कि राजस्थान में नदिया नवाज निवासी हंस राम का शव ड्रम में पड़ा हुआ मिला है मत के परिवार को सूचना दे दी गई है और वह राजस्थान के लिए निकल चुके हैं

## दो दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय हाई स्कूल नारखी फिरोजाबाद में प्रारम्भ हुआ

**शिकोहाबाद।** समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के दो दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय हाई स्कूल नारखी फिरोजाबाद में प्रारम्भ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि/मास्टर ट्रेनर अशोक कुमार अनुरागी एवं विशिष्ट अतिथि सोनवीर सिंह राठौर जिला समन्वयक एवं राजकपूर प्रधानाचार्य, हरिश्चन्द्र प्रधानाचार्य एवं योगेन्द्र सिंह मास्टर ट्रेनर के द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती मां चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के एस.एम.डी.सी. के शिक्षक सदस्य मनोज कुमार, राजेश कुमार के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि इस प्रशिक्षण के द्वारा विद्यालय के विकास में सामुदायिक सहभागिता का अहम कार्य है। विद्यालय के विकास के लिए सतत प्रयास करते रहना चाहिए। सोनवीर सिंह जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा राजकीय विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहा है, जिनमें केरियर ओर व्यवसायिक शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। आप सभी अभिवावगण अधिक से अधिक लाभ ले। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। आए हुए समस्त एस एम डी सी सदस्यों का आभार राजकपूर प्रधानाचार्य द्वारा किया गया।

## अधिकार सेवा के पदाधिकारी ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अवधनामा संवाददाता।** आजाद अधिकार सेना ने आज जिलाध्यक्ष विमलेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर एकत्र होकर देश में पेट्रोल के साथ एथेनॉल को मिलाकर बेचे जाने से संबंधित तमाम बिंदुओं पर राष्ट्रपति के नाम प्रत्यावेदन सौंपा।

प्रत्यावेदन में कहा गया कि भारत सरकार द्वारा 20त्न एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के निर्णय से तमाम गंभीर सवाल सामने आए हैं । देश की अधिकतर गाड़ियां अभी 10त्न से अधिक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को खपाने की क्षमता नहीं रखती हैं. अतः 20त्न एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से पर्यावरण, माइलेज और वाहन, तीनों को नुकसान होने की पूरी संभावना है।

# डीएम ने गौआश्रय स्थल कुण्डासर, परसेण्डी व प्यारेपुर का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



■ संरक्षित गौवंशो की व्यवस्था का लिया जायजा

■ गुड, चना व फल खिलाकर की गो-सेवा

■ परिसर में किया पौधरोपण

**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ जिले में स्थापित गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से वृहद गो आश्रय स्थल कुण्डासर, अस्थायी गो आश्रय स्थल परेसेण्डी व प्यारेपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर तीनों स्थानों पर गोवंशों को चना, गुड़ व फल खिलाकर गो-सेवा की तथा परिसर में पौध भी रोपित किया।

वृहद गो आश्रय स्थल कुण्डासर के निरीक्षण के दौरान केयरटेकर द्वारा बताया गया कि 391 गोवंश संरक्षित हैं जिसमें 261 नर तथा 130 मादा गोवंश हैं। गोवंशों के लिए भूसा, चूनी चोकर की पर्याप्त व्यवस्था है। हरे चारे के लिए 03 बीघा क्षेत्रफल में हरा चारा बोया गया है। निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि भविष्य में संरक्षित गोवंशों की छाया के लिए बाउण्ड्रीवाल के किनारे-किनारे मजबूत ट्री गार्ड के साथ छायादार पौध रोपित करा दिये जायें तथा बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई को भी बढ़ा दिया जाय। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि बीमार व कमज़ोर पशुओं की विशेष देखभाल की जाय तथा इन्हें स्वस्थ पशुओं से अलग रखा जाय। निरीक्षण के दौरान डीएम ने भूसा रजिस्टर, दाना रजिस्टर, पशु लागबुक, हराचारा पंजिका व अन्य अभिलेखों का भी अवलोकन किया।

इसके उपरान्त डीएम श्री त्रिपाठी ने अस्थायी गोआश्रय स्थल परसेण्डी का निरीक्षण किया। यहां पर बताया गया कि 496 गोवंश संरक्षित हैं जिसमें 308 नर तथा 188 मादा गोवंश हैं। डीएम ने संरक्षित गोवंशों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए ग्राम प्रधान को निर्देश दिया कि आश्रय स्थल में जल्दी तैयार होने वाले प्रजाति के पौध रोपित किये जाये जिससे पशुओं के लिए कम समय में छायादार स्थान उपलब्ध हो सके। इसके उपरान्त डीएम श्री त्रिपाठी ने अस्थायी गोआश्रय स्थल प्यारेपुर का निरीक्षण किया। यहां पर बताया गया कि 305 गोवंश संरक्षित हैं जिसमें 181 नर तथा 124 मादा गोवंश हैं। डीएम ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि मज़बूत ट्रीगार्ड के साथ छायादार पौध रोपित किये जायें। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी संरक्षित गोवंशों को शासन की मंशानुरूप चारा, भूसा, पानी के साथ-साथ समुचित उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी जाय।

इसके उपरान्त डीएम श्री त्रिपाठी ने प्यारेपुर में रानी लक्ष्मीबाई अमृत उद्यान का निरीक्षण कर इस वर्ष कराये गये पौधरोपण कार्य को देखा तथा स्वयं भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, बीडीओ कैसरगंज सचिन कुमार, फखरपुर अजय प्रताप सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बज़्मे फरोगे अदब ने किया महफिले मसालमा का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

■ 'ख़ुदा के बंदे नबी की उम्मत, गुलामे आले रसूल हैं हम'




**फिरोजाबाद।** साहित्यिक सामाजिक संस्था बज़्मे फ़रोगे अदब फीरोजाबाद के तत्वावधान में 60 फुटा रोड पर मौला इमाम हुसैन की याद में एक महफ़िले मसालमा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के तमाम मशहूर शायरों, साहित्यिकारों ने अपनी रचनाओं से महफ़िल को सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का आगाज़ जनाब हाफ़िज़ आदिल साहब ने कलामे पाक की तिलावत कर किया। तत्पश्चात् उमर पैकर ने नाते रसूले पाक पढ़ते हुए कहा 'खुदा पूछेगा महशर में वसीला किस का लाया है-मैं कह दूंगा मुहम्मद का मुहम्मद का मुहम्मद का'। आगे कार्यक्रम को बढ़ाते हुए कलीम नूरी ने यूं कहा कि 'फ़र्श ज़मीं से अर्श उला तक जलवा मेरे नबी का है-दोनों जहां में चलने वाला सिक्का मेरे नबी का है'। नाते रसूले पाक के बाद सलाम का दौर शुरू करते हुए वाहिद फीरोजाबादी ने अपनी शायरी सुनाते हुए कहा कि उम्रे दवाम इश्क़ मे पायी हुसैन ने, न कुछ इस अदा से जान लुटाई हुसैन ने। जनाब चाहत फीरोजाबादी ने कहा 'मेरा दिल कम नहीं मदीने से-मेरे दिल में हुसैन रहते हैं, बज़्म के सद्र असलम अदीब ने यूं फ़रमाया 'ख़ुदा के बंदे नबी की उम्मत, गुलामे आले रसूल हैं हम, क़मर वारसी साहब ने यूं कहा राहे हक़ में सर को कटाना सब के बस की बात नहीं, जामे शहादत पीना पिलाना सब के बस की बात नहीं। उस्ताद शायर जनाब जीरो साहब ने फ़रमाया 'यजीद वाले यज़ीद के हैं, हुसैन वाले हुसैन के हैं'। बज़्मे फरोगा महफ़िल में जनाब हाफ़िज़ नोमान, जनाब मंजर नवाब ,जनाब हाफ़िज़ आदिल ,जनाब डाक्टर साहब ने भी अपने कलाम से खूब वाह वाही लूटी। कार्यक्रम के आख़िर में संस्था के सद्र अस्लम अदीब ने सब शिरकत करने वालों का शुक्रिया अदा किया।

# छठी महोत्सव पर निकलेगी योगीराज की भव्य शोभायात्रा




**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद छठी महोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर योगीराज भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा 20 अगस्त को दोपहर दो बजे से निकाली जायेगी। इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र छह पहिया वाला रथ होगा। जिसमें लड्डू गोपाल विराजमान होंगे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव (छठी महोत्सव) के अवसर पर नगर में शोभायात्रा बुधवार 20 अगस्त को धूमधाम से निकाली जायेगी। जिसमें भगवान कृष्ण के भक्त एवं धार्मिक नगर की जनता बड़ी संख्या में शामिल होगी। शोभायात्रा का शुभारंभ बिहारी जी मंदिर आवास विकास कालोनी से मुख्य अतिथि स्वदेश महाराज भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतार कर करेंगे। शोभायात्रा आवास विकास कालोनी से प्रारंभ होकर मैनपुरी चौराहा, एटा तिराहा, कटरा बाजार, तहसील तिरहा, पालीवाल चौराहा, नेहा रैस्टोरेंट होते हुए टुइयां वाले मंदिर पर समापन होगी। जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष डा. रजनी यादव ने बताया कि शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण का केंद्र छह पहिया वाला रथ होगा। जिसमें भगवान लड्डू गोपाल विराजमान रहेंगे। इसके साथ ही नासिक से आई 51 कलाकारों की ढोलटीम जो पूरे नगर में शोभायात्रा का उत्साह दोगुना करेगी।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा **ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/05/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के उत्तर रेलवे के ON-BQP सेक्शन पर लेवल क्रॉसिंग गेटों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए VHF आधारित वायरलेस संचार प्रणाली का कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹84,90,264.08/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | ₹1,69,900.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04.09.2025 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

•ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। •समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। •मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। •निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराषि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-टेली/टेंडर/05/2025-26 दिनांकः 14.08.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2513/2025



## कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद

पत्रांक : 527/ओ0एस0/2025-26 दिनांक : 14 अगस्त, 2025

-: अपील:-

**स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद समस्त नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं निम्नलिखित अपील करती है कि :-**

1. स्वच्छ भारत मिशन के अनतर्गत नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
2. नगर के विकास हेतु समय पर ग्रहकर/जलकर जमा करें।
3. गीला कूड़ा एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र करें एवं गीले कूड़े से घर पर ही खाद बनायें।
4. प्रतिबन्धित पॉलीथीन का प्रयोग न करें एवं नगर को पॉलीथीन मुक्त करने में अपना सहयोग प्रदान करें एवं उपयोग/भण्डारण पर रू0 25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र) तक जुर्माने का प्रावधान है।
5. नलों की टोटियाँ खुली न छोड़ें एवं नैतिक दायित्वों का निर्वहन करें।
6. अपने पालतू जानवरों को सड़क पर खुला न छोड़ें।



**(विनोद कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद।**



**(वत्सला अग्रवाल)**
**अध्यक्ष नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद।**



## समस्त क्षेत्र वासियों एवं जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




**डॉ रश्मि वर्मा**
**जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद गोण्डा**



## कार्यालय नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र




**स्वतंत्रता के 79वीं वर्षगांठ के हर घर तिरंगा फहरायें**

**राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

**समस्त नगरवासियों से नगर पंचायत डाला बाजार निम्न अपेक्षायें करती हैं-**

1. यह नगर आपका है, हमें साफ-सुथरा स्वच्छ बनाए रखने में नगर पंचायत को अपना सहयोग प्रदान करें।
2. प्रतिबन्धित पॉलीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
3. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचायें। ये निशाकाल में आपके सहयोगी पथ प्रदर्शक हैं।
4. अपने नगर को प्रदूषण रहित रखें। खुले में शौच न करें। अपने घरों में शौचालय बनवायें। शौचालय को पाईप लाईन सीधे नालियों में न जोड़े। कूड़ा उठाने के बाद सड़कों पर कूड़ा न फेंके।
5. सार्वजनिक भूमि, सड़कों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
6. जल ही जीवन है, व्यर्थ इसे बर्बाद न करें।
7. नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता हेतु किये जा रहे प्रयासों में सहयोग कर नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनायें।
8. अपने पालतू गाय, बैल, भैंस व अन्य जानवरों को सड़क पर खुला न छोड़े।
9. खुले में पेशाब व शौच कदापि न करें।
10. निकाय के सफाई मित्र कर्मियों द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त अपने दुकान/प्रतिष्ठान से निकाला कूड़ा बाहर न फेंके, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु सफाई कर्मियों द्वारा घरों से गीले व सूखे कूड़े को अलग करके देने में अपना सहयोग प्रदान करें

**यह नगर आपका है। इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनायेंगे अपना सहयोग करें।**



**फूलवन्ती कुमार**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत डाला बाजार सोनभद्र**

**नगर पंचायत डाला बाजार सोनभद्र**

पत्रांक : 180/न.पं.डा.बा./2025–26, दिनांक 13.08.2025



## कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, जनपद-अयोध्या

पत्रांक : 287/न0पं0गो0/ई-निविदा/2025-26 दिनॉक : 18.08.2025

### अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या के अन्तर्गत अंत्येष्टि स्थल विकास योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या सीमा से बाहर दिलासीगंज में अंत्येष्टि स्थल पर शवदाह व विश्राम आलय तथा शौचालय व रबड़मोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य कराये जाने हेतु नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं अन्य सरकारी विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से ई-निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की समस्त अभिलेख एवं शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| Defects liability period | : | 1 Year |
| Validity of Tender | : | 90 Days |
| Publishing start date of tender on NIC | : | 18.08.2025 (05:00 PM) |
| Document sale start date | : | 18.08.2025 (05:00 PM) |
| Document sale end date | : | 08.09.2025 (01:00 PM) |
| Bid submission start date | : | 18.08.2025 (05:00 PM) |
| Bid submission end date | : | 08.09.2025 (01:00 PM) |
| Bid Opening Place | : | Office of The Executive officer Nagar Panchayat, Gosainganj, Ayodhya |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

# एमनीव विज़न स्कूल में तिरंगे संग गूँजी देशभक्ति



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** एमनीव विज़न स्कूल में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे झंडों, गुब्बारों और पुष्प मालाओं से सुसज्जित किया गया, जिससे चारों ओर एक विशेष ऊर्जा और उल्लास का वातावरण बना रहा। समारोह के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। उनके साथ मंच पर वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव और प्रधानाचार्य पंकज शर्मा भी उपस्थित रहे। विद्यालय के बैंड ने मुख्य अतिथियों का शानदार स्वागत किया और देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों से माहौल को जीवंत कर दिया। ध्वजारोहण के पश्चात गूंजते राष्ट्रगान ने समस्त विद्यालय परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता-पाठ आदि शामिल थे। छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। विभिन्न वीरों की गाथाओं को दर्शाने वाला मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय की म्यूज़िकल प्रस्तुति में विविध वाद्य यंत्रों और ढोल की थाप पर उपस्थित लोग लोक-नृत्य में झूम उठे। बच्चों की इन प्रस्तुतियों की सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव एवं प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने संयुक्त रूप से अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस न केवल एक पर्व है, बल्कि यह उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को शिक्षा, अनुशासन, तकनीकी ज्ञान और नैतिक मूल्यों के समन्वय से सशक्त बनना चाहिए, ताकि भारत को वैश्विक मंच पर अग्रणी राष्ट्र बनाया जा सके। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय और रचनात्मक भूमिका निभाएँ।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सलिल यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, मुख्य वित्तीय अधिकारी मोहम्मद आरिफ़, प्रोग्राम हेड विनयशील पठानिया सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों ने अत्यंत सुसंगठित और अनुशासित ढंग से किया, जो उनकी तैयारी और आत्मविश्वास को दर्शाता है। समारोह का समापन गूजँते देशभक्ति नारों और भारत माता की जयघोष के साथ हुआ, जिसने सभी के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रबल कर दिया।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 90 महिलाओं ने पंजीकरण कराया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** रविवार को सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रसिद्ध वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.ममता सिंह के द्वारा किया गया। शिविर में लगभग 90 महिलाओं ने अपना पंजीकरण कराया तथा डॉ.ममता सिंह के द्वारा इनका निःशुल्क परीक्षण किया गया तथा मुफ्त दवा दी गई व मुक्त जांच भी की गई। निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन का उद्देश्य हमारे समाज में गरीब महिलाएं को स्त्री रोग एवं गर्भावस्था से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए सहायता मिल सके और उनको उचित इलाज मिल सके तथा इस शिविर में पंजीकरण कराने पर नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन, बच्चेदानी व रसौली के ऑपरेशन पर विशेष छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन समय-समय पर सुशीला हॉस्पिटल के द्वारा कराया जाता रहा है। सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर डी के सिंह के द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन आयोजित किए जाएंगे जिससे कि गरीब जनता को मुफ्त सलाह एवं जांच और दवाइयां मिल सके। इसमें बहुत दूर-दूर से मरीज अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए यहां पर आए और उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया।

# सत्यमेव ही नहीं, शस्त्रमेव भी जरूरी : महंत मधुराम शिवा

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** शिवशक्ति निरंजनी अखाड़ा के महंत मधुराम शिवा जी इन दिनों प्रदेश के कोनेङ्ककोने में हिंदुत्व का संदेश लेकर भ्रमण कर रहे हैं। सुमेरपुर कस्बे में तीन दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने दर्जनों साधुङ्कसंतों और सैकड़ों धर्मनिष्ठ लोगों के साथ नगर में सशस्त्र संत पदयात्रा निकालकर देश और धर्म की रक्षा के लिए तन, मन, धन से समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समय की परिस्थितियों को देखते हुए अब केवल ÷सत्यमेव जयते÷ का उद्घोष पर्याप्त नहीं, बल्कि ÷शस्त्रमेव जयते÷ का संकल्प भी उतना ही आवश्यक है प्रस्तुत है उनसे बातचीत के कुछ अंश प्रश्न- महंत जी, आपके प्रवास और पदयात्रा का मुख्य संदेश क्या है? उत्तर -आज जरूरत है कि हिंदू समाज अपनी जड़ों की ओर लौटे और एकता का परिचय दे। जब हम बिखरे होंगे, तब समाज और संस्कृति पर संकट आएगा। मेरा संदेश है एकजुट होइए, तभी धर्म और राष्ट्र सुरक्षित रहेंगे। प्रश्न - आपने 'सत्यमेव जयते' के साथ 'शस्त्रमेव जयते' का नारा दिया। इसका क्या महत्व है? उत्तर- सत्य ही हमारे धर्म का आधार है, परंतु सत्य की रक्षा के लिए कभीङ्ककभी शस्त्र भी उठाना पड़ता है। यदि धर्म और देश पर संकट आए तो हाथ जोड़ना नहीं, बल्कि शस्त्र उठाना भी धर्म की रक्षा का मार्ग है। प्रश्न - क्या संतों का शस्त्र धारण करना परंपरा के विपरीत नहीं माना जाएगा? उत्तर- नहीं। संत केवल पूजाङ्कपाठ करने वाले नहीं, बल्कि समाज के रक्षक भी हैं। गुरु गोविंद सिंह, छत्रसाल और शिवाजी महाराज ने यही परंपरा दी कि संत और समाज दोनों धर्म की रक्षा में एक साथ खड़े हों। शस्त्र धारण करना हमारी परंपरा का ही हिस्सा है। प्रश्न - हिंदू समाज के लिए आपका सीधा संदेश क्या होगा? उत्तर -हिंदू समाज केवल पूजा तक सीमित न रहे। समय है कि हम तन, मन और धन से धर्मङ्कराष्ट्र की सेवा में समर्पित हों। यदि आने वाली पीढ़ी को गौरवशाली परंपरा सौंपना है तो आज हर हिंदू को सजग और संगठित होना होगा। प्रश्न - युवा पीढ़ी को आप किस दिशा में प्रेरित करना चाहते हैं? उत्तर - आज की युवा शक्ति ही आने वाले भारत की नींव है। अगर युवा अपने धर्म और संस्कृति से जुड़े रहेंगे, तभी राष्ट्र मजबूत होगा। मैं युवाओं से कहता हूँ – पढ़ाई में आगे बढ़ें, लेकिन अपनी जड़ों से जुड़े रहें, अपनी संस्कृति का गौरव कभी न भूलें। प्रश्न - क्या भविष्य में भी ऐसी यात्राएँ और आयोजन जारी रहेंगे? उत्तर - बिल्कुल। यह केवल शुरुआत है। आने वाले समय में पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में साधुङ्कसंतों के साथ हिंदुत्व जागरण यात्राएँ की जाएँगी। हमारा लक्ष्य है हर हिंदू घर तक यह संदेश पहुँचे कि धर्म और राष्ट्र की रक्षा ही सबसे बड़ा कर्तव्य है।



## रोटरी बाल शिक्षा निकेतन में मनाया हर्षोल्लाश के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**सोनभद्र/रेणुकूट।** रोटरी क्लब रेणुकूट द्वारा इनर व्हील के साथ मिलकर 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ रोटरी बाल शिक्षा निकेतन, मुर्धवा में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में रोटरी अध्यक्ष रों. सुनील कांत पाण्डेय एवं इनर व्हील की अध्यक्षा उदिता बनर्जी ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात सभी ने राष्ट्रगान गाया। इसके बाद सरस्वती वंदना के साथ बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता पाठ एवं नृत्य प्रस्तुत कर स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रोटरी क्लब रेणुकूट के अध्यक्ष ने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम की महत्ता बताते हुए उन्हें देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने राष्ट्र की अखंडता, एकता और प्रगति के लिए निरंतर योगदान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि बाल शिक्षा ही देश के उवल भविष्य की आधारशिला है और रोटरी क्लब इसी दिशा में निरंतर कार्यरत है।

# ज्ञानस्थली विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कर्वाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रात्-वंदना के बाद विद्यालय समिति के अध्यक्ष (चेयरमैन) शिवप्रसाद यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी तथा विद्यालय प्रबंधन प्रमुख शिवमंगल ने सम्मिलित रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पहार किया तत्पश्चात ध्वजारोहण किया। अध्यक्ष श्री यादव ने स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा आज हम सभी आजादी का जश्न मनाने के लिए यहां इकट्ठा हुए हैं। हम भारतवासी आजादी के 78 साल पूरे होने की खुशी मना रहे हैं। आज 79 वां स्वतंत्रता दिवस है। इस दिन हम दशकों के साहस, एकता और विकास को याद करते हैं। यह एक विशेष दिन है क्योंकि 1947 में, भारत वर्षों के कठोर संघर्षों और बलिदानों के बाद ब्रिटिश शासन से मुक्त हुआ था। भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई आसान नहीं थी। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, रानी लक्ष्मीबाई, सुभाष चंद्र बोस और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे वीर नेताओं ने अहिंसा और शक्तिशाली आंदोलनों के माध्यम से राष्ट्र का नेतृत्व किया। हजारों पुरुषों और महिलाओं ने आशा और एकता के साथ जेलों, अन्याय और कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। किसी भी देश के सतत् विकास के लिए शिक्षा को प्राथमिकता दी। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं व अन्य अतिथिगणों को मिष्टान्न व फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के मुख्य सदस्य श्री शिवमंगल सर तथा खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान सर तथा वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी सर व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक गण मौजूद थे।

# यश इंटरनेशनल स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** यश इंटरनेशनल स्कूल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 की छात्रा उत्कर्षिनी भदौरिया और कक्षा 9 के छात्र देव बरुआ ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक हर्षवर्धन भदौरिया ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ समारोह की शुरुआत हुई। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा देश की आज़ादी की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है, और युवा पीढ़ी को इसमें अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, बुम्रो बुम्रो(कश्मीरी गीत), ओ देश मेरे और ऐ वतन जैसी भावपूर्ण एवं ऊर्जावान प्रस्तुतियों से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। श्री भदौरिया ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को देश के प्रति निष्ठा, एकता और अनुशासन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों में जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को और गहरा करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी को मिठाई वितरित की गई और 'भारत माता की जय'एवं 'वंदे मातरम्' के नारों से पूरा विद्यालय प्रांगण गूंज उठा।

## डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की सुनी शिकायते,किया निस्तारण



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद के तहसील राठ में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें। जनपद की तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी,अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये।इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित व वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिसोलर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस द्वारा धारा 147, 452, 354, 323, 504 व 506 भारतीय दंड संहिता से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त बउआ उर्फ बृजकिशोर पुत्र पुन्ना प्रजापति को ग्राम भुलसी थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## ग्रासिम इण्डस्ट्रीज ने मनाया 79वाँ स्वतंत्रता-दिवस


**सोनभद्र/रेनुकूट।** ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, रेनुकूट के प्रशासकीय भवन पर 15 अगस्त, 2025 के शुभ अवसर पर 79 वाँ ÷स्वतंत्रता दिवस÷ का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि संस्थान के ईकाई प्रमुख मनीष गर्ग की उपस्थिति में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी राजेश सिंह एवं उनकी सुरक्षा विभाग के जवानों द्वारा आयोजित परेड मार्च के निरीक्षणोपरान्त ध्वजारोहण किया गया, तदोपरान्त सभी के द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। ध्वज को सलामी दी गयी। इसके उपरान्त सुरक्षा विभाग के जवानों द्वारा राष्ट्र मुख्य अतिथि मनीष गर्ग द्वारा अभिवक्त विचारों में बताया गया कि हम सभी को आपस में मिल-जुल कर सुरक्षित ढंग से संस्थान सहित संस्थान के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों का भी विकास के लिये सतत् अग्रसर रहना चाहिए।

## अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड , डाला सीमेंट वर्क्स मेंधूमधाम से मनाया गया79 व स्वतंत्रता दिवस



**सोनभद्र/डाला, अवधनामा संवाददाता।** इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर की अध्यक्षता में 15 अगस्त 2025 को अल्ट्राटेक डाला में इकाई प्रमुख के द्वारा ध्वजारोहण कर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पूरे कॉलोनी रह वासियों की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम में आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों एवं आदित्यबिरला इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा समां बांधा जिसमें उन्होंने शहीदों को याद करते हुए नाटक के माध्यम से भी कार्यक्रम किया। इकाई प्रमुख ने अपने संबोधन में बताया कि अल्ट्राटेक डाला में वर्तमान मेंआदित्य बिरला पब्लिक स्कूल का एक्सटेंशन किया गया है जिससे आने वाले समय मेंउच्च शिक्षा का लाभ डाला एवं आसपास के लोग ले पाएंगे ,वही ष्टस्क्र कार्यक्रमों के तहत समाज के हित में विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे हैं जिसमेंस्किल ट्रेनिंग के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण एवं पानी संरक्षण हेतु डाला में चेक डैम का निर्माण भी कराया गया है और उन्होंने यह भी बताया कि हमारा यह प्रयास लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रशम जैन , दीपक जोशी ,संजीव राजपूत , बन्ने सिंह राठौड़ , कैप्टन रोहित ,लखन त्रिवेदी , प्रिया हिवरेकर संग विंध्य लेडीज क्लब के अधिकारी गण एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# एनटीपीसी सिंगरौली ने पत्रकार वार्ता में उत्कृष्ट प्रदर्शन और सामाजिक प्रतिबद्धता को किया साझा




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** स्टेज-3 विस्तार परियोजना में तेजी से कार्य चल रहा है। अति आधुनिक अल्टा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलाजी के उपयोग के साथ तृतीय चरण के यूनिट-8 का कार्य 05 मई 2028 तक तथा यूनिट-9 का कार्य 05 सितम्बर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। यह बातें सोमवार को एनटीपीसी सिंगरौली के प्रशासनिक भवन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख संदीप नायक ने कही। उन्होंने बताया कि जुलाई 2025 में यूनिट 8 का बॉयलर कॉलम सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है, जो एक प्रमुख उपलब्धि रही। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत संयंत्र ने समुदायों के साथ सक्रिय भागीदारी बनाए रखी है। संजीवनी अस्पताल द्वारा एम्बुलेंस, मोबाइल मेडिकल यूनिट, और नेत्र एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविरों की सुविधा प्रदान की जा रही है। बालिकाओं के सशक्तिकरण, कौशल विकास प्रशिक्षण (सिलाई, कंप्यूटर, मोबाइल रिपेयरिंग आदि) एवं शैक्षिक सहयोग कार्यक्रम स्थानीय संगठनों जैसे वनिता समाज के साथ मिलकर संचालित किए जा रहे हैं। पत्रकार वार्ता में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी शामिल था, जिसमें एनटीपीसी के अधिकारियों ने संचालन, पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं और तकनीकी प्रगति से जुड़े सवालों के उत्तर दिए। परियोजना की दिशा और समर्पण को रेखांकित करते हुए परियोजना प्रमुख नायक ने कहा एनटीपीसी सिंगरौली निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है और भविष्य की तैयारी में जुटा है। स्टेज-3 परियोजना के तेजी से निर्माण के साथ, हम राष्ट्रीय ऊर्जा लक्ष्यों को साकार करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। प्रणाली की कार्यकुशलता और स्थायित्व पर बल देते हुए जोसफ बास्टियन मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने कहा कि हमारे इंजीनियरिंग दलों ने संचालन और निर्माण दोनों में उत्कृष्टता दिखाई है। सुरक्षा, विश्वसनीयता और नवाचार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। इसी कड़ी में लोगों और समुदायों के प्रति संगठन की जिम्मेदारी को दोहराते हुए मानव संसाधन प्रमुख सिद्धार्थ मण्डल ने टिप्पणी की।



## 15 अगस्त पर काज़ी पेट्रोल पम्प पर ध्वजारोहण

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शहर के बीच स्थित काज़ी पेट्रोल पम्प को तिरंगे रंग के गुब्बारों व रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया जो शहर के लोगों का आकर्षण का केन्द्र रहा। पेट्रोल पंप के संचालक साजिद हुसैन वारसी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की मुबारकबाद देते हुए कहा कि वह हर साल 15 अगस्त के मुबारक मौके पर पम्प को सजाते है और पम्प के सभी कर्मचारियों के साथ आज़ादी का जश्न मानते है। इस साल सदर तहसील के तहसीलदार ने सुबह ध्वजारोहण किया उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर इंतज़ारूल हसन के अलावा इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन डॉ.एन के शर्मा, मनीष सहाय, हाजी मुईन उद्दीन मंसूरी, माजिद हुसैन, मशहूद हुसैन, हैदर हुसैन, मसूद तैमूरी, मो.इरशाद, रिजबान कुरैशी व पेट्रोल पंप के कर्मचारी आदि लोग शामिल हुए। सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

# रेनूसागर बेस्ट प्लेस टू लिव एंड वर्क की ओर अग्रसर

अवधनामा संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र।** स्थित हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर के परिसर में स्थित सुमंगलम भवन के प्रांगण में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, श्रद्धा और देशभक्ति की भावना के साथ भव्य रूप से मनाया गया। पूरे परिसर को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से सजाया गया था और वातावरण देशभक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह राष्ट्रगान एवं तिरंगा फहराने के साथ हुई, जिसमें यूनिट हेड आर.पी. सिंह ने ध्वजारोहण कर कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, देश के विकास में उद्योगों की भूमिका को रेखांकित किया।यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि रेनूसागर बेस्ट प्लेस टू लाइव और वर्क की ओर अग्रसर है। संस्थान को मिले पुरस्कारों का जिक्र करते हुए यूनिट हेड ने कहा कि बड़े गौरव की बात है कि रेनूसागर ट्रेनिंग सेंटर को बेस्ट लर्निंग संस्थान के पुरस्कार से नवाजा गया है। यूनिट हेड ने इस अवसर पर जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए लोगों को जल संरक्षण पर जोर देने के लिए कहा ताकि आने वाला भविष्य सुरक्षित रहे।उन्होंने दिशिता महिला मंडल रेनुसागर एवं सीएसआर द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा प्रकाशित पत्रिका दिशा का विमोचन भी यूनिट हेड आर पी सिंह एवं दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने किया तथा महिला मंडल के कार्यों की सराहना की और आगे भी समाज सेवा में उनको योगदान देने के लिए प्रेरित किया।





स्कूलों के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम तथा उपलब्धियों के लिए तीनों स्कूलों के प्रधानाचार्य को धन्यवाद देते हुए उनकी प्रशंसा की। यूनिट हेड ने समाज कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया तथा रेनूसागर में हो रहे नए निर्माण के बारे में भी बताया। इसके पूर्व एवीआइसी, एवीपीएस एवं रेनुपावर प्राथमिक पाठशाला के छात्रों द्वारा कालोनी परिसर में प्रभात फेरी निकाली गई।प्रभात फेरी में बच्चों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।वही छात्रों द्वारा शानदार देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनमोहा। मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह जी ने भी आए हुए गणमान्य नागरिकों पत्रकारों एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी विभागों को धन्यवाद दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेड मेंटेनेंस जगदीश पात्रा,ऑपरेशन हेड मनीष जैन, एच आर हेड आशीष कुमार पांडे, मन्नू अरोड़ा,संजय श्रीमाली, संदीप यावले, आशुतोष सिंह, सुधाकर अन्नामलाई, मनीष सिंह, अरविंद सिंह, विभु पात्रा ,सुबोध दवे ,ललित खुराना, निखिल जैन, निशा महापात्रा ,सतनाम सिंह,आदि वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे। मान्यता प्राप्त श्रम संगठनों के पदाधिकारी शैलेंद्र यादव, निर्दोष सिंह, रामकुमार झा अपने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ मौजूद रहे।

# लॉयन्स क्लब रेणुकूट द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**सोनभद्र/रेणुकूट, अवधनामा संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर लायंस स्कूल प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब प्रेसिडेंट एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ क्लब सचिव बृजेश जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष नवीन जोशी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेसिडेंट लॉयन रॉबिन श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात लायंस स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती दुर्गावती एवं उनके सभी सहयोगी टीचरों द्वारा तैयार किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ लायन सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि तथा क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया। बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए क्लब की वरिष्ठ सदस्य एवं वाइस प्रेसिडेंट प्रदिप्ता मिश्रा ने बच्चों के लिए ?2,500, वरिष्ठ लायन गोपाल सिंह ने 1,100 एवं प्रेसिडेंट द्वारा भी ?1000 का पारितोषिक बच्चों को दिया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी 27 बच्चों को लॉयन विनोद अग्रवाल द्वारा उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर डॉक्टर राकेश रंजन, लॉयन मुकुल श्रीवास्तव, संजय सक्सेना, रवि शंकर तिवारी मुख्य रूप से क्लब की प्रथम महिला चारू श्रीवास्तव एवं शशि भी उपस्थित रहे।

## सेविन हिल्स इंटर कॉलेज में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** पक्का बाग स्थित सेविन हिल्स इंटर कॉलेज में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों ने कृष्ण और राधा के रूप में सजकर सभी के मन को मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय में सुंदर सजावट करके श्रीकृष्ण और उनकी लीलाओं से जुड़ी मनोरम झांकी भी सजाई गई। विद्यालय के पी.जी.कक्षा के उत्सुख एवं उर्जित कृष्ण एवं ध्रुविका राधा बनी, इसके अलावा अन्य कक्षाओं के बच्चों में आरव, पीहू, कुशाग्र ने कृष्ण और श्रद्धा ने राधा का रूप धारण कर उत्सव के आनंद को बढ़ाया। देवांशी ने राधा बनकर बहुत ही सुंदर नृत्य भी किया और प्रथम पुरस्कार भी प्राप्त किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने कहा कि त्यौहार हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परम्पराओं से हमें जोड़ते हैं। इनमें भी भगवान श्रीकृष्ण ने कर्मयोग का अद्भुत सिद्धांत दिखाकर हमें यह उपदेश दिया है कि धर्मयुद्ध से कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। इसके अलावा उनकी सभी बाल लीलाओं में जीवन को संवारने वाले अनुपम संदेश छुपे हुए हैं, जिन्हें गहराई से जानने और समझने की जरूरत है। विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे एडवोकेट एवं ट्रस्टी सुनील कुमार राजपूत ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

# डालमिया भारत फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश में 19 सूक्ष्म उद्यमों की शुरुआत के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के अपने सतत प्रयास के तहत डालमिया भारत लिमिटेड की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) इकाई डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने अपने स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंग के तौर पर उत्तर प्रदेश के जवाहरपुर और रामगढ़ में 19 नए सूक्ष्म उद्यमों का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। रामगढ़ में शुरू किए गए नए उद्यमों में शामिल हैं ये महसुई, बरगदिया, बंकरमपुर, मढ़िया और सराय के लाभार्थियों को दिए गए ई-रिक्शा, नरवीरपुर में एक ठेले पर कॉस्मेटिक्स की दुकान, बरताल में एक ठेले पर फास्ट-फूड की दुकान, स?वा में पहला चौराहा पर एक कॉस्मेटिक्स की दुकान, मजलिशपुर में पहला चौराहा पर एक इलेक्ट्रिक मरम्मत की दुकान, त्रिवेदी नगर में एक ऑटोमोबाइल मरम्मत की दुकान, महुअकोल में एक नाई की दुकान और शंकरपुर, सरैंय्या, ख्योकर और भट्ठापुरवा में चार किराना स्टोर। इस समारोह में प्लांट हेड आगा आसिफ बेग, केन हेड उमाकांत पाठक, एचआर हेड दिनेश यादव, डीबीएफ की टीम और रामगढ़ चीनी मिल्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जवाहरपुर में शुरू किए गए नए उद्यमों में गाजीपुर, जवाहरपुर और जिहुरी गाँव के लाभार्थियों के लिए तीन ई-रिक्शा और फारिहा में एक साइकिल मरम्मत की दुकान शामिल हैं। इस कार्यक्रम में प्लांट हेड तेज नारायण सिंह, केन हेड आशीष बंसल, एचआर के उप-प्रबंधक विवेक कुमार, डीबीएफ की टीम और जवाहरपुर चीनी मिल्स के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थित रही। प्रत्येक उद्यम को लाभार्थी के योगदान और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और बैंकों के माध्यम से ऋण सहायता के साथ ही डीबीएफ की ओर से वित्तीय सहायता दी गई है।

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Regards:
Maalik transport Company
R.K. Transport & Construction LTD

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
समाजवादी पार्टी
आस्था सिंह पटेल
सपा नेता समाजसेवी
चायल विधानसभा, कौशाम्बी

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें
अमर शहीद वीरांगना रानी अबन्तीबाई लोधी जी की जयन्ती पर कोटि-कोटि नमन...
गन्धर्व सिंह लोधी 'बाबू जी'
(सेवा निवृत्त प्रशासनिक अधिकारी)
पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र
विजय प्रताप सिंह
युवा प्रधान-कुआंतला
सौरभ सिंह लोधी
पूर्व प्रधान सतवांसा

समस्त क्षेत्र व जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
आर.एन.पांडे. हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड
डॉ राजेश पाण्डे
एम.बी.बी.एस,एम.एस
डायरेक्टर (जरनल सर्जन)

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विश्वजीत सिंह
प्रोजेक्ट मैनेजर
पी.सी. पटेल निगाही सोनभद्र

समस्त क्षेत्र व जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
लाल जी दूबे
जिला पंचायत राज अधिकारी गोण्डा

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विश्राम बैसवार
अध्यक्ष
नगर पंचायत अनपरा
विश्राम बैसवार, अध्यक्ष, नगर पंचायत अनपरा

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश सिंह
जिला अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी (परिवहन प्रकोष्ट) सिंगरौली
PTC Group

समस्त क्षेत्र वासियों एवं जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश वर्मा
प्रधान
ग्राम सभा पूरेखेमकरन विकास, खण्ड झंझरी जनपद गोण्डा

कार्यालय नगर पंचायत ओबरा
समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
नगरवासियों से निम्न अपेक्षायें करती है-
1. प्रतिबन्धित प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें और न किसी को करने दें।
2. कूड़े को नालियों और रास्तों में न फेंके और न ही जलायें।
3. नगरवासी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग करें।
4. डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु निकाय द्वारा संचालित वाहन में ही अपने घरों का कूड़ा दें।
5. अपने पालतु जानवरो (गाय व अन्य) को सड़क पर खुला ना छोड़े।
6. सार्वजनिक भूमि, सड़कों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
7. जल ही जीवन है। व्यर्थ में इसे बर्बाद न करें।
8. स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में सिटिजन फीडबैक में अपना सक्रिय योगदान दें।
9. समय से जन्म मृत्यु पंजीकरण करावें।
10. नियमित सफाई होने के पश्चात सड़क पर कूड़ा न फेंके।
यह नगर आपका है। इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग करें।
चाँदनी देवी
अध्यक्ष
नगर पंचायत ओबरा
सोनभद्र
समस्त सम्मानित सभासदगण

कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र, जनपद-सोनभद्र
मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ.प्र. सरकार
भूपेश चौबे
सदर विधायक राबर्ट्सगंज सोनभद्र
15 अगस्त, 2025 'स्वतन्त्रता दिवस' के शुभ अवसर पर आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र की तरफसे समस्त नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है एवं सुख समृद्धि की कामना करते हुए नगरवासियों से नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने हेतु निम्न अपेक्षा करती है:-
1. नगरवासी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग करें।
2. प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें और न ही किसी को करने दें।
3. सफाई मित्र कर्मियों द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त अपने मकान/दुकान/प्रतिष्ठान से निकला कूड़ा बाहर न फेकें।
4. घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करके डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन में ही दें।
5. खुले में पेशाब व शौच कदापि न करें।
6. सार्वजनिक भूमि, सड़कों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
7. अपने पालतू जानवरों (गाय व अन्य) को सड़क पर खुला न छोड़े।
8. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचाये।
9. जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर निःशुल्क करायें।
10. नगरवासी अपना गृहकर/जलमूल्य बकाया का भुगतान करके नगर के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।
11. सीवर सेप्टिंग टैंक की सफाई हेतु हेल्प लाइन नम्बर-14420 (टोल फ्री) पर कॉल करे।
12. नगर पालिका परिषद सोनभद्र से सम्बन्धित शिकायतों हेतु हेल्प लाइन नम्बर-1533 (टोल फ्री) पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करायें।
यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ा मुक्त , सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।
पत्रांक- मेमो/2025 दिनांक-अगस्त, 2025
रूबी प्रसाद
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सोनभद्र

समस्त क्षेत्र व जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अतुल तिवारी
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद गोण्डा

समस्त क्षेत्र एवं जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशाराम तिवारी
प्रधान
ग्राम भिवपुर विकास खण्ड पण्डरी कृपाल जनपद गोण्डा

समस्त क्षेत्र एवं जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल यादव उर्फ जुगुल
प्रधान
ग्राम सभा पिपरा पदुम विकास खण्ड झंझरी जनपद गोण्डा